

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

हर खबर की खबर



नई दिल्ली, पटना, एवं जबलपुर (म. प्र.) से एक साथ प्रकाशित

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran


12 सीएम स्टालिन के आवास से लेकर...

जडेजा ने धोनी को पीछे... 11

वर्ष : 16 ■ अंक : 150 ■ नई दिल्ली, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025 ■ विक्रम संवत् 2082 ■ पेज : 12 ■ मूल्य ₹ : 03.00 www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 27.0°C

न्यूनतम तापमान 24.0°C

राजधानी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में आज भी बारिश के आसार

| | |
|---|---|
| हां | 45% |
| नहीं | 45% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 1,20,245 |
| चांदी | 1,53,000 |
| सेंसेक्स | 81,207 |
| निफ्टी | 24,894 |

# अमित शाह ने हरियाणा में किया साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन

## बोले- एनसीआर की डेयरी से जरूरतें होंगी पूरी, किसानों की आय बढ़ेगी

प्रात : किरण, एजेंसी

कुरुक्षेत्र/रोहतक। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को हरियाणा दौरे पर रोहतक में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी (एमडीयू) के खेल मैदान में बने साबर डेयरी प्लांट का उद्घाटन किया। करीब 350 करोड़ रुपये की लागत से बने इस संयंत्र को देश का सबसे बड़ा दही, छाछ, योगर्ट और मिठाई उत्पादन केंद्र बताया गया है। इस मौके पर उनके साथ हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी और सहकारिता मंत्री अरविंद शर्मा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने यहां कहा कि इस प्लांट के संचालन से न केवल पूरे एनसीआर की डेयरी जरूरतें पूरी होंगी, बल्कि हरियाणा के किसानों और पशुपालकों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में देशभर में 75 हजार नई डेयरी समितियां बनाई जाएंगी और 2030 से पहले सहकारिता समितियों का नेटवर्क पूरे देश में खड़ा कर दिया जाएगा। अमित शाह ने हरियाणा की भूमि और परंपराओं का जिक्र करते हुए कहा, कि यह वही धरती है जहां श्रीकृष्ण ने गीता का उपदेश दिया। हरियाणा छोटा जरूर है, लेकिन सेना, खेल और कृषि क्षेत्र में देश को सबसे ज्यादा योगदान देने वाला प्रदेश है। उन्होंने कहा कि गुजरात में सहकारिता आंदोलन के तहत 35 लाख महिलाएं डेयरी क्षेत्र में सक्रिय होकर 85 हजार करोड़ का व्यापार कर रही हैं, और अब हरियाणा में भी वैसा ही परिवर्तन देखने को मिलेगा।



केंद्रीय गृहमंत्री शाह ने राज्य सरकार को सुझाव दिया कि भ्रूण स्थानांतरण व लिंग निर्धारण तकनीक पशुपालकों तक पहुंचाई जाए और साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए। इस दौरान अमित शाह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सहकारिता मंत्रालय बनाने के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि इससे देशभर में सहकारिता आंदोलन को नई ताकत मिली है।

### छात्र संगठनों का विरोध

शाह के कार्यक्रम से पहले एमडीयू परिसर में छात्र संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। छात्रों का आरोप है कि आयोजन स्थल की तैयारी में ग्राउंड को नुकसान पहुंचाया गया। हालात बिगड़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने छात्र नेता प्रदीप देशवाल को नजरबंद कर लिया।

# सीएम रेखा गुप्ता ने दिल्ली के सिविल लाइंस में फुटबॉल अकादमी के नए ग्राउंड का किया उद्घाटन

- जब सरकार और एसोसिएशन मिलकर काम करते हैं, तो निश्चित रूप से प्रगति होती है
- दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रोत्साहन राशि निर्धारित की है



प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में सुदेवा फुटबॉल अकादमी में नए ग्राउंड का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक सूर्य प्रकाश खत्री भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने उद्घाटन समारोह में कहा, 'खेल के क्षेत्र में भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में लगातार आगे बढ़ रहा है। सरकार और जनता जब मिलकर प्रयास करती है तो उसका 100 प्रतिशत परिणाम निकलता है। आज हमने फुटबॉल ग्राउंड का उद्घाटन किया है। ये सार्वजनिक भागीदारी के साथ बनाया गया है। देशभर के खिलाड़ी यहां आए हुए हैं।'

उन्होंने आगे कहा, 'जब सरकार और एसोसिएशन मिलकर काम करते हैं, तो निश्चित रूप से प्रगति होती है। हमारे खिलाड़ी विश्व स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा सकते हैं।' सीएम रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली सरकार ने खिलाड़ियों के लिए अन्य राज्यों की तुलना में बेहतर प्रोत्साहन राशि निर्धारित की है। दिल्ली से आने वाले खिलाड़ी, अगर शीर्ष ओलंपियन बनते हैं, तो उन्हें 7 करोड़ रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि हमारे खिलाड़ी मेडल जीतकर लाएं, दिल्ली सरकार उन्हें सम्मानित करेगी।

अपने एक पोस्ट में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा, 'दिल्ली में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने के लिए हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। हमारा संकल्प है कि हर खिलाड़ी को अवसर मिले, अपनी प्रतिभा निखार सके और दिल्ली का नाम राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा करे।' मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कश्मीर से दिल्ली में आकर बसे परिवारों को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, 'कश्मीर से आए हुए परिवार, जो अपना घर-गांव छोड़कर दिल्ली में बरसों से रह रहे हैं और अनेकों समस्याओं का सामना कर रहे हैं, हमारी सरकार ने तय किया है कि उन सभी परिवारों को न्याय मिले और बिना संकोच हम उनका सहयोग करेंगे।'

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्णिया में वंदे भारत एक्सप्रेस से कटकर तीन लोगों की मौत

पूर्णिया। जिले में शुक्रवार को बड़ा दर्दनाक होदसा हो गया। यहां सुबह-सुबह वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 3 लोगों की मौत हो गई। वहीं, दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। उन्हें पूर्णिया के सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा कटिहार-जोगबनी रेलखंड पर कसबा जबनपुर के पास हुआ। बताया जा रहा है कि जोगबनी (अररिया) से दानापुर (पटना) जा रही वंदे भारत ट्रेन से कटकर मरने वाले सभी लोग दशहरा मेला देखकर लौट रहे थे। बता दें कि जोगबनी-दानापुर वंदे भारत एक्सप्रेस से कटकर मौतों की यह दूसरी घटना है। इससे पहले सहरसा में हटियागाछी रेलवे ढाला के पास 30 सितंबर को इसी ट्रेन से कटकर एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और आरपीएफ की टीम भी घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा जा रहा है। बता दें कि जोगबनी से दानापुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस शुरू की गई थी। यह सीमांचल को राजधानी पटना से जोड़ने वाली पहली वंदे भारत है। जोगबनी से वंदे भारत तड़के 3.25 बजे वाना होती है। फिर सुबह 4.50 बजे पूर्णिया पहुंचकर सहरसा, खगड़िया, समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर होकर सुबह 11.30 बजे पटना के दानापुर पहुंचती है।

### पीएम मोदी ने खंडवा हादसे में मृतको के परिजनों को 2-2 लाख की मदद का किया ऐलान

नई दिल्ली। बीते रोज दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान मप्र के खंडवा हुए हादसे पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख व्यक्त किया है। उन्होंने संवेदनाएं व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हजार की आर्थिक मदद का ऐलान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि मध्य प्रदेश के खंडवा में हुई दुर्घटना में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। बता दें कि इस घटना में मरने वालों में ज्यादातर बच्चे और किशोर शामिल थे, जिनमें आरती (18), दिनेश (13), उर्मिला (16), शर्मिला (15), गणेश (20), किरण (16), पाटलीबाई (25), रेवसिंह (13), आयुष (9), और संगीता (16) शामिल हैं। घायलों में से तीन की हालत गंभीर बताई जा रही है और उनका खंडवा जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। यह घटना 2 अक्टूबर को खंडवा जिले के जामली गांव में हुई, जब 30 से ज्यादा ग्रामीणों को ले जा रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए जाते समय एक गहरे तालाब में गिर गई थी।

# मुलायम सिंह के निधन के बाद मुझे राजनीति छोड़ देनी थी: आजम खान

- जेल से बाहर आए आजम खान ने अपने भविष्य को लेकर दिया बयान

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। करीब दो साल बाद जेल से रिहा हुए आजम खान ने अपने भविष्य को लेकर कहा कि मुझे तो मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद ही राजनीति छोड़ देनी चाहिए थी, लेकिन मैं खुदगर्ज हो गया था। आजम खान ने कहा कि रामपुर के हालात बीते 10 सालों में काफी बिगड़ गए हैं। यहां के लोगों के हकों के लिए हमने राजनीति में बने रहने का विकल्प चुना, लेकिन कायदे में तो मुलायम सिंह यादव के जाने के बाद हमें राजनीति छोड़नी चाहिए थी।

आजम ने कहा कि वजह थी कि लोगों का दर्द आंखों में था और कुछ काम अधूरे थे। इन कामों को पूरा करने की खुदगर्जी ने हमें बहुत जलील कराया। उन्होंने कहा कि हमें राजनीति छोड़नी चाहिए थी, लेकिन अब तो ऐसी स्थिति है कि ओखली में सिर दे दिया है। अब मूसल से क्या डरना। आजम खान ने कहा कि मैं तो नवाबों से लड़कर यहां आया हूं। रानी विक्टोरिया के बराबर में कुर्सी नवाब की रहती थी, उनकी ही गद्दारी के चलते 1947 तक देश आजाद नहीं हो सका। 1857 में जब आजादी के योद्धा मेरठ से निकले तो जीतते हुए मेरठ तक आ गए थे, लेकिन रामपुर के नवाबों की सेना ने उन्हें रोक दिया।

सपा के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान ने पार्टी छोड़कर बसपा में जाने के कयासों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ये तो बचपने की बातें हैं। मैं तो पहले भी सपा से निकला नहीं था बल्कि मुझे निकाला गया था। मुलायम सिंह यादव ने मुझे मजबूरी में पार्टी से निकाला था और फिर मोहब्बत में वापस ले लिया था। उनका और मेरा तो रिश्ता ही अलग था।

### सांसद आदित्य साहू बने भाजपा झारखंड के नए कार्यकारी अध्यक्ष

रांची। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने राज्यसभा सांसद आदित्य साहू को झारखंड प्रदेश भाजपा का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी जाएगी। श्री साहू की यह नियुक्ति कार्यकारी अध्यक्ष की भूमिका निभा रहे रवीन्द्र कुमार राय के स्थान पर की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने इस नियुक्ति की आधिकारिक जानकारी दी। श्री साहू पहले भी भाजपा संगठन में सक्रिय भूमिका निभा चुके हैं और उन्हें संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# राजस्थान में मुफ्त दवा के नाम पर मौत बांट रही है सरकार : कांग्रेस

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार दवा कंपनियों के साथ साथ सांठ गांठ कर काले धंधे का खेल कर आम लोगों तथा मासूमों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रही है। कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने शुक्रवार को सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में एक अखबार में छपी खबर का हवाला देते हुए कहा कि सरकार ऐसी दवाओं का वितरण कर रही है जिनके सैंपल एक बार नहीं, 40 बार फेल हुये हैं लेकिन सरकार के साथ मिलीभगत से इन दवाओं का वितरण किया जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने एक खबर भी पोस्ट की है जिसमें लिखा है 'जिस कंपनी के 40 सैंपल फेल हुये, राजस्थान सरकार ले रही उससे दवा, नतीजा दो बच्चों की मौत।' उन्होंने कहा कि जिस कंपनी की दवा के सैंपल फेल हो रहे हैं लेकिन उसी दवा कंपनी को राजस्थान की भाजपा सरकार ने प्रदेश भर में दवा आपूर्ति का ठेका दे रखा था। इस दवा कंपनी के सिरप पीने से सीकर में दो बच्चों की मौत हो गयी है और इसके तीन दर्जन से ज्यादा बार सैंपल फेल हुये हैं। यह कंपनी पहले से ही ब्लैकलिस्टेड है। कांग्रेस नेता ने कहा कि कमीशनखोरी के चक्कर में राजस्थान के लोगों और मासूमों की ज़िंदगी से खिलवाड़ करने वाली भाजपा सरकार, दवा के नाम पर मुफ्त 'मौत का सामान' बांट रही है।



### देश में सामाजिक सुरक्षा हो रहा मजबूत : मांडविया

नई दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि देश में व्यापक नीति, प्रक्रिया और डिजिटल सुधारों के माध्यम से सामाजिक सुरक्षा को मजबूत बनाया जा रहा है। भारत को 'सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि' के लिए अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। डॉ. मांडविया ने मलेशिया के कुआलालंपुर में आईएसएसए विश्व सामाजिक सुरक्षा मंच पर पुरस्कार प्राप्त करने के बाद शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अंत्योदय के दृष्टिकोण से प्रेरित होकर, भारत समावेशी और सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक सुरक्षा कवरेज 2015 में 19 प्रतिशत से बढ़कर 2025 में 64.3 प्रतिशत होने और 940 मिलियन से अधिक नागरिकों तक पहुंच के लिए अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा मान्यता दिए जाने पर भारत को 'सामाजिक सुरक्षा में उत्कृष्ट उपलब्धि' के लिए अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा संघ (आईएसएसए) पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया है। सामाजिक सुरक्षा कवरेज में वृद्धि के बाद, भारत ने आईएसएसए महासभा में 30 सीटों के साथ सर्वोच्च वोट शेयर हासिल किया है।

# चार देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को प्रस्तुत किए अपने परिचय पत्र

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह में चार देशों के राजदूतों से परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले देशों में मॉरिटानिया, लक्जमबर्ग, कनाडा और स्लोवेनिया शामिल हैं। मॉरिटानिया के राजदूत अहमदौ सिदी मोहम्मद, लक्जमबर्ग के ग्रैंड डची के राजदूत क्रिश्चियन बीवर, कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर और स्लोवेनिया के राजदूत टोमाज मेनसिन ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को परिचय पत्र प्रस्तुत किए। इसकी जानकारी राष्ट्रपति कार्यालय ने दी। राष्ट्रपति कार्यालय ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति भवन में इस्लामिक गणराज्य मॉरिटानिया के राजदूत अहमदौ सिदी मोहम्मद, लक्जमबर्ग के ग्रैंड डची के राजदूत क्रिश्चियन बीवर, कनाडा के उच्चायुक्त क्रिस्टोफर कूटर और स्लोवेनिया गणराज्य के राजदूत टोमाज मेनसिन से परिचय पत्र प्राप्त किए।



# वांगचुक की एनएसए के तहत गिरफ्तारी को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंगमो ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनके पति राजस्थान के उदयपुर जेल में बंद है और उन पर लेह में हिंसा भड़काने के आरोप है और उन्हें 26 सितंबर को एनएसए के तहत हिरासत में लिया गया था। इस गिरफ्तारी के खिलाफ अंगमो ने शीर्ष कोर्ट में याचिका दाखिल की है। सोनम वांगचुक की पत्नी गीतांजलि ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी अपने पति की रिहाई के लिए हस्तक्षेप की मांग रखी है। राष्ट्रपति को संबोधित पत्र में वांगचुक की पत्नी ने आरोप लगाया कि पिछले 4 वर्ष से लोगों के हितों के लिए काम करने के कारण उनके पति को बदनाम किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि वह नहीं जानतीं कि उनके पति किस स्थिति में हैं। गीतांजलि ने कहा, हम वांगचुक की बिना शर्त रिहाई का आग्रह करते हैं। वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो अपने देश की तो बात छोड़िए, किसी के लिए भी खतरा नहीं बन सकते। उन्होंने लद्दाख की धरती के वीर सपूतों की सेवा में अपना जीवन समर्पित कर दिया है।

हमारे महान राष्ट्र की रक्षा में भारतीय सेना के साथ एकजुटता से खड़े हैं। लेह एपेक्स बॉडी (एलएबी) की ओर से पिछले बुधवार को बंद बुलाया गया था। इस दौरान लेह में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और 90 घायल हो गए।

लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लंबे से समय से प्रदर्शन हो रहे हैं। लद्दाख बौद्ध संघ (एलबीए) और अखिल लद्दाख गोंपा संघ (एएलजीए) ने संयुक्त बयान जारी किया है।

# मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना: सीएम नीतीश ने 25 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार की दूसरी किश्त ट्रांसफर की

प्रात : किरण, एजेंसी

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को महिला रोजगार योजना के तहत 25 लाख महिलाओं के बैंक खातों में 2500 करोड़ रुपये की राशि का हस्तांतरण किया। इस योजना की पहली किश्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 26 सितंबर को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उपस्थिति में हस्तांतरित की थी।




मुख्यमंत्री श्री कुमार ने आज सुबह एक अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम के दौरान 2500 करोड़ रुपए की राशि लाभार्थी महिलाओं के खाते में हस्तांतरित की। कार्यक्रम में दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी एवं विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय चौधरी और ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार मौजूद थे। यह दूसरा अवसर है जब नीतीश सरकार ने मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना की राशि को लाभार्थियों के खाते में हस्तांतरित की है। इससे पूर्व 26 सितंबर को 75 लाख महिलाओं के बैंक खाते में कुल 7500 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गये थे।

# 15 जेट मार गिरने के पाक दावों पर वायुसेना प्रमुख का तंज, उनका बयान मनोहर कहानियां जैसा

प्रात : किरण, एजेंसी



नई दिल्ली। ऑपरेशन सिंदूर में वायुसेना के विमानों को मार गिराने के पाकिस्तानी दावे पर भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने कहा, ...उनका (पाकिस्तान का) बयान मनोहर कहानियां है। उन्हें खुश होने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए अपने लोगों से कुछ कहना ही होगा। लेकिन इससे कोई फर्क नहीं पड़ता।...अगर उन्हें लगता है कि उन्होंने हमारे 15 जेट मार गिराए हैं, तब उन्हें इस बारे में सोचने दीजिए। मुझे उम्मीद है कि उन्हें इस बात का यकीन हो गया होगा, और जब वे दोबारा लड़ने आएंगे, तब मेरे बेड़े में 15 कम विमान होने है। तब मैं इसके बारे में बात क्यों करूँ? आज भी, मैं इस बारे में कुछ नहीं कहूँगा कि क्या हुआ, कितना नुकसान हुआ, कैसे हुआ, क्योंकि उन्हें पता चलने दीजिए... क्या आपने एक भी तस्वीर देखी है जहाँ हमारे किसी एयरबेस पर कुछ गिरा हो, हमें कोई टक्कर लगी हो, कोई हैंगर नष्ट हुआ हो, या ऐसा कुछ? हमने उन्हें उनकी जगहों की इतनी सारी तस्वीरें दिखाईं। लेकिन, वे हमें एक भी तस्वीर नहीं दिखा सके। तब उनकी कहानी मनोहर कहानियाँ है। उन्हें खुश रहने दीजिए, आखिरकार, उन्हें भी अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए अपने दर्शकों को कुछ दिखाना ही है। मुझे इससे कोई फर्क. नहीं पड़ता। पाकिस्तान के अंदर खैबर पख्तूनख्वा में आतंकवादी समूहों द्वारा मुख्यालय स्थापित करने की खबरों पर, भारतीय वायु सेना प्रमुख सिंह कहते हैं, जाहिर है, इसकी उम्मीद थी... इसलिए, हमें भी ऐसी खबरें मिल रही हैं। उनके ठिकाने बदल रहे हैं और अब वे शायद बड़े ढाँचों की बजाय छोटे ढाँचे बनाएंगे।

**परिणाम** यह पाकिस्तान के दमनकारी दृष्टिकोण और इन क्षेत्रों के संसाधनों की संगठित लूट का स्वाभाविक परिणाम है

# पाक के दमनकारी रवैये का परिणाम हैं पीओके में प्रदर्शन: भारत

प्रात : किरण, एजेंसी

नई दिल्ली। भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में हो रहे व्यापक प्रदर्शनों को पाकिस्तान के दमनकारी रवैये और संसाधनों की संगठित लूट का 'स्वाभाविक परिणाम' करार दिया है। इन प्रदर्शनों में अब तक दर्जनभर से अधिक लोगों की मौत की खबर है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रंधीर जायसवाल ने नई दिल्ली में साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि भारत को पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कई हिस्सों में जारी प्रदर्शनों और पाकिस्तानी बलों द्वारा स्थानीय लोगों पर की जा रही बर्बरताओं की जानकारी है।

उन्होंने कहा, 'हमने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के कई क्षेत्रों में प्रदर्शनों और निर्दोष नागरिकों पर पाकिस्तानी बलों की बर्बरताओं की रिपोर्टें देखी हैं। यह पाकिस्तान के दमनकारी दृष्टिकोण और इन क्षेत्रों के संसाधनों की संगठित लूट का स्वाभाविक परिणाम है, जो उसके अवैध कब्जे में हैं। पाकिस्तान को अपने भयावह मानवाधिकार उल्लंघनों के लिए जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।' विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने दोहराया कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं और रहेंगे। उन्होंने कहा, 'जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग हैं, हमेशा थे और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर भी हमारा अभिन्न हिस्सा है।' यह बयान उस समय आया है जब पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) की हड़ताल के दौरान हिंसक झड़पें भड़क गईं, जिनमें कई लोगों समेत पुलिसकर्मी मारे गए और दर्जनों घायल हुए। हड़ताल के चलते पीओके में व्यापारिक गतिविधियां ठप हो गई हैं और संचार व्यवस्था बाधित है। धीर कोट समेत कई इलाकों में झड़पें हुईं।




स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, इन झड़पों में 172 पुलिसकर्मी और 50 नागरिक घायल हुए हैं। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, मुजफ़्फ़राबाद, मीरपुर, पुंछ, नीलम, भिंबर और पलंदरी जैसे क्षेत्रों में जेएएसी के नेता शौकत नवाज मीर की अगुवाई में हड़ताल के बाद जनजीवन ठप हो गया। बाजार बंद हैं, सड़कों पर जाम है और मुजफ़्फ़राबाद में इंटरनेट सेवाएं सीमित कर दी गई हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दशहरा पर्व के लिए आज कोटद्वार में रहेगा रूट डायवर्ट

**कोटद्वार, एजेंसी।** विजयदशमी पर्व पर शहर में लगने वाले दशहरा मेला एवं सुबह से ही बाजार में भीड़भाड़ व यातायात के दबाव को देखते हुए यातायात पुलिस ने रूट डायवर्जन प्लान तैयार किया है। यातायात निरीक्षक संदीप तोमर ने बताया कि रूट डायवर्जन व्यवस्था बृहस्पतिवार दोपहर 12:00 बजे से रात 10:00 बजे तक लागू रहेगी। उन्होंने आम जनता से रूट डायवर्जन का जिम्मेदारी व गंभीरता से पालन करने की अपील की। कहा कि इससे आमजन का ही आवागमन सुगम होगा और शहर में जाम की स्थिति नहीं बनेगी। नजीबाबाद की ओर से दुगड्डा, लैंसडौन व पौड़ी की ओर जाने वाले चारपहिया अथवा भारी वाहनों को बालासौड़ तिराहे से डायवर्ट कर देवी मंदिर से बाएं घराट रोड से डिग्री कॉलेज होते हुए बुद्धा पार्क तिराहे की ओर भेजा जाएगा। दुगड्डा की ओर से नजीबाबाद की ओर जाने वाले चारपहिया अथवा भारी वाहनों को बुद्धा पार्क तिराहे से डायवर्ट कर डिग्री कॉलेज से घराट रोड होते हुए देवी मंदिर से दाहिने बालासौड़ तिराहे की ओर भेजा जाएगा।

### कोटद्वार डिपो की रोडवेज बस में यात्री के बैग से नकदी व सामान चोरी

**कोटद्वार, एजेंसी।** विवाह समारोह में शामिल होने गाजियाबाद जा रहे एक परिवार के बैग से चलती रोडवेज बस से नकदी और सामान चोरी हो गया। पीड़ित पक्ष की ओर से परिचालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौंपी गई, लेकिन बाद में आपसी समझौते के साथ मामला निपट गया।काशीरामपुर तल्ला निवासी चंद्रेश लखेड़ा ने बताया कि गाजियाबाद में एक विवाह समारोह में शामिल होने के लिए उनके परिवार के 11 सदस्य मंगलवार को कोटद्वार डिपो की रोडवेज बस में सवार हुए थे। साथ में काफी सामान था। परिचालक ने डिकी लॉक नहीं होने के कारण सामान बस में ही रखने को कहा था। सामान को चालक के आसपास खाली जगह पर रखकर सुविधा अनुसार परिजन बैठ गए। नजीबाबाद पहुंचकर पता चला कि किसी उचक्के ने उनके बैग से तीन हजार रुपये की नकदी, अलमारी की चाबियों का गुच्छा और मोबाइल चार्जर चोरी कर लिया है। चंद्रेश लखेड़ा का कहना है कि इस संबंध में परिचालक से कहने पर उनके द्वारा सामान का स्वयं ध्यान रखने की बात कही गई। बुधवार सुबह उन्होंने डिपो कार्यालय पहुंचकर एआरएम को इसकी जानकारी देकर नुकसान की भरपाई कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि बस में यात्रियों के सामान की सुरक्षा की कोई जिम्मेदारी नहीं है, यह चिंता का विषय है। बाजार चौकी पर तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। इस दौरान डिपो केंद्र प्रभारी यशपाल सिंह एवं कई चालक-परिचालक पुलिस चौकी पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच आपसी बातचीत से मामला निपट गया।

### स्वास्थ्य शिविर में 174 से अधिक मरीजों का किया उपचार

**पौड़ी, एजेंसी।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खिर्सू में बुधवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। जिसमें 174 लोगों ने उपचार कराया। उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख अनिल भंडारी ने किया। उपजिला चिकित्सालय श्रीनगर से पहुंचे विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों की जांच की और उन्हें दवाएं वितरित कीं। शिविर में 174 से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दी गईं। इसमें ईएनटी विभाग में 23, नेत्र रोग में 67, जनरल मेडिसिन व फिजिशियन में 46 और अस्थि रोग विभाग में 54 मरीजों का उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एनसीडी स्क्रीनिंग और टीबी उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों की जांच की। साथ ही 10 दिव्यांगजनों के प्रमाणपत्र भी बनाए गए। सीएमओ डॉ. शिव मोहन शुक्ला ने बताया कि स्वास्थ्य ही सेवा पखवाड़े के तहत दो अक्तूबर तक जिले के सभी चिकित्सा इकाइयों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में नियमित रूप से ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।

### मुंशी टम्टा सामाजिक सुधार के कार्यों में अग्रणी रहे: अजय

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** शिल्पकार समाज की ओर से रविवार को ऐतिहासिक ड्योलीडांडा सम्मेलन के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर चौघानपाटा से नगर में सांस्कृतिक शोभायात्रा निकाली गई। रैमजे इंटर कॉलेज में आयोजित सम्मेलन में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि राय बहादुर मुंशी हरिप्रसाद टम्टा के नेतृत्व में सौ साल पहले ड्योलीडांडा सम्मेलन का आयोजन किया गया था। कहा कि अब मुंशी हरिप्रसाद के कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। काफी प्रयासों के बाद धर्मशाला का निर्माण कार्य पूरा हुआ है। उन्होंने कहा कि मुंशी हरिप्रसाद टम्टा सामाजिक सुधारों के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहे। उन्होंने समाज के अंदर पीढ़ियों से पनप रहे जातिवाद, भेदभाव को खत्म करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए। पूर्व विधायक और सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि गुरुड़ाबांज स्थित मुंशी हरिप्रसाद टम्टा पारंपरिक शिल्प उन्नयन संस्थान का निर्माण कांग्रेस सरकार में किया गया लेकिन कांग्रेस के बाद सत्ता में आई सरकारों ने इसके विकास के लिए बजट नहीं दिया। इस दिशा में सभी को आगे आना होगा। अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि उत्तराखंड के शिल्पकार समाज सुधारकों की स्मृति में हरिद्वार में एक भवन का निर्माण किया जा रहा है।


# मीटर में छेड़छाड़ को लेकर यूपीसीएल के जेई और एक्सईएन निलंबित, जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित

**देहरादून, एजेंसी।** दो दिन पहले गुरुकुल नारसन स्थित यूपीसीएल के बिजली घर के बाहर से पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा। जब उनसे पूछताछ हुई तो उन्होंने बिजलीघर में लगे वासू स्टील फैक्ट्री के मीटर में छेड़छाड़ की बात स्वीकारी।

गुरुकुल नारसन में बिजली घर से बिजली चोरी, स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ के मामले में यूपीसीएल मुख्यालय ने एक जेई, एक प्रभारी अधिशासी अभियंता को निलंबित कर दिया है। दोनों को अलग-अलग मुख्य अभियंता कार्यालय अटैच किया गया है। यूपीसीएल मुख्यालय ने मुख्य अभियंता गढ़वाल की अध्यक्षता में विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन भी किया है।

दरअसल, दो दिन पहले गुरुकुल नारसन स्थित यूपीसीएल के बिजली घर के बाहर से पुलिस ने कुछ लोगों को पकड़ा। जब उनसे पूछताछ हुई तो उन्होंने बिजलीघर में लगे वासू स्टील फैक्ट्री के मीटर में छेड़छाड़ की बात स्वीकारी। यूपीसीएल की मापक टीम ने जांच की तो मौके पर ही इस बात की पुष्टि हो गई कि बिजली घर के भीतर लगे मीटर में छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की जा रही थी। टीम ने मीटर को सील कर दिया और जांच के लिए भेज दिया। मामले में उपनल के कर्मचारी अकरम अली समेत पांच पर मुकदमा दर्ज हुआ, जिसमें दो फैक्ट्री के कर्मचारी भी बताए जा रहे हैं।

इस पूरे मामले में और जांच के बाद यूपीसीएल मुख्यालय ने कड़ी कार्रवाई की। निदेशक परिचालन एमआर आर्य ने लंढौरा के एसडीओ और विद्युत वितरण खंड रुड़की के प्रभारी अधिशासी अभियंता गुलशन बुलानी को निलंबित करते हुए मुख्य



अभियंता वितरण, रुद्रपुर क्षेत्र संबद्ध किया गया है। उनकी जगह सहायक अभियंता हरिद्वार अमित तोमर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सवाल उठ रहे हैं कि एक एसडीओ को आखिर अधिशासी अभियंता का प्रभार कैसे दिया गया।

निदेशक परिचालन आर्य ने मामले में एसडीओ मंगलौर जेई अनुभव सैनी को निलंबित करते हुए मुख्य अभियंता वितरण कुमाऊं क्षेत्र हल्द्वानी संबद्ध किया है। उनकी जगह एसडीओ झबरेड़ा मोहम्मद रिजवान को अतिरिक्त कार्यभार दिया गया है। देखने में जितना ऊपरी तौर पर यह मामला शांत है, भीतर से उससे अधिक गंभीर माना जा रहा है। मामले में यूपीसीएल एमडी अनिल कुमार ने मुख्य अभियंता गढ़वाल की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें एक अधीक्षण अभियंता व एक डिप्टी सीएफओ शामिल हैं। इनकी रिपोर्ट के आधार पर निगम फैक्ट्री मालिक के खिलाफ जुर्माना समेत अन्य कार्रवाई करेगा।

यूपीसीएल के एमडी अनिल कुमार ने आदेश दिया है कि रुड़की, भगवानपुर समेत पूरे क्षेत्र में उच्च बिजली खपत वाली सभी स्टील फैक्ट्री और अन्य उद्योगों का एनर्जी अकाउंटिंग ऑडिट होगा। इससे स्पष्ट होगा कि बिजली किस स्तर पर खपत हो रही है। कहीं किसी स्तर पर कोई गड़बड़ी पकड़ में आई तो उस हिसाब से कार्रवाई होगी।

**फैक्ट्री के कर्मचारियों पर मुकदमा, मालिक को बचाने का आरोप-** वासू स्टील फैक्ट्री के कर्मचारियों पर तो बिजली चोरी के इस मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है लेकिन मालिक का नाम इसमें शामिल नहीं है। सवाल उठ रहे हैं कि क्या कर्मचारी अपने स्तर से फैक्ट्री के लिए बिजली चोरी कर रहे थे। यूपीसीएल और पुलिस से मांग की जा रही है कि मुख्यालय को करोड़ों का चूना लगाने वाली फैक्ट्री के मालिक पर भी कार्रवाई हो।

**हर फैक्ट्री के होते हैं दो मीटर, दोनों में हुई छेड़छाड़-** बड़ी फैक्ट्रियों के लिए एक मीटर फैक्ट्री परिसर में और दूसरा मीटर संबंधित बिजलीघर में होता है। डबल मीटरिंग इसलिए होती है कि कहीं बिजली चोरी या अन्य कोई मीटर संबंधी गड़बड़ न हो, लेकिन यहां तो दोनों ही मीटरों में गड़बड़ियां की जा रही थीं। यूपीसीएल के लिए अब इस मामले की जांच चुनौतीपूर्ण काम होगा क्योंकि रुड़की, भगवानपुर क्षेत्र में काफी संख्या में स्टील फैक्ट्री संचालित हो रही हैं।

### फायर व पीआरडी कर्मियों ने सीखी रोप रेस्क्यू की बारीकियां

**पौड़ी, एजेंसी।** पुलिस के अग्निशमन दल की ओर से रोप रेस्क्यू मॉकड्रिल में आपदा और विभिन्न प्रकार की दुर्घटनाओं का अभ्यास किया गया। जहां फायर व पीआरडी कर्मियों ने रोप रेस्क्यू की विभिन्न तकनीकें सीखीं। पुलिस लाइन स्थित फायर स्टेशन परिसर पौड़ी में आयोजित मॉकड्रिल में फायर कर्मियों को खाई में वाहन गिरना, ट्रैकिंग के दौरान फिसलना, खड़ी ढलान पर फंसे यात्रियों का रेस्क्यू व आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। एफएसओ सुनील दत्त तिवारी ने बताया कि फायर कर्मियों और पीडीओ को रोप रेस्क्यू की सैद्धांतिक जानकारियां दी गईं। जिसमें उन्हें एंकर बेस बनाना, हार्नेस व सुरक्षित गांठें बांधना, खड़ी चट्टान से घायलों का रेस्क्यू के लिए रेप्लिंग तकनीक, विक्टिम हेंडलिंग व भार प्रबंधन की तकनीकी जानकारियां दी गईं।

### नगर पंचायत कीर्तिनगर के कार्यालय के समीप 12 वर्षों से हो रहा भू-धंसाव

**श्रीनगर, एजेंसी।** नगर पंचायत कीर्तिनगर के कार्यालय के समीप करीब 12 वर्षों से भू-धंसाव हो रहा है। लेकिन आज तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए हैं। इस कारण नगर से गुजर रहे ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग, डांग-धारी मोटर मार्ग, नगर पंचायत कार्यालय, सुलभ शौचालय सहित आवासीय बस्ती खतरे की जद में है।डांग-धारी मोटर मार्ग के ठीक नीचे स्थित नगर पंचायत का कार्यालय परिसर हैं। करीब 12 वर्षों से इस क्षेत्र में भू-धंसाव की समस्या बनी हुई है। परिणाम स्वरूप डांग-धारी मोटर मार्ग पर करीब 30 मीटर हिस्से में दरारें पड़ने के साथ मार्ग धंस चुका है। अगर समय रहते सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए तो नगर पंचायत कार्यालय परिसर सहित आवासीय बस्ती, डांग-धारी मोटर मार्ग, यहां से गुजर रहे ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग, सुलभ शौचालय, प्राकृतिक जलस्रोत आदि को भारी नुकसान पहुंच सकता है। स्थानीय निवासी बताते हैं कि इस क्षेत्र में भू-धंसाव की समस्या वर्षों से हैं। इसी कारण यहां लाखों की लागत से निर्माणाधीन बहुउद्देश्यीय वाहन पार्किंग, गढ़वाल विवि का पर्यटन अतिथि गृह व नगर पंचायत की निर्माणाधीन दुकानें क्षतिग्रस्त होने से करोड़ो का नुकसान हुआ है।

## आंदोलनकारियों का सपना नहीं हुआ है पूरा : कुकरेती

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों व उक्रांद के कार्यकर्ताओं ने मुजफ्फरनगर गोलीकांड की बरसी पर बलिदान हुए आंदोलनकारियों को याद किया। विकासनगर व सेलाकुई में स्थित शहीद स्थलों पर कार्यक्रमों का आयोजन करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई।उत्तराखंड आंदोलनकारी मंच व उक्रांद की ओर से संयुक्त रूप से विकासनगर के शहीद स्थल पार्क में बलिदान हुए आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि दी गई। उत्तराखंड क्रांति दल के केंद्रीय संरक्षक व वरिष्ठ आंदोलनकारी सुरेंद्र कुकरेती ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर तत्कालीन सरकार ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री जैसे महापुरुषों की जयंती के पावन अवसर पर निर्दोष और निहत्थे राज्य आंदोलनकारियों पर गोलियों की बौछार कराई। मातृशक्ति के साथ



अमानवीय दुराचार जैसा घृणित कृत्य कराया। दो अक्तूबर 1994 की इस घटना को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आंदोलनकारियों ने राज्य को लेकर जो सपना देखा था वह अभी तक भी पूरा नहीं हो पाया है। उक्रांद आंदोलनकारियों के सपने का राज्य बनाने के लिए सड़क से लेकर हर स्तर पर संघर्ष करता रहेगा। इस दौरान उक्रांद नेता देवेंद्र कंडवाल, मनोज कंडवाल, जिला जिलाध्यक्ष गणेश काला, भूपेंद्र सिंह नेगी, मायाराम ममगाई, पूरण सिंह भट्ट, कैप्टन चंदन सिंह सजवाण आदि उपस्थित रहे। सेलाकुई स्थित शहीद सत्येंद्र चौक पर एकत्रित उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों ने मुजफ्फरनगर कांड के बलिदानियों को श्रद्धांजलि दी।आंदोलनकारी शूरवीर सिंह चौहान, अमित पवार ने कहा कि मुजफ्फरनगर की घटना का स्मरण करके आज भी रोंगटे खड़े हो जाते हैं।

आंदोलनकारियों के बलिदान व उनके संघर्ष के बाद मिले राज्य को विकास के मार्ग पर अग्रसर करना प्रत्येक राज्यवासी की जिम्मेदारी है।

इस दौरान व्यापार मंडल के पूर्व अध्यक्ष चैतन्य अनिल गौड़, चंद्र बिष्ट, यशपाल, अशोक नेगी, वीर सिंह रावत, मोहन भट्ट, हरीश बिष्ट, रविंद्र पांडेय आदि उपस्थित रहे।

## एचआईवी की चपेट में युवा ही नहीं बुजुर्ग भी, पिथौरागढ़ में 530 हैं संक्रमित मरीज; इनमें 35 वृद्ध शामिल

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** पिथौरागढ़ जिले में एचआईवी संक्रमण के मामले अब युवाओं के साथ-साथ बुजुर्गों में भी सामने आ रहे हैं। क्षय रोग विभाग के आंकड़ों के अनुसार 60 से 75 वर्ष की आयु के 35 बुजुर्गों में एचआईवी संक्रमण पाया गया है, जिनमें अधिकांश पुरुष हैं।

पिथौरागढ़ जिले में युवा वर्ग के साथ बुजुर्ग भी एचआईवी से संक्रमित मिलने लगे हैं। क्षय रोग विभाग के मुताबिक 60 से 75 वर्ष के एचआईवी संक्रमित 35 बुजुर्ग चिह्नित हुए हैं। इनमें अधिकांश पुरुष हैं। इन संक्रमितों की केस हिस्ट्री खंगाली गई तो सभी शारीरिक संबंध बनाने से संक्रमित हुए हैं।

आम तौर पर युवा एचआईवी की चपेट में आते हैं। सीमांत जिले में 60 से अधिक उम्र के बुजुर्गों को भी इस वायरस ने अपनी जकड़ में लिया है। जिला क्षय रोग विभाग के मुताबिक, जिले में बीते नौ वर्षों में अब तक 530 एचआईवी संक्रमित चिह्नित किए गए हैं। इनमें से 35 संक्रमितों की उम्र 60 से 75 साल के बीच है। 32 पुरुष जबकि तीन महिलाएं




इनमें शामिल हैं, जो इलाज करा रहे हैं। विभाग ने इनके संक्रमित होने का कारण जाना। एचआईवी संक्रमित के साथ शारीरिक संबंध बनाने से ये लोग इस वायरस की जकड़ में फंस गए।

**14 बच्चों को माता-पिता से मिला एचआईवी** स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक, जिले में 14 बच्चे भी एचआईवी संक्रमित मिले हैं। इनकी उम्र चार से 12 साल है। इन बच्चों को अपने माता-पिता से एचआईवी मिला है। वहीं, 478 रोगियों को एचआईवी संक्रमण शारीरिक संबंध बनाने जबकि 38 अन्य कारणों से संक्रमित हुए।

## गंगनहर किनारे घाट बनाने के लिए यूपी-उत्तराखंड में विवाद, परिसंपत्तियों के बंटवारे की स्थिति साफ नहीं



**हरिद्वार, एजेंसी।**

अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड हरिद्वार ने प्रस्तावित कार्यों के निर्माण कार्य के दौरान उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने पत्र में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए विभिन्न घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल मांगा है।


उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड के बीच परिसंपत्तियों के बंटवारे की अस्पष्ट स्थिति विवाद उत्पन्न कर रही है। हालत यह है कि एक तरफ उत्तराखंड शासन ने अर्द्ध कुंभ 2027 की तैयारियों के लिए कई निर्माण कार्य प्रस्तावित किए हैं। वहीं, उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग इस बार भी आपत्ति लगाकर बैठा है।

दोनों राज्यों के सिंचाई विभाग के अधिकारी मुद्दे को लेकर अपनी ढपली अपना राग अलाप रहे हैं। आपत्ति मिलने के बाद अब उत्तराखंड सिंचाई विभाग की हरिद्वार शाखा के अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर पुलिस बल की मांग की है। जिलाधिकारी मयूर दीक्षित को लिखे पत्र में अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड हरिद्वार ओमजी गुप्ता ने प्रस्तावित कार्यों के निर्माण कार्य के दौरान उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से व्यवधान उत्पन्न करने की आशंका व्यक्त की है। उन्होंने पत्र में निर्माण कार्य पूर्ण करने के लिए विभिन्न घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल मांगा है।

अधिशासी अभियंता ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में बताया है कि सिंचाई खंड हरिद्वार की ओर से अर्द्ध कुंभ-2027 के तहत जिन योजनाओं को स्वीकृति मिली है, उनका निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करना होगा। इसमें वार्षिक नहर बंदी के दौरान निर्माण कार्य संभव हो पाएगा।

उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग की ओर से आपत्ति का हवाला देते हुए उन्होंने निर्माण कार्य के दौरान पूरी सुरक्षा देने की मांग की है। पत्र में यह भी बताया गया है कि नहर बंदी दो अक्तूबर की मध्य रात्रि से हो रही है। वार्षिक नहर बंदी के दौरान प्राथमिकता में अपर गंगा कैनाल और स्केप चैनल में घाट का निर्माण कार्य किया जाना है।

## दिल्ली के यात्रियों का वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिरा, शादी समारोह से थे लौट रहे



**मसूरी, एजेंसी।** दिल्ली के यात्रियों का वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। यात्री शादी समारोह से लौट रहे थे। मसूरी कोलू खेत के पास पानी वाले बैंड पर एक वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे गिर गया। सूचना पर थाना मसूरी से आपदा उपकरणों सहित पर्याप्त पुलिस बल तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

मौके पर पहुंचकर देखा कि वाहन लगभग 15 से 20 मीटर नीचे चला गया था, जिसमें कुल पांच व्यक्ति सवार थे। पुलिस बल द्वारा रेस्क्यू कर सभी घायलों को सुरक्षित निकालकर 108 एंबुलेंस सेवा के माध्यम से उपचार के लिए देहरादून भेजा गया।

प्राथमिक पूछताछ में ज्ञात हुआ कि घायल व्यक्ति दिल्ली से मसूरी शादी समारोह में आए हुए थे और लौटते समय पानी वाला बैंड के पास मोड़ को सही तरीके से न काट पाने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे चला गया। वाहन में सवार सभी व्यक्तियों को हल्की चोटें आई हैं।

## एसओ की गाड़ी से टक्कर प्रकरणः एसपी ट्रैफिक को सौंपी जांच, मुकदमे की विवेचना भी सीनियर इंस्पेक्टर को

**देहरादून, एजेंसी।** एसओ राजपुर शैंकी कुमार की गाड़ी से हुए एक्सीडेंट का एक वीडियो वायरल हुआ था। मौके से शैंकी कुमार को कुछ सिपाहियों और अन्य लोगों ने बाहर निकाला था।

देहरादून में एसओ की गाड़ी से टक्कर लगने के प्रकरण की जांच एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह को सौंपी गई है। इसके अलावा शैंकी कुमार के खिलाफ मुकदमे की विवेचना भी सीनियर स्तर के इंस्पेक्टर करेंगे। उधर, शैंकी कुमार में नशे के स्तर को जानने के लिए सैंपल को फोरेंसिक लैबोरेटरी भेजा गया है।


दरअसल, बुधवार को एसओ राजपुर शैंकी कुमार की गाड़ी से हुए एक्सीडेंट का एक वीडियो वायरल हुआ था। मौके से शैंकी कुमार को कुछ सिपाहियों और अन्य लोगों ने बाहर




निकाला था। इसके बाद उन्हें पुलिस हिरासत में कोरोनेशन अस्पताल लाया गया जहां पर डॉक्टरों ने उनका मेडिकल किया। ताकि, एल्कोहल के स्तर की जांच की जा सके। इस मामले में और अधिक पुख्ता होने के लिए अब फोरेंसिक लैब की मदद ली जाएगी। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि शैंकी कुमार के ब्लड सैंपल को फोरेंसिक लैब भेजा जा रहा है। वहां की जांच के बाद ही तय हो पाएगा कि वह कितना नशे में था।

उन्होंने बताया कि मुकदमे की जांच के लिए विवेचना अधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं। वह मौके पर मौजूद सभी सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक करेंगे। इसके अलावा जो लोग घायल हैं या प्रभावित हैं उनके भी बयान लिए जाएंगे। सभी क्षतिग्रस्त वाहनों का टेक्निकल मुआयना किया जाएगा। इस विवेचना की निगरानी एसपी ट्रैफिक लोकजीत सिंह करेंगे। साथ ही उन्हें पूरे मामले की जांच भी सौंपी गई है। उनसे निर्धारित अवधि में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।

## गौचर के पास भारी मात्रा आया मलबा, कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे छह घंटे बंद, फंसे रहे सैकड़ों यात्री



**चमोली, एजेंसी।** गौचर के पास अचानक पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा आ गया। कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे छह घंटे बंद रहने से यहां सैकड़ों यात्री फंसे रहे। गौचर के पास कमेड़ा भूस्खलन जोन एक बार फिर बुधवार रात को सक्रिय हुआ। ऐसे में यहां बदरीनाथ हाईवे बुधवार सुबह से पूर्वाह्न तक करीब छह घंटे से अधिक समय तक बंद रहा। इस दौरान एक हजार वाहनों में सैकड़ों तीर्थयात्री और स्थानीय लोग फंसे रहे। करीब साढ़े दस बजे यातायात सुचारु होने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। बीते तीन वर्षों से बदरीनाथ हाईवे पर कमेड़ा भूस्खलन जोन मुसीबत बना है। बारिश थमने के बाद कुछ दिन यहां राहत मिली लेकिन बुधवार रात को कमेड़ा में बदरीनाथ हाईवे खोलती जेसीबी। हल्की बारिश के बाद यहां मलबा आ गया। स्थानीय लोगों के अनुसार बृहस्पतिवार सुबह करीब चार बजे यह हाईवे बंद हो गया। हालांकि एनएच यह जेसीबी की मदद से काम करता रह लेकिन लगातार मलबा गिरने औन सड़क पर भारी मात्रा में आया मलबा हटाने में छह घंटे लग गए। गुजरात के एक तीर्थयात्री दल ने बताया कि वह तीन घंटे से फंसे हैं बदरीनाथ धाम के दर्शन के बाद लौट रहे थे।

# दिल्लीवालों की परेशानियों से भाजपा सरकार को कोई लेना देना नहीं है, इसलिए रोज झूठ व भ्रम फैलती है : संजीव झा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता




नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी ने यमुना किनारे छठ पूजा के आयोजन को लेकर फैलाए जा रहे भाजपा सरकार के झूठ का पर्दाफाश कर दिया। आप के दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आप सरकार हमेशा से यमुना किनारे छठ आयोजन की पक्षधर रही है। आप सरकार और विधायकों ने कई बार यमुना किनारे छठ मनाने की अनुमति की मांग की थी लेकिन एलजी अधीन उद्धटअ और हाई कोर्ट ने रोक लगाई थे। इसी तरह, अरविंद केजरीवाल ने दुर्गा पूजा और रामलीला का मंचन रात 12 बजे तक कराने के लिए भी कई बार मांग की थी, लेकिन भाजपा को केंद्र के अधीन दिल्ली पुलिस ने ऐसा नहीं होने दिया। लेकिन अब भाजपा की सरकार है तो सारी अनुमति दे दी जा रही है। रामलीला और दुर्गा पूजा का समय रात 10 बजे से बढ़ाकर 12 बजे किए जाने को लेकर सौरभ भारद्वाज ने हैरानी जताते हुए कहा कि हमें शर्म आने लगी है कि मुख्यमंत्री जैसे प्रतिष्ठित पद से कोई इतना झूठ कैसे बोल सकता है? भाजपा सरकार अब यह अनुमति दे रही है और इसका श्रेय ले रही है, जबकि पहले दिल्ली पुलिस (जो केंद्र के ही अधीन है) ने इसे रोका था। अरविंद केजरीवाल ने कई बार समय को बढ़ाने की मांग की थी, लेकिन तब अस्वीकार कर दिया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री पर दुर्गा पूजा में पहली बार जाने का दावा करने को भी झूठ बताया, क्योंकि केजरीवाल कई बार दुर्गा पूजा में शामिल हुए थे। पटाखों और छठ पूजा पर भी उन्होंने कहा कि न्यायालय के आदेशों के कारण पहले प्रतिबंध थे और अब भाजपा इसका फायदा उठा रही है। यमुना सफाई पर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पहले प्रवेश वर्मा यमुना में उठे झाग को जहर बताते थे और अधिकारियों से बहस करते थे, लेकिन अब उनकी सरकार तथाकथित जहर को खत्म करने के लिए यमुना में रसायन का छिड़काव करने की योजना बना रही है। भाजपा ने पांच साल तक दिल्लीवासियों को गुमराह किया, नौटंकी की और अब पिछली सरकार को बदनाम करने में लगी है और जनता की समस्याओं का समाधान नहीं कर रही है। वहीं, बुराड़ी से आप विधायक संजीव झा ने छठ पूजा को लेकर कहा कि अरविंद केजरीवाल और आप विधायकों ने कई बार उपराज्यपाल को चिट्ठी लिखकर यमुना पर छठ की अनुमति मांगी थी, लेकिन तब रोका गया। भाजपा सरकार अब यह अनुमति दे रही है और इसका श्रेय ले रही है। उन्होंने बताया कि मैं हर साल छठ पूजा के दौरान उपराज्यपाल को कार्ट के ऑर्डर को निरस्त किए जाने या बातचीत के माध्यम से अन्य समाधानों के लिए चिट्ठी लिखता था, ताकि यमुना पर छठ की अनुमति मिले। लेकिन तब आम आदमी पार्टी की नहीं सुनी गई, यमुना पर छठ को रोका गया और अब वही भाजपा तत्कालीन [illegible] सरकार को बदनाम करने के लिए यह अनुमति दे रही है। इसलिए भाजपा को पिछली सरकार को बदनाम करने व झूठ परोसने के बजाय अब जनता की परेशानियों पर ध्यान देना चाहिए।

# नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था बढ़िया अच्छे काम की तारीफ होनी चाहिए: सौरभ भारद्वाज

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बेहतर स्वच्छता व्यवस्था की सराहना करते हुए केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रशंसा की। सौरभ भारद्वाज, जो आमतौर पर रेलवे की आलोचना करते हैं, ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था देखकर खुशी जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जब अच्छा कार्य हो रहा हो तो प्रशंसा भी होनी चाहिए। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से एक छोटा सा वीडियो भी अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया। पोस्ट में वह केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की प्रशंसा करने के साथ ही साथ सफाई कर्मचारियों की भी तारीफ कर रहे हैं। वीडियो में दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री ने कहा कि मैंने अक्सर रेल मंत्रालय और केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की रेल दुर्घटनाओं को लेकर आलोचना की है और यह आलोचना उचित थी। लेकिन, आज मैं नई दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर आया और स्लीपर क्लास के प्रतीक्षालय का दौरा किया। यहां के शौचालय मेरी अपेक्षा से कहीं अधिक साफ थे। उन्होंने आगे बताया कि शौचालयों की सफाई के लिए एक अलग कर्मचारी तैनात था, जिसके कारण यह एरिया पूरी तरह स्वच्छ था। भारद्वाज ने कहा कि जब कोई काम अच्छा होता है, तो उसकी सराहना करनी चाहिए। मुझे लगता है कि इस मामले में काफी सुधार हुआ है। सौरभ के पोस्ट को अब तक 40 हजार से ज्यादा लोगों ने देखा है और करीब 100 से ज्यादा कमेंट्स आए हैं। पोस्ट पर एक यूजर ने उनसे वेटिंग रूम के शुल्क के बारे में पूछा कि सर वेटिंग रूम का चार्ज भी बता दीजिए एक बार। इस सवाल के जवाब में भारद्वाज ने मजाकिया अंदाज में कहा कि किसी ने मांगा नहीं, मैंने दिया नहीं, तो मुझे पता नहीं भाई, महंगा है? वहीं, दूसरी ओर कुछ यूजर द्वारा दावा किया जाने लगा कि सौरभ भारद्वाज जल्द भाजपा भी ज्वाइन कर सकते हैं। कुछ ने तो उन्हें भाजपा ज्वाइन करने की सलाह भी दी।

# दिल्ली-एनसीआर में 6 अक्टूबर से मौसम फिर पलटेगा, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के निवासियों के लिए एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। कुछ दिनों तक सामान्य रहने के बाद सोमवार, 6 अक्टूबर से यहां के मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिलेगा। मौसम विभाग ने इस दिन के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए तेज बारिश और आंधी-तूफान की चेतावनी दी है। हाल के दिनों में एनसीआर का मौसम काफी हद तक सामान्य बना हुआ था। मौसम विभाग के मुताबिक 3 और 4 अक्टूबर को आसमान में बादल छाए रहेंगे, लेकिन बारिश नहीं होगी। इन दिनों अधिकतम तापमान 34-35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 24-25 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जाएगा। हालांकि, 5 अक्टूबर से इस स्थिति में बदलाव की शुरूआत होगी, जब बारिश और गरज के साथ आंधी चलने का पूवार्नुमान जताया गया है। मौसम विभाग के मुताबिक असली बदलाव 6 अक्टूबर से होगा। मौसम विभाग के अनुसार, इस पूरे दिन हल्की से मध्यम स्तर की बारिश होने के साथ-साथ गरज और 30-40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। इस दिन अधिकतम तापमान 32 डिग्री और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सेल्सियस रहने का अनुमान है। इस दौरान ह्यूमिडिटी का स्तर 70 प्रतिशत से 90 प्रतिशत के बीच बना रह सकता है, जो बारिश के बाद भीषण गर्मी का अहसास करा सकता है। यह अस्थिर मौसम 7 अक्टूबर को भी जारी रहने की संभावना है। इस दिन भी ठीक इसी तरह से पूरे दिन थंडरस्टॉर्म के साथ बारिश और तेज हवाएं चलने का पूवार्नुमान है। हालांकि, तापमान में थोड़ी गिरावट दर्ज की जा सकती है, जिसमें न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग द्वारा जारी येलो अलर्ट का मतलब है कि मौसम खराब हो सकता है। ऐसे में निवासियों को सतर्क रहने और नवीनतम मौसम अपडेट पर नजर बनाए रखने की सलाह दी जाती है। खासकर यात्रा के दौरान सावधानी बरतने, बिजली के खंभों और पेड़ों से दूर रहने तथा अगर संभव हो तो घर के अंदर ही रहने की बात की जाती है। हालांकि, राहत की बात यह है कि 8 अक्टूबर तक आते-आते मौसम फिर से सामान्य हो जाएगा। इस दिन मुख्यतः साफ आसमान रहने का पूवार्नुमान है और कोई चेतावनी भी जारी नहीं की गई है। तापमान 32 डिग्री अधिकतम और 22 डिग्री न्यूनतम रहने का अनुमान है।

# सात साल के मासूम के अपहरण की गुत्थी सुलझी, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। पश्चिमी जिले के विकासपुरी थाना पुलिस ने सात वर्षीय बच्चे के अपहरण के मामले को सुलझाते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बच्चे को सकुशल बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक देसी कट्टा और मोबाइल फोन बरामद किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान हरियाणा निवासी मुख्य आरोपित अजय वर्मा (24), अमित (18), सचिन (20) और अजय (20) के रूप में हुई है। पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त शरद भास्कर दराडे ने शुक्रवार को बताया कि 28 सितंबर को एक महिला ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका 7 साल का बेटा 27 सितंबर को स्कूल से लौटकर घर नहीं आया। महिला ने शक जताया कि उसके पूर्व साथी अजय वर्मा ने बच्चे का अपहरण किया है। महिला पहले अजय के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह चुकी थी। शिकायत मिलते ही विकासपुरी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस उपायुक्त के अनुसार पुलिस ने स्कूल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो लोगों को बच्चे को मोटरसाइकिल पर ले जाते देखा गया। जांच में पता चला कि अजय वर्मा अपने दोस्त की मदद से बच्चे को अपहरण कर हांसी भाग गया है। पुलिस को तकनीकी निगरानी और सोशल मीडिया ट्रैकिंग के जरिए सुराग मिला और हांसी के एक फार्महाउस से बच्चा सकुशल बरामद कर लिया गया। मुख्य आरोपित अजय वर्मा और उसके दो साथी अमित व सचिन मौके से गिरफ्तार किए गए। वहीं दिल्ली से आरोपित अजय (अजय वर्मा का दोस्त) को भी दबोचा गया और उसकी निशानदेही पर एक देसी कट्टा बरामद किया गया। पुलिस के मुताबिक अजय वर्मा महिला से फिर से साथ रहने के लिए दबाव डाल रहा था। जब महिला ने इनकार कर दिया तो उसने बच्चे का अपहरण कर धमकी दी कि अगर वह हांसी लौटकर नहीं आई तो वह बेटे को नहीं छोड़ेगा।

# मुठभेड़ के बाद दो आरोपित गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने संगठित अपराध नेटवर्क के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल करते हुए राजस्थान, हरियाणा और गुजरात के कुख्यात गैंग से जुड़े दो अपराधियों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। दोनों अपराधी रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य बताए जा रहे हैं। इनमें से एक आरोपित गुजरात के बहुचर्चित 100 करोड़ रुपये की फिरौती मांगने के मामले में वांछित है और राजस्थान पुलिस ने उस पर 20 हजार का इनाम भी घोषित किया था। पुलिस के अधिकारी के अनुसार स्पेशल सेल की टीम को सूचना मिली थी कि जगदीश और अभिषेक उर्फ गोलू गैंग से जुड़े दो अपराधी दिल्ली-एनसीआर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। इस पर दो और तीन अक्टूबर की दरम्यानी रात स्पेशल सेल की टीम ने नजफगढ़-कापसहेड़ा लिंक रोड पर घेराबंदी कर जाल बिछाया। तड़के दोनों आरोपित बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल से वहां पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया। जिसपर पीछे बैठे अपराधी ने पुलिस टीम पर गोली चला दी। पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की, जिसमें वह बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। इसके बाद दोनों को मौके पर दबोच लिया गया। घायल आरोपित को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान आकाश राजपूत और महिपाल मीना के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी के अनुसार आकाश राजपूत श्रीगंगानगर (राजस्थान) का रहने वाला है और उस पर कई मामले दर्ज हैं। इसमें 2022 में करनाल के मीना हॉस्पिटल में फायरिंग, 2019 में श्रीगंगानगर में हत्या के प्रयास का मामला और पंजाब के फाजिल्का में आर्म्स एक्ट का मामला शामिल है। वह जुलाई 2025 में गुजरात के कच्छ जिले में 100 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में भी वांछित है। इस मामले को कुख्यात गैंगस्टर किरीतसिंह जाला ने अंजाम दिया था। इस पर राजस्थान पुलिस ने आरोपित पर 20 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। वहीं महीपाल मीना भरतपुर (राजस्थान) का रहने वाला है और आकाश का साथी है। यह भी करनाल अस्पताल फायरिंग के मामले में आरोपित है और फिलहाल जमानत पर बाहर था। पुलिस जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपित जगदीश-गोलू गैंग से जुड़े हुए हैं और इस गैंग ने कुख्यात अपराधी रोहित गोदारा के साथ हाथ मिला लिया था। हाल के दिनों में गोदारा के कई शूटर या तो पकड़े गए हैं या मुठभेड़ में मारे गए हैं। ऐसे में गोदारा अपने नेटवर्क को दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय रखने के लिए इन अपराधियों का इस्तेमाल कर रहा था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह गिरफ्तारी संगठित अपराध और फिरौती-अपहरण में लिप्त गैंगस्टरों के खिलाफ बड़ी उपलब्धि है। दोनों आरोपितों से पूछताछ कर नेटवर्क के और सदस्यों की तलाश की जा रही है। साथ ही, यह भी जांच हो रही है कि इनका दिल्ली-एनसीआर में किन वारदातों को अंजाम देने का इरादा था।

# फर्जी दस्तावेजों पर विदेश भेजने वाला एजेंट गिरफ्तार

नई दिल्ली। आईजीआई एयरपोर्ट थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे एजेंट को गिरफ्तार किया है, जो लोगों को फर्जी दस्तावेजों के जरिए विदेश भेजता था। आरोपित की पहचान कनाडा निवासी गुरु अमृतपाल सिंह मुल्तानी उर्फ पाली (54) के रूप में हुई है। वह 2019 से फरार चल रहा था और अब कनाडा में ही रह रहा था। पुलिस जांच में उसके खिलाफ सात मामलों की संलिप्तता सामने आई है। आईजीआई एयरपोर्ट के पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने शुक्रवार को बताया कि 27 सितंबर 2019 को आईजीआई एयरपोर्ट इमिग्रेशन ने शिकायत दी थी कि 9 भारतीय यात्रियों को इथियोपिया से डिपोर्ट किया गया। उनके पास जो निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र था, वह फर्जी पाया गया। यह कथित तौर पर समोआ सरकार के नाम पर जारी किए गए थे। जांच में स्पष्ट हुआ कि समोआ सरकार ने ऐसे किसी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र को जारी ही नहीं किया। इस मामले में एफआईआर दर्ज किया गया। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि जांच में दो यात्रियों ने खुलासा किया कि ये फर्जी निरंतर निर्वहन प्रमाणपत्र उन्हें एजेंट गुरुअमृतपाल सिंह उर्फ पाली ने 20-20 लाख रुपये लेकर दिए थे। पुलिस को पता चला कि वह कनाडा में रहता है। हाल ही में जब वह भारत लौटा, तो उसे अहमदाबाद एयरपोर्ट से दबोच लिया गया। वहीं पूछताछ में गुरुअमृतपाल सिंह ने बताया कि वह कॉलेज के समय राष्ट्रीय स्तर का कबड्डी खिलाड़ी रह चुका है। उसने गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी, पंजाब से कबड्डी खेली और 1996-97 में कनाडा के हैमिल्टन पंजाब स्पोर्ट्स क्लब से भी खेला। साल 1995 में वह परिवार के साथ कनाडा शिफ्ट हो गया। जल्दी पैसे कमाने की लालच में वह एजेंटों के संपर्क में आया और फर्जी दस्तावेज बनाकर लोगों को विदेश भेजने लगा। सितंबर 2025 में बड़ी कार्रवाई पुलिस ने बताया कि सितंबर 2025 के महीने में कुल 52 लोगों को फर्जी वीजा और पासपोर्ट मामलों में गिरफ्तार किया गया है। इसमें कई पुराने मामलों में वांछित आरोपित भी शामिल हैं।

# धर्म की विजय और मयार्दा का सम्मान ही सनातन संस्कृति का शाश्वत संदेश : रेखा गुप्ता

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को पीतमपुरा पीयू ब्लॉक रामलीला मैदान में आयोजित रामलीला समारोह में शिरकत करते हुए तीर चलाकर रावण के पुतले का दहन कराया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, धर्म की विजय, मयार्दा का सम्मान यही सनातन संस्कृति का शाश्वत संदेश है। उन्होंने कहा, आज का यह क्षण उस आस्था का जीवंत अनुभव है कि शक्ति धर्म की रक्षा और राष्ट्र की मयार्दा की आधारशिला बनी है। मुख्यमंत्री ने सभी को विजयदशमी की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, रावण दहन सत्य की विजय और अधर्म का विनाश है। दिल्ली की रामलीला और रावण दहन की परंपरा हमें यह संदेश देती है कि समाज की हर बुराई को मिटाने के लिए हर नागरिक के भीतर एक राम जागृत होना आवश्यक है। इसके अलावा रामलीला समिति के चेयरमैन एवं समाज कल्याण मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह की उपस्थिति में डीडीए रामलीला ग्राउंड सेक्टर-23 रोहिणी में चल रहे सनातन संस्कारम्-रामलीला महोत्सव का समापन रावण दहन के साथ हुआ। इस मौके पर मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने कहा, रावण का अंत हो चुका है और राम राज्य की स्थापना हो गई है। असत्य और बुराई का अंधेरा कितना भी घना क्यों न हो, प्रभु श्रीराम की कृपा से एक दिन अवश्य छंट जाता है और सत्य का सूरज चमकता है। उन्होंने कहा, पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण और अब मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली में रामलीलाओं का अब तक का सबसे भव्य आयोजन इसी दिशा में हमारे सांस्कृतिक पुनर्जागरण और आस्था की शक्ति का प्रतीक है। मंत्री रविन्द्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली भर में रामलीलाओं के सफल आयोजन के लिए मुख्यमंत्री, श्रद्धालुओं, कलाकारों, आयोजकों और दिल्ली सरकार की रामलीला समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन दिल्ली की सांस्कृतिक धरोहर को नई ऊर्जा प्रदान करते हैं।

# दिल्ली के महापौर ने संपत्तिकर निपटान योजना का लाभ उठाने की अपील की

नई दिल्ली। दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह ने शुक्रवार को जनता से संपत्ति कर माफी योजना 2025-26 संपत्तिकर निपटान योजना (सुनियो) का लाभ उठाने की अपील की। इकबाल सिंह ने कहा कि करदाता इस योजना के तहत वित्त वर्ष 2020-21 से पहले के ब्याज और जुमार्ने से पूरी तरह मुक्त हो सकते हैं, बशर्ते वे चालू वित्तीय वर्ष (2025-26) और पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) तक का मूल कर बिना किसी ब्याज और जुमार्ने के अदा करें। उन्होंने बताया कि अब तक 1.29 लाख से अधिक करदाता सुनियो योजना का लाभ उठा चुके हैं और 30 सितंबर तक 519 करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति कर जमा किया जा चुका है। इनमें से लगभग 66 हजार नए करदाताओं ने पहली बार संपत्ति कर चुकाया है, जिससे लगभग 200 करोड़ रुपये का संग्रह हुआ है। महापौर ने बताया कि चालू वर्ष 2025-26 में केवल छह महीनों में ही 11.79 लाख करदाताओं से 2270 करोड़ रुपये का कर संग्रह हुआ है, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 9.9 लाख करदाताओं से लगभग 1736 करोड़ रुपये ही एकत्र हुए थे। यह आंकड़े बताते हैं कि संपत्ति कर संग्रह में 30.7 फीसदी की वृद्धि और करदाताओं की संख्या में 19 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 2132.29 करोड़ रुपये का संपत्ति कर संग्रह हुआ था, जबकि चालू वित्त वर्ष में आधे समय में ही इससे अधिक कर जमा हो चुका है। महापौर ने जनता से अपील करते हुए कहा, यह सुनहरा अवसर है कि बिना किसी दंड और ब्याज के अपने बकाया संपत्ति कर का निपटारा करें और सुनियो योजना का पूरा लाभ उठाएं।ह्व उल्लेखनीय है कि यह योजना 01 जून से 30 सितंबर तक के लिए लागू थी, लेकिन अब इसे तीन महीने और बढ़ाकर 31 दिसंबर तक कर दिया गया है। हालांकि एक अक्टूबर से 31 दिसंबर के बीच भुगतान करने वालों को मूल कर राशि पर दो फीसदी विलंब शुल्क देना होगा।

# मुख्यमंत्री ने तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया उद्घाटन

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली, । दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को कड़कड़डूमा औद्योगिक क्षेत्र स्थित प्रशिक्षण केंद्र में तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों के दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दो दिवसीय (3 और 4 अक्टूबर) प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन दिल्ली सरकार के राजस्व विभाग ने किया है। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, यह प्रशिक्षण आधुनिक सोच, पारदर्शिता और जनता की वास्तविक जरूरतों से जुड़े प्रशासनिक मूल्यों को आत्मसात करने का अवसर है। इसका उद्देश्य सरकारी दफ्तरों में ऐसा वातावरण बनाना है जो ऊर्जा, अनुशासन और सामाजिक सेवा की भावना से परिपूर्ण हो। उन्होंने कहा, हर अधिकारी जनता की समस्याओं का समाधान अपने कर्तव्य का प्रथम आधार समझकर करें यही हमारी सरकार का संकल्प है। मुख्यमंत्री ने कहा, ईमानदारी, पारदर्शिता और टीम भावना के माध्यम से जनसेवा ही हमारी सरकार की कार्यशैली है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से तहसीलदारों और सब-रजिस्ट्रारों को जनता की समस्याओं का समाधान करने में मदद मिलेगी और काम भी तेजी से होगा। पिछली सरकारों ने अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम की ओर कोई ध्यान दिया। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार चलाने और जनता को बेहतर सुविधाएं देने के लिए हर व्यक्ति को प्रशिक्षण की जरूरत होता है, चाहे वह नेता हो या फिर अधिकारी।

# नॉर्थ कैंपस में छात्रा से छेड़छाड़ करने वाला युवक गिरफ्तार



नई दिल्ली, । दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के नॉर्थ कैंपस में मंगलवार को छात्रा से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। छात्रा के शोर मचाने पर आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। मौरिस नगर पुलिस ने छेड़छाड़ एवं जान से मारने की धमकी देने की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, छात्रा डीयू के हॉस्टल में रहती है। पीड़िता ने बताया कि वह मंगलवार शाम को हॉस्टल लौट रही थी। इस दौरान एक युवक ने उसे गलत तरीके से छूना शुरू कर दिया। जब पीड़िता ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने चाकू दिखाकर अभद्र टिप्पणी की। पीड़िता के शोर मचाने के बाद आसपास के लोगों ने पीछा कर उसे दबोच लिया। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय रोहित शुक्ला के तौर पर हुई है।

# शादी का प्रस्ताव ठुकराने पर बच्चे का अपहरण



नई दिल्ली। शाहदरा जिले के कृष्णा नगर इलाके में महिला द्वारा शादी का प्रस्ताव ठुकराने से नाराज एक शख्स ने उसके तीन वर्षीय बच्चे का अपहरण कर लिया। इसके बाद वह बच्चे के साथ सूरत भाग गया। इस बीच दिल्ली पुलिस को आरोपी की लोकेशन सूरत में मिली, तो जीआरपी की मदद से उसे धरदबोचा। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से बच्चे को सुरक्षित बचाकर उसकी मां को सौंप दिया है। आरोपी महिला का पड़ोसी है। उसकी पहचान आरा, बिहार निवासी सुधीर ठाकुर के तौर पर हुई है। पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि एक महिला ने 15 सितंबर को अपने बच्चे के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़िता ने बताया कि 14 सितंबर को उसका पड़ोसी सुधीर उसके तीन वर्षीय बेटे को इलाज के बहाने साथ लेकर कहीं चला गया है। आरोपी युवक पीड़िता की ही इमारत में किराए पर रहता था और करीब दो महीने पहले ही उसके संपर्क में आया था। एक माह पूर्व उसने पीड़िता से शादी का प्रस्ताव भी रखा था, जिसे ठुकरा देने पर उसने बदला लेने के लिए उसके बच्चे का अपहरण कर लिया। महिला ने वीडियो कॉल के दौरान आरोपी को खोजा पुलिस ने जांच के दौरान 30 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगाले और आरोपी के मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस करनी शुरू की। इसके बाद बिहार के आरा स्थित उसके गांव में छापेमारी की गई, लेकिन वह वहां नहीं मिला। इसी दौरान आरोपी ने पीड़िता को वीडियो कॉल कर बात की, तो उसके सूरत रेलवे स्टेशन पर होने का पता चला। इसके बाद पुलिस ने सूरत जीआरपी से संपर्क कर आरोपी सुधीर को धरदबोचा। उसके पास से बच्चे को सुरक्षित बरामद कर लिया गया।

# स्कूल के बच्चों पर थोपा जा रहा आरएसएस का इतिहास :देवेंद्र यादव

नई दिल्ली। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने शुक्रवार को आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार राष्ट्रनीति शिक्षा योजना के नाम पर स्कूलों में आरएसएस का इतिहास थोपने की तैयारी कर रही है। यादव ने कहा कि भाजपा स्वतंत्रता संग्राम की आड़ में छात्रों पर उन आरएसएस समर्थकों की जीवनी थोपना चाहती है, जिनकी आजादी की लड़ाई में कोई अहम भूमिका नहीं थी। शिक्षा विशेषज्ञ और इतिहासकारों ने कभी भी स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस की भूमिका को महत्व नहीं दिया लेकिन भाजपा लोकतांत्रिक मूल्यों और सामाजिक समानता को खत्म कर देश को धार्मिक स्वरूप देने की कोशिश कर रही है। यदि देश आरएसएस की विचारधारा पर चलता तो आईआईटी, आईआईएम, एम्स और इसरो जैसे संस्थान अस्तित्व में नहीं आते। रेखा गुप्ता सरकार का यह कदम दिल्ली के स्कूली बच्चों के भविष्य को संकीर्ण सोच में बांध देगा और राष्ट्र के विकास के लिए खतरनाक साबित होगा।

# झगड़े का बदला लेने के लिए नाबालिग ने की थी हत्या

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में एक युवक की हत्या मामले में पुलिस ने शुक्रवार को दो नाबालिगों को पकड़ा है। इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू और खून से सने कपड़े बरामद किए हैं। आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि मोहम्मद लुकमान से झगड़े का बदला लेने के लिए उसकी हत्या की। पुलिस उपायुक्त आशीष मिश्रा के मुताबिक, दो अक्तूबर को गोकलपुरी थाने में चाकूबाजी की सूचना मिली। प्राथमिक पूछताछ में सामने आया कि पीड़ित पर दो बदमाशों ने मिलकर जानलेवा हमला किया था।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

निविदा संख्याः 22-क.वि.-नई दिल्ली-2025-26 दिनांक : 03.10.2025

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क.वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | दो वर्ष की अवधि के लिए एसएसबी–बीटीआई पर 25 केवी एसी ट्रैक्शन प्रणाली की पीएसआई रखरखाव गतिविधियों की आउटसोर्सिंग। |
| 2 | अनुमानित लागत | रु. 3,30,50,430.58/- |
| 3 | बयाना राशि | रु. 3,15,300/- |
| 4 | ई–निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 15.10.2025 (10:30 बजे) से 29.10.2025 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई–निविदा समापन की अंतिम तथा ई–निविदा खुलने की तारीख और समय | 29.10.2025 (15:00 बजे) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

3063/25

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# आठ महीने में ही भाजपा ने सरकारी अस्पतालों का ये हाल कर दिया है कि लोग स्ट्रेचर तक के लिए तरस रहे : मनीष सिसोदिया

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली, दिल्ली में निजी स्कूलों की जिस बढ़ाकर शिक्षा माफियाओं को फायदा पहुंचाने के बाद भाजपा सरकार अब प्राइवेट अस्पतालों को फायदा पहुंचाने के लिए सरकारी अस्पतालों को बर्बाद कर रही है। यही वजह है कि जानबूझ कर सरकारी अस्पतालों में सर्जिकल उपकरण, ग्लव्स व दवाओं की कमी की जा रही है। उधर, स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों द्वारा दवाइयों की खरीद पर रोक लगा रखी है, अस्पताल अधीक्षकों को अपने स्तर पर दवा खरीद की अनुमति नहीं दी जा रही है। परिणाम स्वरूप सरकारी अस्पतालों में हाहाकार मचा हुआ है। भाजपा सुविधाओं का अभाव दिखाकर स्वास्थ्य सेवाओं को निजी हाथों में देना चाहती है। शनिवार को आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर दिल्ली प्रदेश संयोजक सौरभ भारद्वाज ने ये बातें कहीं। उधर, आप के वरिष्ठ नेता और दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने भी सरकारी अस्पतालों में मरीजों को मुफ्त दवा नहीं मिलने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर कहा कि भाजपा ने 6 महीनों में ही दिल्ली के अस्पतालों का क्या हाल कर दिया है? आज दिल्ली की जनता दवाई, स्ट्रेचर और ग्लव्स तक के लिए तरस रही है। ये वही दिल्ली है जहाँ अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री रहते हुए बड़ी मुश्किल से इस अस्पतालों को ठीक किया था और यह सुनिश्चित किया था कि किसी भी सरकारी अस्पताल में आम आदमी को दवाई बाहर से नहीं खरीदनी पड़े, लेकिन भाजपा ने 6 महीनों में सब बर्बाद कर दिया। आप मुख्यालय पर प्रेस वार्ता कर सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार को करीब आठ महीने हो गए हैं। इस समय दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत बहुत खराब है। सरकारी अस्पतालों के इतने बुरे हाल कभी नहीं थे। एक समय था जब दिल्ली सरकार के अस्पतालों में सभी दवाइयां मुफ्त मिलती थी, क्योंकि अरविंद केजरीवाल ने सभी दवाइयां मुफ्त कराई थीं, सभी जांच भी मुफ्त होती थीं। योजना थी कि अगर दिल्ली सरकार के अस्पताल में एमआरआई, सीटी स्कैन नहीं हो रहा या कोई जांच नहीं हो पा रही तो निजी जांच केंद्र में भेजकर मुफ्त जांच कराई जाती थी। अगर कोई ऑपरेशन समय पर सरकारी अस्पताल में नहीं हो पा रहा हो, मरीजों का बोझ ज्यादा है या सर्जन उपलब्ध नहीं होते थे तो निजी अस्पताल में इलाज कराया जाता था। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि आज दिल्ली की आठ महीने पुरानी भारतीय जनता पार्टी की सरकार के दौरान सरकारी अस्पतालों में हाहाकार मचा हुआ है। भाजपा सरकार के आठ महीनों में दिल्ली के सरकारी अस्पतालों की हालत अभूतपूर्व रूप से खराब हो गई है। दवाइयां, सर्जरी के उपकरण, दस्ताने और प्रत्यारोपण जैसी आवश्यक सामग्री उपलब्ध नहीं हैं, जिससे मरीजों को अपनी जेब से दवाइयां खरीदनी पड़ रही हैं। यही हाल राम मनोहर लोहिया जैसे केंद्र सरकार के अस्पतालों में भी है। सौरभ भारद्वाज ने कहा कि भाजपा सरकार जानबूझकर स्वास्थ्य सेवाओं को निजी हाथों में सौंपने की तैयारी कर रही है। उन्होंने कहा कि अस्पतालों में दवाइयों की कमी पैदा करके मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर धकेला जा रहा है। पहले अरविंद केजरीवाल सरकार में सभी दवाइयां और जांचें मुफ्त थीं, अगर सरकारी अस्पताल में सुविधा नहीं मिलती तो निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज कराया जाता था। लेकिन अब दिल्ली आरोग्य कोष का 80 करोड़ का सालाना बजट भी शून्य कर दिया गया है, जिससे फरिश्ते योजना समेत कई सुविधाएं बंद हो गई।

## दिल्ली पुलिस स्पेशल सेल ने राजस्थान के दो गैंगस्टरों को मुठभेड़ के बाद पकड़ा

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार सुबह दक्षिण पश्चिम दिल्ली के कापसहेड़ा इलाके में मुठभेड़ के बाद दो कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई विदेश बैठे गैंगस्टरों के भारतीय नेटवर्क को तोड़ने की दिशा में एक अहम कदम है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों अपराधियों की पहचान आकाश राजपूत निवासी श्रीगंगानगर और महिपाल निवासी भरतपुर राजस्थान के रूप में हुई है। आकाश जुलाई 2022 में हरियाणा के करनाल जिले के असंध इलाके में अस्पताल के बाहर हुई फिरौती के लिए फायरिंग की वारदात में शामिल रहा है, जिसे विदेश बैठे गैंगस्टर दलेर कोटिया ने अंजाम दिलवाया था। इसके अलावा, जुलाई 2025 में गुजरात में हुए एक अपहरण और 100 करोड़ की फिरौती मांगने के मामले में भी वह वांछित था। इस वारदात के पीछे विदेश में बैठे गैंगस्टर किरित सिंह झाला का हाथ था। राजस्थान पुलिस ने आकाश पर 20,000 का इनाम घोषित कर रखा था। वह कुख्यात राजस्थानी गैंगस्टरों जगदीश जागला और अभिषेक गौड़ के जरिए विदेश में बैठे अपराधियों रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चारण से जुड़ा हुआ था। जांच में खुलासा हुआ है कि आकाश फर्जी पासपोर्ट बनवाकर भारत से विदेश भागने की तैयारी में था। वहीं, महिपाल भी करनाल की गोलीबारी की घटना में पहले गिरफ्तार हो चुका था। हालांकि, जमानत पर छूटने के बाद उसने फिर से विदेश बैठे गैंगस्टरों से संपर्क साध लिया और आपराधिक गतिविधियों में सक्रिय हो गया। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने बताया कि आज सुबह कापसहेड़ा में हुई मुठभेड़ के दौरान आकाश राजपूत को पैर में गोली लगी, जिसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया गया। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं, महिपाल को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। स्पेशल सेल की इस कार्रवाई के बाद माना जा रहा है कि विदेश बैठे गैंगस्टरों के भारतीय नेटवर्क को बड़ा झटका लगा है। पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का भव्य स्वागत हम बड़े सौभाग्यशाली हैं जो यह अवसर देख रहे हैं: विराग जैन

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा जिले के कृष्णा नगर मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पथ संचलन का आयोजन रघुनाथ मंदिर से आरंभ होकर लाल क्वार्टर विजय चौक और झील होते हुए रघुनाथ मंदिर पर समापन हुआ। मार्ग के विभिन्न स्थानों पर समाज और विभिन्न संस्थाओं ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का भव्य स्वागत किया। भाजपा शाहदरा जिला व्यापार प्रकोष्ठ के अध्यक्ष विराग जैन के नेतृत्व में व्यापार प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने कृष्णा नगर बस स्टैंड के सहगल चौक पर पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया। सभी स्वयंसेवकों पर भारत माता की जय और वन्देमातरम के जोरदार जयकारों के साथ भव्य पुष्प वर्षा की गई। विराग जैन ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दुनिया का सबसे बड़ा स्वयंसेवी संगठन है और इसका निर्माण बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक विजय दशमी के दिन 1925 में हुआ था। आज संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गए हैं, जिससे सभी में उत्साह और गर्व देखने को मिला। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि एक स्वयंसेवक आज देश का प्रधानमंत्री और विश्व के सबसे लोकप्रिय नेताओं में से एक हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से परमेंद्र गुप्ता, राजकुमार जैन (मंसूरपुर वाले), कामेश्वरनाथ, मुकेश तायल, अंकुर जैन टोनी, विनोद जैन, आदित्य जैन, अभिनव जैन सोनू, विपुल जैन, सन्नी जैन, मनोज जैन महान, मुकेश जैन दवाई वाले आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सज्जन शक्ति के साथ समाज को संगठित करने का किया आह्वान

## विजय दशमी उत्सव में शस्त्र पूजन और पथ संचलन

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा जिले के रोहतास नगर, अशोक नगर और चित्रकूट मंडल में विजय दशमी उत्सव बड़े उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम शस्त्र पूजन हुआ, जिसका मंच संचालन जिला कार्यवाह गौरव जी ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरुण शर्मा (तहसीलदार) तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख सतीश कुमार उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के उपरांत मंचासीन बंधुओं का स्वागत नगर बौद्धिक प्रमुख विजय जी ने तुलसी का पौधा और संघ साहित्य भेंट कर किया। कार्यक्रम में एकल गीत प्रस्तुत करने के बाद मुख्य अतिथि वरुण शर्मा ने नागरिक कर्तव्यों पर प्रकाश डाला और संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। मुख्य वक्ता सतीश कुमार (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दिल्ली प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख) ने चारों युगों में विजय दशमी का महत्व बताते हुए संघ की सौ वर्षों की गौरवशाली यात्रा की झलक दी। उन्होंने 1947 में भारत विभाजन, कश्मीर विलय में स्वयंसेवकों की भूमिका, तीन बार लगे प्रतिबंध और 1989 में डॉ. हेडगेवार जन्म शताब्दी वर्ष पर राष्ट्रीय सेवा भारती की स्थापना का उल्लेख किया। सतीश कुमार ने आगे कहा कि राम जन्मभूमि आंदोलन या कोरोना काल में संघ और समाज ने मिलकर सेवा कार्य किए। उन्होंने आगामी शताब्दी वर्ष के दो प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी झ वृहत गृह संपर्क अभियान (30 नवंबर से 21 दिसंबर) और बस्ती इकाई स्तर पर हिंदू सम्मेलन। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि मिलकर भारत को विश्व गुरु बनाएँ और भारत माता की जय के उद्घोष से राष्ट्र गौरवान्वित होगा। कार्यक्रम में सह नगर कार्यवाह शिवम् जी समेत करीब 500 स्वयंसेवक उपस्थित रहे। इसके बाद 3 किलोमीटर का पथ संचलन निकाला गया, जिसमें समाज के बंधुओं और आरडब्ल्यूए के सदस्यों ने पुष्पवर्षा कर स्वयंसेवकों का स्वागत किया। अनुशासित संचलन से क्षेत्र का वातावरण राष्ट्रभक्ति और उत्साह से ओतप्रोत हो उठा।

## बाहरी दिल्ली पुलिस ने घोषित अपराधी को किया गिरफ्तार, चोरी के गिरोह का किया पदार्फाश

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। राष्ट्रीय राजधानी के बाहरी दिल्ली पुलिस ने एक ही दिन में दो बड़ी कार्रवाइयों को अंजाम देते हुए अपराधियों पर कड़ा प्रहार किया। पहली कार्रवाई में थाना राज पार्क पुलिस की पीओ टीम ने महाराष्ट्र के वर्धा जिले से पिताझपुत्र को दबोचा, जिन्हें दिल्ली की अदालत ने भगोड़ा घोषित किया था। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सांगली, महाराष्ट्र निवासी ईशु सिंह (50) और उसका बेटा राजू सिंह (28) के रूप में हुई है। बाहरी जिला पुलिस उपायुक्त सचिन शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि दोनों के खिलाफ राज पार्क थाना में पोक्सो एक्ट का मामला सहित कई मामले दर्ज हैं। पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिलने पर 27 सितंबर को महाराष्ट्र में छापेमारी कर दोनों को पकड़ा, 28 सितंबर को वर्धा कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड लिया गया और 29 सितंबर को रोहिणी अदालत में पेश किया गया। इसके बाद एक अक्टूबर को दोनों को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया गया। वहीं, दूसरी बड़ी कार्रवाई में जिला स्पेशल स्टाफ और मंगोलपुरी थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी के एक गिरोह का पदार्फाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया और कुल आठ चोरी की सिलाई मशीनें तथा अपराध में प्रयुक्त एक स्कूटी बरामद की। यह मामला 30 सितंबर को थाना मंगोलपुरी में दर्ज शिकायत से शुरू हुआ था, जिसके आधार पर मामला दर्ज हुआ। जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए और गुप्त सूचना पर एक अक्टूबर को पोस्ट ऑफिस, ए ब्लॉक मंगोलपुरी के पास से दो आरोपियों इमरान उर्फ भोला और नरेंद्र उर्फ बादल को पकड़ा गया। पूछताछ में दोनों ने अपने साथी बंटी का नाम बताया, जिसे बाद में दबोच लिया गया। बंटी शिकायतकर्ता की दुकान पर काम करता था और उसने चोरी का सामान अपने परिचित स्क्रैप डीलर रोहन को बेच दिया था। पुलिस ने रोहन को भी सुल्तानपुरी से गिरफ्तार किया और चार चोरी की सिलाई मशीनें बरामद कर लीं। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इमरान उर्फ भोला (31), नरेंद्र उर्फ बादल (38), बंटी ( 40) और रोहन ( 21) के रूप में हुई। पुलिस ने आठों सिलाई मशीनें और स्कूटी को केस प्रॉपर्टी के रूप में जब्त कर लिया है। उपायुक्त ने कहा कि घोषित अपराधियों और पेशेवर अपराधियों के खिलाफ पुलिस की त्वरित कार्रवाई यह संदेश देती है कि अपराध कर कोई भी कानून से बच नहीं सकता।

# भाजपा नेता जितेंद्र चौधरी के जन्मदिन पर सैकड़ों नेताओं और कार्यकताओं ने जताया अभिनंदन

## शाहदरा निवास पर जुटे गणमान्य नागरिक, मंडल पदाधिकारी और समाजसेवी

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा गांधी नगर विधानसभा क्षेत्रः पूर्व स्थाई कमेटी अध्यक्ष और पूर्व पार्षद श्री जितेंद्र चौधरी जीतू जी के निवास पर उनके जन्मदिन के अवसर पर दिल्ली प्रदेश भाजपा के सदस्य, युवा मोर्चा, महिला मोर्चा, आर डब्ल्यू ए अध्यक्षों, मार्किट एसोसिएशन के सदस्यों और समाज के गणमान्य लोगों की भारी उपस्थिति रही। उपस्थित लोगों ने फूल-मालाओं और शुभकामना संदेशों के माध्यम से उन्हें सम्मानित किया और उनके समाज सेवा एवं जनकल्याण में योगदान की प्रशंसा की। जन्मदिन समारोह में घर को रंग-बिरंगे फूलों और सजावटी बैनरों से भव्य रूप से सजाया गया। भाजपा आजाद नगर मंडल के पदाधिकारी, स्थानीय गणमान्य नागरिक और समाजसेवी संगठन भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। सभी उपस्थित लोगों ने न केवल शुभकामनाएँ दीं, बल्कि क्षेत्र के विकास और सामाजिक कल्याण के लिए आगे आने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर श्री जितेंद्र चौधरी की धर्मपत्नी और वर्तमान पार्षद श्रीमती नीलम चौधरी (आजाद नगर) भी मौजूद रहीं। उन्होंने उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया और समाज हित तथा स्थानीय विकास के कार्यों में सहयोग की प्रेरणा दी। उपस्थित लोगों ने उनके नेतृत्व और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उन्हें विशेष सम्मान दिया। समारोह में उपस्थित सैकड़ों लोगों ने इस अवसर को उत्सव और सामाजिक जुड़ाव का प्रतीक बनाया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने एकजुटता और सहयोग का संदेश देते हुए आगामी योजनाओं और क्षेत्रीय विकास की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस भव्य आयोजन ने क्षेत्रवासियों में उत्साह और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया।

## कापसहेड़ा में मुठभेड़ के बाद राजस्थान के दो बदमाश गिरफ्तार, गोली लगने से एक घायल

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने विदेशी गैंगस्टरों के नेटवर्क को तोड़ने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने शुक्रवार सुबह कापसहेड़ा में एक मुठभेड़ के बाद राजस्थान के दो बदमाशों–आकाश राजपूत और महिपाल को गिरफ्तार किया। दोनों विदेश में रह रहे गैंगस्टर्स के लिए काम करते थे। स्पेशल सेल की टीम ने कापसहेड़ा में इन अपराधियों का पीछा किया। मुठभेड़ के दौरान आकाश राजपूत को पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे काबू किया गया। घायल आकाश को अस्पताल भेजा गया। गंगानगर निवासी आकाश राजपूत कई संगीन अपराधों में शामिल रहा है। जुलाई 2022 में करनाल के असंध में एक अस्पताल के बाहर फिरौती के लिए गोलीबारी की घटना में वह शामिल था, जिसे विदेशी गैंगस्टर दलेर कोटिया ने अंजाम दिलवाया था। इसके अलावा, जुलाई 2025 में गुजरात में 100 करोड़ रुपये की फिरौती के लिए हुए अपहरण में भी आकाश राजपूत वांछित था। इस मामले में विदेशी गैंगस्टर किरितसिंह झाला ने पीड़ित से फिरौती मांगी थी। आकाश पर राजस्थान पुलिस ने 20,000 रुपये का इनाम रखा था। वह राजस्थान के इनामी गैंगस्टर जगदीश जागला और अभिषेक गौड़ के जरिए रोहित गोदारा, गोल्डी बराड़ और वीरेंद्र चारण के संपर्क में था। वह विदेश भागने के लिए फर्जी पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया में था। आकाश का आपराधिक नेटवर्क गुजरात, राजस्थान और हरियाणा के गैंगस्टरों के गठजोड़ को दशार्ता है। वहीं भरतपुर निवासी महिपाल असंध गोलीबारी मामले में पहले जेल जा चुका है। वह भी आकाश के साथ मिलकर विदेशी गैंगस्टरों के लिए काम कर रहा था। पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस की सजगता और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का उदाहरण है। विदेशी गैंगस्टरों के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

## 7 साल के बच्चे के अपहरण में पूर्व लिव इन पार्टनर समेत चार आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

नई दिल्ली,। दिल्ली पुलिस ने 7 साल के बच्चे के अपहरण मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। अपहरण 27 सितंबर को हुआ था। बच्चे की मां ने विकासपुरी थाने में शिकायत दर्ज की कि उसका बेटा स्कूल से घर नहीं लौटा। उसे शक था कि उसके पूर्व लिव-इन पार्टनर अजय वर्मा ने बच्चे का अपहरण किया है। शिकायत मिलते ही विकासपुरी थाना पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू की। इंस्पेक्टर राजवीर सिंह, एसएचओ विकासपुरी, और एसीपी तिलक नगर डॉ. गरिमा तिवारी के निर्देशन में इंस्पेक्टर दीपक दहिया के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। इस टीम में एसआई संदीप यादव, एएसआई हरि लाल, एचसी राजकुमार, एचसी दिनेश, एचसी संदीप, एचसी मनोज कुमार, कांस्टेबल करमवीर, कांस्टेबल सविन और डब्ल्यू/सीटी सोनिका शामिल थे। पुलिस ने स्कूल के पास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें दिखा कि अजय वर्मा और उसके एक साथी ने बच्चे को मोटरसाइकिल पर अपहरण कर लिया। अजय ने अपना मोबाइल बंद कर लिया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने उन्नत तकनीक और सोशल मीडिया ट्रैकिंग की मदद से उसका पता लगाया। जांच में पता चला कि अजय ने अपने दोस्त से इंस्टाग्राम के जरिए पिस्तौल की व्यवस्था की थी। पुलिस की एक टीम ने तीन दिन तक हरियाणा के हांसी जिले में डेरा डाले रखा। आखिरकार अजय वर्मा को हांसी के एक खेत से उसके दो साथियों के साथ पकड़ा गया। आरोपियों से बच्चे को सुरक्षित बचा लिया गया। इधर दिल्ली में अजय नाम के दूसरा आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके घर से एक देसी पिस्तौल बरामद हुई। उस पर आर्म्स एक्ट के तहत अलग मामला दर्ज किया गया। जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अजय वर्मा (24) महिला के साथ पहले लिव-इन रिलेशनशिप में था। वह महिला पर अत्यधिक नियंत्रण रखता था और उससे मारपीट करता था। परेशान होकर महिला उसे छोड़कर दिल्ली के केशवपुर गांव में अपने मायके आ गई थी। आरोप है कि अजय वर्मा उसे वापस हांसी ले जाने के लिए उस पर दबाव डाल रहा था। जब वह नहीं मानी, तो अजय ने बच्चे का अपहरण कर उसे धमकी दी कि अगर वह वापस नहीं आई तो बच्चे को नुकसान पहुंचाएगा। गिरफ्तार आरोपियों में हांसी निवासी अजय वर्मा, हिसार निवासी अमित (18), सचिन (20) और दिल्ली निवासी अजय शामिल हैं।

## ब्लाइंड हिट-एंड-रन मामले में 500 सीसीटीवी खंगालने के बाद आरोपी हरियाणा से गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली में आरकेपुरम थाना पुलिस ने हिट-एंड-रन मामले को सुलझाते हुए आरोपी सत्यवीर सिंह (39) को गिरफ्तार कर लिया है। डेरोली जाट, महेंद्रगढ़ (हरियाणा) निवासी आरोपी की क्षतिग्रस्त मारुति अर्टिगा कार भी बरामद कर ली गई है। यह घटना भीकाजी कामा प्लेस के पास रिंग रोड पर हुई थी। पुलिस के मुताबिक, एक पीसीआर कॉल मिली कि रिंग रोड पर होटल हयात रीजेंसी के पास एक अज्ञात वाहन ने दुर्घटना को अंजाम दिया। एसआई मनीष मीणा और हेड कांस्टेबल योगेश तुरंत मौके पर पहुंचे, जहां एक क्षतिग्रस्त सीडी डीलक्स मोटरसाइकिल मिली। घायल बिजेंद्र कुमार मीणा (43) निवासी दौसा (राजस्थान) को पहले ही एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया था। चूंकि कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं था, पुलिस ने मेडिकल रिपोर्ट, घटनास्थल के निरीक्षण और उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर एफआईआर दर्ज की। मामले की गंभीरता को देखते हुए, इंस्पेक्टर रविंदर कुमार त्यागी, एसएचओ आरके पुरम, के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई, जिसमें एसआई मनीष मीणा, हेड कांस्टेबल योगेश और कांस्टेबल लोकेश शामिल थे। इस टीम ने एसीपी बब्बर भान, वसंत विहार, के मार्गदर्शन में काम किया। पुलिस ने रिंग रोड पर वर्ल्ड ट्रेड सेंटर से धौला कुआं तक के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। फुटेज में एक सफेद मारुति अर्टिगा कार मोटरसाइकिल के पीछे दिखी, लेकिन कम रोशनी के कारण नंबर प्लेट स्पष्ट नहीं थी। टीम ने सफदरजंग एन्क्लेव, आर.के. पुरम, मोती बाग, धौला कुआं, महिपालपुर और गुरुग्राम में 500 से अधिक सीसीटीवी और एएनपीआर फुटेज का विश्लेषण किया। आखिरकार, वाहन की पहचान हुई और चालक सत्यवीर सिंह को हरियाणा से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में सत्यवीर ने कबूल किया कि वह आईएसबीटी आनंद विहार से यात्रियों को लेकर गुरुग्राम जा रहा था, तभी उसकी कार ने मोटरसाइकिल को टक्कर मारी। घबराहट में वह मौके से भाग गया। सत्यवीर स्नातक और विवाहित है और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

# माता वैष्णो देवी की चौकी में उमड़ा आस्था और भक्ति का सागर

## शाहदरा के कृष्णा नगर एफ-ब्लॉक में हुआ भव्य आयोजन

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा कृष्णा नगर विधानसभा क्षेत्र के कृष्णा नगर एफ-ब्लॉक में माता वैष्णो देवी की चौकी का भव्य आयोजन पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण में डुबो गया। माता रानी की कृपा और क्षेत्रवासियों के सामूहिक सहयोग से गली-गली में सजावट, रोशनी और भजनों की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और सबने अपनी श्रद्धा भावपूर्वक माता रानी के चरणों में अर्पित की। इस पावन अवसर पर क्षेत्रीय उप-जिलाधिकारी (एस.डी.एम.) श्री देवेंद्र तोमर, क्षेत्रीय निगम पार्षद श्री संदीप कपूर, तथा विकास बग्गा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। विशिष्ट अतिथियों ने माता रानी का आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं के उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में प्रेम, एकता और भाईचारे को और अधिक प्रबल करते हैं। कार्यक्रम के दौरान गली के सभी गणमान्य लोग, महिला शक्ति और युवा वर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। सबने न केवल आयोजन में भाग लिया बल्कि यह सुनिश्चित भी किया कि पूरा कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो। देर रात तक चौकी का वातावरण भक्तिमय बना रहा और माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा। विशेष रूप से महिला शक्ति ने सजावट से लेकर सफाई और व्यवस्था तक में दिन-रात सहयोग किया। पूरी महिला शक्ति ने सभी क्षेत्रवासियों का तहेदिल से आभार जताया और कहा कि आप सभी के सहयोग से ही यह आयोजन इतना सफल हो सका। विशेष रूप से धन्यवाद किया गया जिन्होंने आयोजन के हर पहलू को संभालकर इसे सफल बनाया। सभी ने एक स्वर में आशा व्यक्त की कि आगे भी इसी प्रकार का स्नेह और सहयोग मिलता रहेगा, जिससे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन लगातार होते रहें और समाज में प्रेम व सौहार्द का संदेश फैलता रहे।

## चाकूबाजी की घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत, दो आरोपियों की तलाश में पुलिस

नई दिल्ली। दिल्ली के गोकलपुरी थाना क्षेत्र में 2 अक्टूबर 2025 को एक चाकूबाजी की घटना में 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। यह घटना शाम करीब 4:54 बजे गली नंबर 6, भागीरथी विहार में हुई। पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक पर चाकू से हमला हुआ है। जब पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, तो पता चला कि पीड़ित को उसके भाई ने जीटीबी अस्पताल पहुंचाया था, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान एक 18 वर्षीय युवक के रूप में हुई, जो भागीरथी विहार में कबाड़ के गोदाम में मजदूर के रूप में काम करता था। प्रारंभिक जांच में पता चला कि दो अज्ञात व्यक्तियों ने उस पर चाकू से हमला किया था। पुलिस ने इस मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए थाना गोकलपुरी में धारा 103(1)/3(5) बीएनएस और 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। घटनास्थल पर फोरेंसिक टीम ने पहुंचकर साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस ने आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए कई टीमें गठित की हैं, जो संदिग्धों का पता लगाने और सुराग जुटाने में जुटी हैं। आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और स्थानीय लोगों से पूछताछ जारी है ताकि हमलावरों तक पहुंचा जा सके। डीसीपी (उत्तर-पूर्व जिला) ने बताया कि पुलिस इस मामले को गंभीरता से ले रही है और आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। घटना के पीछे का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। लेकिन, प्रारंभिक जानकारी के अनुसार यह आपसी विवाद से जुड़ा हो सकता है। पुलिस ने स्थानीय समुदाय से अपील की है कि अगर किसी के पास इस मामले से संबंधित कोई जानकारी हो, तो वह तुरंत पुलिस से संपर्क करे।

# डीसीपी प्रशांत गौतम के निर्देशन में शाहदरा पुलिस की बड़ी सफलता

- कृष्णा नगर थाना टीम ने 3 साल के बच्चे का अपहरण सुलझाया

प्रात: किरण: मनोज जैन



शाहदरा जिले के कृष्णा नगर थाना की पुलिस ने डीसीपी प्रशांत गौतम के निर्देशन में तीन साल के मासूम बच्चे के अपहरण के सनसनीखेज मामले को कम समय में सुलझा लिया। शिकायतकर्ता सपना, निवासी गली नंबर 7, शांति मोहल्ला, गांधी नगर ने बताया कि उनके परिचित सुधीर कुमार ठाकुर ने 14 सितंबर 2025 को उनके पुत्र को बहाने से अगवा कर लिया। पुलिस को सूचना मिलते ही तत्काल कार्रवाई आरंभ की गई। इस गंभीर प्रकरण की जांच के लिए थाना प्रभारी (एसएचओ) मुकेश राणा के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई, जिसकी निगरानी गांधी नगर डिवीजन के एसीपी अरविंद सागर नेगी तथा डीसीपी प्रशांत गौतम ने की। टीम में एसआई निशी मलिक, हेड कांस्टेबल गजेंद्र मलिक, हेड कांस्टेबल नवरतन और कांस्टेबल श्रीनाथ शामिल थे। टीम ने इलाके के 30 से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया और मोबाइल कॉल रिकॉर्ड के माध्यम से आरोपी की गतिविधियों को ट्रैक किया। आरोपी की लोकेशन पहले बिहार के आरा जिले के आसपास पाई गई, लेकिन वह लगातार जगह बदलता रहा। जांच के दौरान महत्वपूर्ण सुराग तब मिला जब पीड़िता ने आरोपी से हुई वीडियो कॉल में सूरत रेलवे स्टेशन की पृष्ठभूमि देखी। इस सूचना के आधार पर कृष्णा नगर पुलिस ने जीआरपी सूरत के साथ समन्वय कर संयुक्त अभियान चलाया। महिला एसआई निशी मलिक और हेड कांस्टेबल नवरतन ने योजना बनाकर सूरत रेलवे स्टेशन से आरोपी को गिरफ्तार किया और बच्चे को सकुशल बरामद कर संरक्षण में लिया। बाद में बच्चे को परिवार को सुपुर्द कर दिया गया। डीसीपी प्रशांत गौतम ने टीम की तत्परता और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि समय पर मिली सूचनाओं और संगठित पुलिस प्रयासों से ही इस तरह की सफलताएँ संभव हो पाती हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी मुकेश राणा, एसआई निशी मलिक, हेड कांस्टेबल गजेंद्र मलिक, हेड कांस्टेबल नवरतन और कांस्टेबल श्रीनाथ की भूमिका उल्लेखनीय रही। जनता से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें ताकि बच्चों और नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## नेशनल सिल्क एक्सपो का आयोजन

नई दिल्ली। दिल्ली के रफी मार्ग स्थित कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में सात अक्तूबर तक नेशनल सिल्क एक्सपो का आयोजन किया गया है। इस मेले में सिल्क से बने परिधानों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जा रही है। यह एक्सपो विशेष रूप से सिल्क साड़ियों और सूट पर केंद्रित है, जिसमें बनारसी साड़ी, भागलपुर सिल्क और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों के हैंडलूम सिल्क के वस्त्र शामिल हैं। मेले में प्रदर्शित परिधान अपनी बारीक कारीगरी और पारंपरिक डिजाइनों के लिए खास तौर पर सराहे जा रहे हैं।

सत्ता और संगठन ने बनाया फॉर्मूला...

# प्रभार वाले जिलों में मंत्री लगाएंगे जनता दरबार

भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।

**मप्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की कोशिश है कि सरकार जनता के दर पर पहुंचे। इसके लिए उन्होंने मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों में लगातार सक्रिय रहने को निर्देशित किया है। लेकिन मंत्री राजधानी भोपाल का मोह नहीं त्याग रहे हैं। इसको देखते हुए अब सत्ता और संगठन ने फॉर्मला बनाया है कि मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में जनता दरबार लगाएं। इस दरबार में जनता की समस्याओं को सुना जाए और उनका निराकरण कराया जाए।**

सत्ता और संगठन के निर्देशानुसार, प्रभारी मंत्रियों को प्रभार के जिलों में मूवमेंट बढ़ाना होगा। वहां जनता दरबार लगाने होंगे, ताकि लोग अपनी बात कह सकें। विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी करनी होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों को यह टास्क दिया है। बता दें, कुछ जिलों में प्रभारी मंत्रियों की असंवेदनशीलता से संगठन के साथ लोगों में भी आक्रोश दिखाई दे रहा है। इसको लेकर सत्ता व संगठन से पूर्व में भी मंत्रियों को सप्ताह में दो दिन राजधानी में बैठने की नसीहत मिल चुकी है।



## लोगों ने नहीं मिलते मंत्री

ज्यादातर मंत्री, प्रभार के जिलों में बहुत कम जा रहे हैं। वहां के लोग परेशान हैं, ये मंत्रियों को खोजते फिरते हैं। ऐसे मंत्री कैबिनेट बैठक वाले दिनों को छोड़ दें तो भोपाल में भी नहीं मिलते। इनका पूरा जोर अपनी विधानसभा क्षेत्र में रहता है। कुछ मंत्रियों से कार्यकर्ता भी नाराज है, क्योंकि मंत्री कब मिलेंगे, कहां जाएंगे, यही तय नहीं होता। सूत्रों के मुताबिक पार्टी से ही यह आवाज उठती रही है कि कुछ मंत्री ढूंढे नहीं मिलते, इस आधार पर पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा ने सत्ता के साथ मिलकर मंत्रियों के कम से कम दो दिन भोपाल में बैठने के सुझाव दिए। यही अपेक्षा मौजूदा प्रदेश भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भी जाहिर कर चुके हैं। तब भी ज्यादातर बंगलों पर मंत्री प्रवास पर हैं का बोर्ड मिलता है। पार्टी के कार्यकर्ता हों या आमजन सभी की शिकायत है कि यदि उन्हें विभाग से या जिले से जुड़े कोई काम हो तो मंत्रियों की बहुत खोजबीन करनी पड़ती है।

## योजनाओं की समीक्षा करने का निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में जारी विकास गतिविधियों, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और योजनाओं के मैदानी क्रियान्वयन की प्रभारी मंत्री अपने प्रभार के जिलों में समीक्षा करें। साथ ही जन समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करवायें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अक्टूबर माह में राज्य स्तर पर कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। कॉन्फ्रेंस में सभी मंत्रीगण, कमिश्नर, कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, संभागीय अधिकारी, आई.जी. सहित विभाग प्रमुख और सचिवालयीन अधिकारी शामिल होंगे। कॉन्फ्रेंस से पहले सभी कमिश्नर और कलेक्टर आगामी वर्ष की विकास कार्ययोजना भी तैयार करें, जिससे प्रदेश के विकास को और अधिक गति प्रदान की जा सके। गौरतलब है कि राजधानी में 7-8 अक्टूबर को प्रस्तावित कलेक्टर-कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में जिले के कलेक्टर, संभागों के संभागायुक्त, पुलिस रेंज के आइजी-डीआइजी और जिला पंचायत सीईओ सरकार के साथ जमीनी फीडबैक साझा कर सकेंगे। साथ ही मैदानी स्तर पर आने वाली चुनिंदा चुनौतियां भी बताएंगे, ताकि उनमें सुधार किया जा सके। प्रमुख नवाचार भी साझा किए जाएंगे, ताकि प्रदेश भर में उन्हें अपनाया जा सके। जबकि एसीएस, पीएस और सचिव आगामी रोडमैप पर बात करेंगे। सीएम डॉ. मोहन यादव ने गतदिनों बैठक के एजेंडे का रिव्यू किया। कॉन्फ्रेंस में जिलों के रोडमैप पर बात होगी। इन्हें संबंधित कलेक्टरों द्वारा पेश किया जाएगा। जिन कलेक्टरों के रोडमैप अच्छे होंगे, उन्हें दूसरे जिलों के लिए भी अपनाया जा सकेगा। इसके अलावा जिलों में नवाचारों पर भी चर्चा होगी।

# भूमि के अभाव में अटकी परियोजनाएं

**भोपाल।** मप्र में एक तरफ सरकार औद्योगिक विकास के लिए देश-विदेश से निवेशकों को आमंत्रित कर रही है। दूसरी तरफ स्थिति यह है कि प्रदेश में जमीनों की कमी होने लगी है। इसकी वजह यह है कि या तो सरकारी जमीनों पर कब्जा हो गया है, या फिर उनकी बंदरबांट हो गई है। सरकारी जमीनों पर कब्जा और बंदरबांट का असर यह हो रहा है कि भूमि के अभाव में कई परियोजनाएं अटकी हुई हैं।

दरअसल, प्रदेश में जिस तेजी से शहरीकरण हो रहा है, उसी तेजी से सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण भी किया जा रहा है। आलम यह है कि भू-माफिया वन क्षेत्रों में भी अतिक्रमण कर रहे हैं। प्रदेश में सरकारी जमीन हथियाने का खेल चरम पर है। अकेले भोपाल में 1000 से से ज्यादा स्थानों पर सरकारी जमीनें कब्जाई है। ये बीते 10 सालों का रिकार्ड है। इसमें कितनी जमीन है, यह प्रशासन को भी नहीं मालूम। इनमें से कुछ कब्जे चिह्नित है तो कुछ पर अब तक प्रशासन की नजर ही नहीं पड़ी। शहरों में ज्यादातर कब्जे धार्मिक स्थलों के निर्माण के नाम पर किए जा रहे हैं। इसके बाद झुग्गी माफिया भी सक्रिय है। जबकि वन क्षेत्रों में पट्टा पाने की होड़ मची है। कई लोग मूल घर को छोड़कर दूसरे स्थानों पर भूमिहीन बनकर कब्जा कर रहे हैं। एक तरफ सरकारी जमीन की बंदरबांट हो रही है तो दूसरी तरफ जमीन की कमी के कारण 15 से ज्यादा छोटी-बड़ी परियोजनाएं अटकी हैं।

# पचमढ़ी में राहुल गांधी निकालेंगे सुलह का रास्ता

भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।

मध्य प्रदेश में जमीन से उखड़ी कांग्रेस को फिर उसी जमीन पर खड़ा करने का फार्मूला बेशक राहुल गांधी लेकर आएंगे। 2 नवम्बर से शुरू होने जा रही पार्टी की बैक टू बेसिक्स की क्लास में जिलाध्यक्षों के जरिए पूरी पार्टी को मजबूती की कोशिश होगी, लेकिन सवाल ये है कि जिलाध्यक्षों के सिलेक्शन के बाद ही जो गुटबाजी सतह पर आ गई है, क्या ऐसे में कांग्रेस के कायाकल्प मुमकिन हो पाएगा। सवाल ये है कि राहुल गांधी के जिलाध्यक्ष के इस नए फॉर्मूले के बाद पार्टी में जो खींचतान मची है। उसके बाद कांग्रेस का सुलह का रास्ता निकल पाएगा।



राहुल गांधी ने जिस समय मध्य प्रदेश कांग्रेस को अपने नए प्रयोग की प्रयोगशाला बनाया है। क्षत्रपों की एक पूरी पीढ़ी के आगे निकल जाने के बाद पार्टी की दूसरी पीढ़ी में भी वही संक्रमण दिखाई दे रहा है। बीते दिनों जिस तरह से कमलेश्वर पटेल का बयान आया। जिलाध्यक्षों के चयन के बाद जिस तरह से उन्होंने मध्य प्रदेश के नेतृत्व पर ही सवाल खड़े किए। कांग्रेस की गुटबाजी को लेकर पहले पटेल इशारों में बोले थे। उन्होंने कहा था कि मुखिया मुख सो चाहिए खान पान को एक। इसके बाद उन्होंने प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी का नाम लिए बिना ये कहा कि प्रदेश का प्रभारी का काम कॉर्डिनेशन है। न कि खुद पार्टी बनना। उन्होंने इशारों में जीतू पटवारी पर भी निशाना साधा और कहा कि प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी ये दोनों अहम पद हैं।

## राहुल की क्लास में बदलेगा कांग्रेस का हाल?

संगठन सृजन अभियान में 71 जिलाध्यक्षों का चुनाव कर लेने के बाद अब कांग्रेस इन जिलाध्यक्षों को ट्रेनिंग भी देने जा रही है। 2 नंवबर से 12 नवंबर तक मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में ये ट्रेनिंग कैम्प होगा। इस ट्रेनिंग में 9 नवम्बर को राहुल गांधी आएंगे और जिलाध्यक्षों की क्लास लेंगे। कई बार तारीखें आगे पीछे होने के बाद राहुल गांधी का ये कार्यक्रम तय हो चुका है। भोपाल जिले की कांग्रेस की बैठक के बाद पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि राहुल गांधी 9 नवम्बर को मध्य प्रदेश आ रहे हैं। ये संगठन सृजन का महत्वपूर्ण अभियान होगा। ये इस लक्ष्य के साथ होगा कि 2028 में मध्य प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनेगी और 2029 में लोकसभा चुनाव में जीत के बाद राहुल गांधी देश के प्रधानमंत्री बनेंगे।

# मुख्यमंत्री का निवेश के लिए अगला पड़ाव नार्थ-ईस्ट

भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का निवेश के लिए अगला पड़ाव नार्थ-ईस्ट के राज्य होंगे। जहां वे 5 अक्टूबर को गुवाहाटी में आयोजित इंटरैक्टिव सेशन ऑन इन्वेस्टमेंट अपॉर्च्युनिटीज़ में उद्योग जगत और निवेशकों के साथ सीधे संवाद करेंगे। यह सेशन उत्तर-पूर्व के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों और नए सेक्टरों के निवेश को मध्यप्रदेश से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। फार्मास्यूटिकल, चाय, सीमेंट, रिन्यूएबल एनर्जी और खाद्य प्रसंस्करण जैसे क्षेत्रों के उद्योगपति इस मंच पर शामिल होंगे।

## फार्मा उद्योग का प्रमुख केंद्र है गुवाहाटी

गुवाहाटी फार्मा उद्योग का प्रमुख केंद्र है, जहां सन फार्मा, अल्केम और अजंता जैसी बड़ी इकाइयां सक्रिय हैं। इसके साथ ही सीमेंट, पेट्रोकेमिकल्स, चाय उद्योग, पर्यटन और वेलनेस, रिन्यूएबल एनर्जी और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्र तेजी से विकसित हो रहे हैं। डिब्रूगढ़ में ऑईल इंडिया का मुख्यालय और भारत पेट्रो केमिकल लिमिटेड (बीपीसीएल) के प्रमुख प्रोजेक्ट हैं, तिनसुकिया चाय बागानों और लॉजिस्टिक्स का केंद्र है, जबकि जोरहाट चाय अनुसंधान और प्लांटेशन का केंद्र माना जाता है। शिवसागर और नाजिरा में ओएनजीसी के प्रमुख ऐसेट हैं और नामरूप में असम पेट्रोकेमिकल्स लिमिटेड की गतिविधियां चल रही हैं।

## उत्तर-पूर्वी राज्यों के उद्योगपति भी संवाद में शामिल

मध्यप्रदेश की निवेशक हितैषी नीतियां, विश्वस्तरीय इंफ्रास्ट्रक्चर और बेहतर कनेक्टिविटी उत्तर-पूर्व के इन उद्योगों के साथ जुड़कर निवेशकों को भरोसा और अवसर दोनों प्रदान करेंगी। गुवाहाटी के साथ-साथ डिब्रूगढ़, तिनसुकिया, जोरहाट, शिवसागर और नामरूप के प्रतिनिधि इस सेशन में शामिल होंगे। शिलांग, अगरतला, आइजोल, इंफाल और कोहिमा/दीमापुर जैसे अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों के उद्योगपति भी इस संवाद में शामिल होंगे।

## रोजगार के अवसर पैदा करेगा


यह सेशन दोनों क्षेत्रों के उद्योगों के बीच साझेदारी, निवेश और भरोसे का मजबूत माध्यम मानते हैं। फार्मा, सीमेंट, पेट्रोकेमिकल्स, चाय उद्योग, पर्यटन और कृषि-प्रसंस्करण के क्षेत्रों में यह सहयोग नई संभावनाओं और रोजगार के अवसर पैदा करेगा।

कर्मचारियों की सेवाओं को लेकर लगातार शिकायतों के बाद उठाया जा रहा कदम

# मप्र नगरीय निकायों में लागू होगी फेस अटेंडेंस व्यवस्था

भोपाल, प्रातः किरण संवाददाता।

इंदौर की तर्ज पर मध्य प्रदेश के सभी नगर निगमों में फेस अटेंडेंस (चेहरे से उपस्थिति) व्यवस्था लागू की जाएगी। इसको लेकर अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग नगर निगमों को पत्र लिखेगा। दरअसल, निगमों में कर्मचारियों की सेवाओं को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि रिकॉर्ड में कर्मचारी सेवारत है लेकिन वे ड्यूटी पर कभी-कभार ही आते हैं। कई कर्मचारी तो निगम के रिकार्ड में होकर मंत्री और अधिकारियों के बंगलों पर सेवाएं दे रहे हैं। ऐसे में अब नगरीय विकास एवं आवास विभाग यह अनिवार्यता करने जा रहा है कि निगम के अधिकारियों से लेकर प्रत्येक कर्मचारी की फेस अटेंडेंस व्यवस्था की जाए। इसके अलावा पेट्रोल-डीजल की चोरी रोकने के लिए भी व्यवस्था का डिजिटलाइजेशन किया जाएगा।



विभाग में करीब 90 हजार संविदा व विनियमित और 50-55 हजार नियमित कर्मचारी हैं। संविदाकर्मियों की हाजिरी ठेकेदार भेजता है, जिससे गड़बड़ी की आशंका रहती है। विभाग अनुसार 10-15 प्रतिशत कर्मचारी ऐसे हैं, जो काम पर नहीं आते पर वेतन लेते हैं। पहले बायोमीट्रिक अटेंडेंस शुरू की गई थी, लेकिन उसका भी तोड़ निकाल लिया था। बिजली, ईंधन और स्थापना व्यय की बचत के लिए भी कार्ययोजना बनाई जा रही है।

## अब तक 70 हजार कर्मचारी दायरे में

बता दें कि नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय में भी फेस अटेंडेंस व्यवस्था लागू है। नगर निगम के बाद नगरीय निकायों में भी इसे लागू कराया जा रहा है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे का कहना है कि अधिकांश नगर निगमों में फेस अटेंडेंस व्यवस्था लागू की गई है। अब तक 70 हजार कर्मचारी इसके दायरे में लाए जा चुके हैं। इसके अलावा कर्मचारी जहां है उसे अपने मोबाइल से आन ड्यूटी उपस्थित दर्ज करना अनिवार्य है।

## दिसंबर से मप्र के सभी 413 निकायों में चेहरे से हाजिरी

नगरीय प्रशासन विभाग ने दिसंबर से प्रदेश के सभी 413 निकायों में फेस रिकग्निशन अटेंडेंस सिस्टम लागू करने की तैयारी कर ली है। अभी तक 124 निकायों के 11,600 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी इस एआई बेस्ड सिस्टम से जुड़ चुके हैं। राजधानी स्थित संचालनालय में पहले ही 500 कर्मचारियों पर यह सिस्टम लागू हो चुका है। अब कर्मचारियों की उपस्थिति सिर्फ तब दर्ज होगी जब वे अपने कार्यस्थल पर मौजूद होंगे। हाजिरी मोबाइल या डेस्कटॉप ऐप से लगेगी, जिसमें जियो लोकेशन और फेस रिकग्निशन दोनों अनिवार्य होंगे। यह सिस्टम आईरिस और माथे की पहचान के आधार पर ही अटेंडेंस दर्ज करता है। इस व्यवस्था को एमपी अटेंडेंस पोर्टल से जोड़ा गया है, जिसे जल्द ही ई-नगरपालिका 2.0 से लिंक किया जाएगा। इससे कर्मचारियों की उपस्थिति के आधार पर स्वतः वेतन तैयार हो जाएगा।



# भ्रष्टाचार की बुनाई से बुना गया डिप्टी कलेक्टर का ताज

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** छत्तीसगढ़ के सीजीपीएससी घोटाला मामले में ष्टक्चढ्ढ ने सोमवार को रिटायर्ड आईएएस जीवन किशोर ध्रुव, उनके बेटे सुमित, परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, टामन की बहू निशा कोसले, दीपा आदिल के खिलाफ 1500 पन्नों की चार्जशीट पेश की थी. जिसमें कई खुलासे हुए हैं. इसमें पूर्व चेयरमेन टामन सिंह सोनवानी का भतीजा नीतेश और बहू निशा बिना इंटरव्यू दिए डिप्टी कलेक्टर बनने की बात सामने आई है.

**अब सीबीआई की मार**

## बिना इंटरव्यू दिए डिप्टी कलेक्टर बन गए टामन सोनवानी का भतीजा और बहू

सीजीपीएससी घोटाला मामले में की जांच में कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं. जिसमें के पूर्व चेयरमेन और रिटायर्ड टामन सिंह सोनवानी का भतीजा नीतेश सोनवानी और बहू निशा कोसले मुख्य इंटरव्यू में शामिल ही नहीं हुए थे. इसके बावजूद दोनों का चयन कर लिया गया. वजह यह कि नीतेश टामन का दत्तक पुत्र है. इंटरव्यू में खुद टामन बैठे थे. रिश्तेदारी का मामला उठने के बाद पति-पत्नी इंटरव्यू देने पहुंचे ही नहीं, फिर भी चयन सूची में दोनों के नाम आ गए. यह खुलासा पीएससी के दस्तावेजों से हुआ है.

## क्या है सीजीपीएससी घोटाला ?




साल 2020 से 2022 के दौरान डिप्टी कलेक्टर, डीएसपी समेत कई पदों के लिए हुई परीक्षा में टामन सोनवानी के रिश्तेदार समेत कुछ लोगों के करीबी रिश्तेदारों के चयन पर सवाल उठे थे. इन्हीं आरोपों के आधार पर ष्टक्चढ्ढ ने मामला दर्ज किया था. इस केस की जांच जारी है. इस मामले में की टीम के पूर्व चेयरमैन टामन सिंह सोनवानी और बजरंग पावर के डायरेक्टर श्रवण कुमार गोयल को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है.

**1500 पन्नों की चार्जशीट**-बता दें कि ने छत्तीसगढ़ में लोक सेवा आयोग की 2021-22 भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए की पूर्व परीक्षा नियंत्रक आरती वासनिक, पूर्व सचिव व सेवानिवृत्त आईएएस जीवन किशोर ध्रुव, उनके बेटे सुमित ध्रुव, निशा कोसले और दीपा आदिल को कुछ दिनों पहले ही गिरफ्तार किया था.

इसके बाद सोमवार को ने इन सभी पर परीक्षा में धांधली के आरोप लगाते हुए पांचों आरोपियों के खिलाफ करीब 1500 पन्नों की चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की है. जिसे की विशेष कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था.

सीबीआई ने यह मामला 9 जुलाई 2024 को दर्ज किया था, जो छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 16 फरवरी और 10 अप्रैल 2024 को जारी अधिसूचनाओं के आधार पर हुआ. प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि तत्कालीन अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारी, 2020 से 2022 के बीच आयोजित परीक्षाओं और साक्षात्कारों में अपने पुत्र, पुत्री और रिश्तेदारों का चयन करवाने में शामिल थे. 2021 भर्ती प्रक्रिया में ही 1,29,206 उम्मीदवारों ने प्रारंभिक परीक्षा दी, जिनमें से 2,548 मुख्य परीक्षा के लिए चुने गए. इनमें 509 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार चरण पार किया और 170 को विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया.




# ऑनलाइन जुआ-सट्टा का रिकार्ड, एनसीआरबी ने बताया देश में नंबर वन

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की नई रिपोर्ट 2023 में छत्तीसगढ़ को लेकर चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं. जिसमें ऑनलाइन सट्टा और जुआ के मामले में देश भर में छत्तीसगढ़ नंबर वन है. प्रदेश में ऑनलाइन सट्टा-जुआ के 52 केस दर्ज किए गए हैं. जो देश भर में सबसे ज्यादा है.**

## ऑनलाइन सट्टा और जुआ के मामले में छत्तीसगढ़ नंबर वन

ऑनलाइन सट्टा-जुआ के मामलों में देश भर में छत्तीसगढ़ पहले नंबर पर है. यहां ऑनलाइन सट्टा में 52 एफआईआर दर्ज की गई हैं, जबकि दूसरे स्थान पर मध्यप्रदेश 11 और तीसरे पर महाराष्ट्र 10 है. इसी तरह बुजुर्गों के खिलाफ हत्या में भी छत्तीसगढ़ आगे है. नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन में भी राज्य सबसे आगे है.

## NCRB की रिपोर्ट में चौकाने वाला खुलासा

दरअसल राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (ह्रष्टक्रक्च) की रिपोर्ट-2023 में इस हुआ है. रिपोर्ट मंगलवार को जारी की गई. देश के गिने-चुने राज्यों में ऑनलाइन सट्टा-जुआ पर कार्रवाई चल रही है. इसमें छत्तीसगढ़ पहले नंबर पर है, क्योंकि यहां लगातार महादेव सट्टा एप और उससे जुड़े अन्य एप पर कार्रवाई हो रही है. रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश भर में 2023 में 67961 केस दर्ज हुए हैं. 2022 में 73822 और 2021 में 70519 केस दर्ज हुए थे.

## बुजुर्ग की हत्या के मामले भी ज्यादा

बुजुर्ग राज्य में सुरक्षित नहीं राज्य में 73 बुजुर्गों पर जानलेवा हमले हुए, जिनमें उनकी मौत हुई. इसमें हत्या दर (प्रति एक लाख लोगों पर) 3.6 रही, जो राष्ट्रीय औसत 1.2 से तीन गुना है. रिपोर्ट के अनुसार राज्य में वरिष्ठ नागरिकों के खिलाफ अपराध की दर 89.7 प्रति लाख है, जो राष्ट्रीय औसत 76.3 से कहीं अधिक है.

# बस्तर दशहरा में अमित शाह की एंट्री, सुरक्षा समीक्षा होगी सख्त



**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह आज से छत्तीसगढ़ के दौरे पर रहेंगे. इस दौरान शाह बस्तर क्षेत्र में आयोजित होने वाले विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा महोत्सव में शामिल होंगे. इसके साथ ही नक्सल अभियान की समीक्षा करेंगे.

**बस्तर दशहरा में शामिल होंगे अमित शाह**- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय दौरे पर आने वाले हैं. जहां अमित शाह आज रात 8 बजे रायपुर पहुंचेंगे. फिर होटल मेफेयर में रात्रि विश्राम करेंगे. इसके बाद 4 अक्टूबर को 11 बजे जगदलपुर रवाना होंगे. जहां वे मां दंतेश्वरी की पूजा-अर्चना करेंगे. इसके बाद अमित शाह बस्तर दशहरा में शामिल होंगे. इस दौरान ष्टरूविष्णु देव साय, डॉ. रमन सिंह मौजूद रहेंगे. आज स्वतंत्र और लोकतांत्रिक भारत में मुरिया दरबार की परंपरा जनप्रतिनिधियों और लोकतांत्रिक पदों पर आसीन व्यक्तियों तक समस्याएं पहुंचाने का माध्यम बनी हुई है. इस बार यह अवसर और भी विशेष होगा क्योंकि केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह पहली बार मुरिया दरबार में उपस्थित होकर मांझी चालकी द्वारा प्रस्तुत समस्याओं और सुझावों को प्रत्यक्ष रूप से सुनेंगे और उनकी गंभीरता को समझेंगे.

# पेट्रोल-डीजल चोरी गिरोह का पर्दाफाश साइबर सेल और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

**रायपुर, प्रातः किरण संवाददाता।** राजधानी रायपुर के विधानसभा थाना क्षेत्र में लंबे समय से चल रहे पेट्रोल-डीजल के अवैध कारोबार का पर्दाफाश हुआ है। बुधवार रात क्राइम ब्रांच और साइबर सेल की संयुक्त कार्रवाई में पुलिस ने दो अलग-अलग यार्डों पर दबिश देकर 11 आरोपितों को गिरफ्तार किया।

मौके से चार टैंकर, कई ड्रम और पाइप जब्त किए गए। जब्त किए गए माल की कुल कीमत लगभग 4.30 लाख रुपये आंकी गई है।




पुलिस टीम ने रिंग रोड नंबर तीन, पिरदा चौक स्थित सूरज शाह के यार्ड में छापा मारा। यहां सूरज शाह, अखिलेश चौबे, नीरज कुमार, अरविंद गोड और रोहित कुमार बघेल पेट्रोल-डीजल का अवैध भंडारण कर रहे थे। जब्त माल की कीमत लगभग 1.40 लाख रुपये आंकी गई। पुलिस ने प्रत्येक ड्रम से सैंपल लेकर फोरेंसिक जांच के लिए सीलबंद किया। कार्रवाई के दौरान सूरज शाह मौके से फरार हो गया, जबकि बाकी आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया।

## टेकारी चौक पर दूसरा भंडाफोड़

इसके बाद पुलिस ने रिंग रोड नंबर तीन, टेकारी चौक स्थित उमेश साव के यार्ड पर दबिश दी। यहां उमेश साव, शैलेन्द्र कुमार साव, शेख कलीम उद्दीन, राज पटेल, नीरज नेताम और रवि यादव अवैध तरीके से ज्वलनशील तरल पदार्थों का भंडारण और बिक्री कर रहे थे। यहां से जब्त माल की कीमत लगभग 2.90 लाख रुपये बताई गई। आरोपियों के पास किसी भी प्रकार का वैध लाइसेंस या दस्तावेज नहीं मिला।

## पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस ने दोनों जगहों से मिले टैंकर और ड्रम को जब्त कर आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इसके अलावा दो प्लास्टिक पाइप भी जब्त किए गए। आरोपियों से पूछताछ जारी है और फरार सूरज शाह की तलाश की जा रही है।

# भंडारपुरी धाम में समागम, सीएम साय ने घोषणा की बड़ी परियोजनाओं की शुरुआत

**बलौदा, प्रातः किरण संवाददाता।** बाजार जिले के भंडारपुरी धाम में आज गुरु दर्शन और संत समागम मेले का आयोजन किया गया. जहां आज ष्टरू विष्णु देव साय ने इस भव्य कार्यक्रम में शिरकत की. इस दौरान सीएम लगभग 162.28 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन किया. हर साल लगने वाले इस मेले में प्रमुख रूप से श्रद्धालु और संत समाज के लोग शामिल हुए.

आयोजन स्थल सतनामी समाज की आस्था और एकजुटता का प्रमुख केंद्र माना जाता है. इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भंडारपुरी धाम में ?162.28 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन कर ऐतिहासिक विकास यात्रा की नींव रखी. धर्म मंच



से सतनामी समाज के आदेशक निर्देशक एवं धर्मरक्षक राजागुरु, धर्मगुरु गुरु बालदास साहेब जी मानव समाज के कल्याण के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया. जानकारी के मुताबिक परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा जी की पावन कर्मस्थली भंडारपुरी धाम आज 3 अक्टूबर को आस्था, विश्वास और भक्ति के अद्वितीय संगम से सराबोर हुई।

**सम्पादकीय**

# सादगी, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक थे : लाल बहादुर शास्त्री

जितेन्द्र कुमार सिन्हा



भारत की स्वतंत्रता संग्राम की लंबी यात्रा में अनेक महापुरुषों ने अपने अद्वितीय योगदान से राष्ट्र को नई दिशा दी। भारतीय जनमानस में गहरी छाप छोड़ने वालों में है, लाल बहादुर शास्त्री। सादगी, ईमानदारी, त्याग, और कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति लाल बहादुर शास्त्री जी ने अल्प समय के लिए प्रधानमंत्री का पद सँभाला, लेकिन अपनी नीतियों और निर्णयों से वे आज भी करोड़ों भारतीयों के हृदय में जीवित हैं। लाल बहादुर शास्त्री जी का जीवन एक साधारण व्यक्ति के असाधारण कार्यों की कहानी है। गरीबी में जन्म लेने के बावजूद उन्होंने उच्च आदर्शों और राष्ट्र सेवा को सर्वोपरि रखा। उन्होंने देश को जय जवान जय किसान का ऐसा अमर नारा दिया, जिसने भारतीय समाज को एक सूत्र में पिरो दिया। लाल बहादुर शास्त्री का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिला के समीप मुगलसराय नामक छोटे से कस्बे में हुआ। उनका जन्म महात्मा गांधी के जन्मदिवस पर ही हुआ था, मानो नियति ने उन्हें भारत के राजनीतिक इतिहास में विशेष भूमिका निभाने के लिए चुना हो। उनके पिता शारदा प्रसाद श्रीवास्तव प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक थे और बाद में राजस्व विभाग में कार्य करने लगे। माँ रामदुलारी देवी धार्मिक और संस्कारवान महिला थी। दुर्भाग्यवश, लाल बहादुर शास्त्री जी के पिता का निधन तब हो गया जब वे मात्र डेढ़ वर्ष के थे। पिता के साये के बिना उनका बचपन कठिनाइयों से भरा रहा, लेकिन माँ ने हिम्मत और धैर्य से उन्हें पाला। गरीबी और अभाव के बीच पले लाल बहादुर शास्त्री जी ने प्रारंभिक शिक्षा मुगलसराय और वाराणसी से प्राप्त की। बचपन से ही वे अत्यंत ईमानदार, मेहनती और गंभीर स्वभाव के थे। पढ़ाई में भले वे औसत रहे हों, लेकिन सत्य और नैतिकता उनके जीवन का आधार था। लाल बहादुर शास्त्री ने वाराणसी के हरिश्चंद्र हाई स्कूल से शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद वे काशी विद्यापीठ से जुड़े, जहाँ उन्हें महान शिक्षकों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के विचारों का संग मिल सका। काशी विद्यापीठ से उन्होंने ह्लशास्त्रीह्व की उपाधि प्राप्त की। यही उपाधि आगे चलकर उनके नाम के साथ स्थायी रूप से जुड़ गया। यहीं से उनके विचारों में राष्ट्रीयता, त्याग और सेवा की भावना और प्रबल हुई। महात्मा गांधी के विचारों और आंदोलन ने उन पर गहरा प्रभाव डाला। उन्होंने गांधी जी के सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के सिद्धांतों को आत्मसात किया। 20 वर्ष की आयु में वे सक्रिय रूप से स्वतंत्रता आंदोलन में कूद पड़े। लाल बहादुर शास्त्री का युवावस्था से ही स्वतंत्रता संग्राम की गतिविधियों में गहरा जुड़ाव था। 1921 के असहयोग आंदोलन में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया। विदेशी वस्त्रों की होली जलाने और ब्रिटिश शासन का बहिष्कार करने में उन्होंने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इसके बाद वे बार-बार ब्रिटिश सरकार की नीतियों के विरोध में जेल जाते रहे। कुल मिलाकर वे लगभग साढ़े नौ वर्ष जेल में रहे। जेल में रहते हुए उन्होंने गहन अध्ययन किया और राजनीति, दर्शन, अर्थशास्त्र तथा साहित्य की पुस्तकों का अध्ययन कर अपने व्यक्तित्व को और मजबूत किया। भारत की स्वतंत्रता के बाद लाल बहादुर शास्त्री जी को सार्वजनिक जीवन में कार्य करने का अवसर मिला। उन्होंने विभिन्न स्तरों पर अपनी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी का परिचय दिया। स्वतंत्रता के बाद वे उत्तर प्रदेश सरकार में शामिल हुए। पुलिस विभाग के मंत्री रहते हुए उन्होंने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज की जगह पानी की बौछार का प्रयोग शुरू किया। यह मानवीय दृष्टिकोण आज भी उपयोग में आता है। परिवहन मंत्री के रूप में उन्होंने महिला कंडक्टरों की नियुक्ति का निर्णय लिया, जो उस समय के लिए एक क्रांतिकारी कदम था। इससे महिलाओं के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में अवसर खुले। 1951 में वे केंद्र की राजनीति में आए और पंडित नेहरू के मंत्रिमंडल में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न मंत्रालयों रेलवे, परिवहन, वाणिज्य और गृह मंत्रालय में कार्य किया। रेलवे मंत्री रहते हुए एक गंभीर रेल दुर्घटना हुई, जिसमें सैकड़ों लोग मारे गए। शास्त्री जी ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे दिया। यह भारतीय राजनीति में नैतिक आदर्श का अनूठा उदाहरण माना जाता है। उन्होंने मंत्रिमंडल में रहते हुए किसानों, मजदूरों और आम जनता के हितों को प्राथमिकता दी। 27 मई 1964 को पंडित जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद लाल बहादुर शास्त्री भारत के दूसरे प्रधानमंत्री बने। उस समय देश अनेक चुनौतियों से जूझ रहा था। चीन युद्ध (1962) की पीड़ा ताजा थी। खाद्यान्न की भारी कमी थी। पाकिस्तान लगातार भारत के खिलाफ षड्यंत्र रच रहा था। ऐसे कठिन समय में लाल बहादुर शास्त्री जी ने दृढ़ता और साहस के साथ देश का नेतृत्व संभाला।

# पीओके में बिगड़ती कानून व्यवस्था और असुविधाओ को लेकर जनता का हल्लाबोल

कांतिलाल मांडोत

पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके में शाहबाज सरकार की बेरुखी से नाराज स्थानीय पुलिस बगावत पर उतर आई। भारत मे आतंकवाद को बढ़ावा देने वाला पाकिस्तान अपने ही घर मे घिरने लगा है। पीओके की आवाम खौफजदा है। पाकिस्तान के कब्जे वाले पीओके की जनता जिल्लतभरी जिंदगी गुजर- बसर कर रही है। असुविधाओं के कारण जीना मुहाल हो गया है। बिजली, महंगाई से त्रस्त जनता का गुस्सा भड़क उठा है। पाकिस्तान सरकार बड़ी बड़ी डींगें हांकने में माहिर है। पीओके की जनता त्रस्त है। थाने में पुलिस नहीं है और थाने खाली है। तब सवाल उठता है कि जनता की जानमाल की हिफाजत करने वाला कौन है ?शहबाज सरकार के खिलाफ बगावत के सुर तेज हो गए है। भगवान के भरोसे जनता त्राहिमाम कर रही है। पाकिस्तान में विधानसभा भवन और पीएम सचिवालय पर कोई सुरक्षा के इंतजाम नही है। महंगाई की मार झेल रही जनता के लिए कोई सुविधा नही है। सात दशक से सड़के का निर्माण नही किया है। पुल, सड़के और जर्जर स्कूल से अव्यवस्था पैदा हो रही है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पलटू राम अमेरिका की शरणागति स्वीकार कर सौदेबाजी में मशगूल है। देश मे अराजकता व्याप्त है। पाकिस्तान में आतंकवादियों के हौसले बुलंद है। जिन आतंकवादियो को पाल पोस रहा है, वो पाकिस्तान की निर्दोष जनता के लिए सिरदर्द बना गया है। पाकिस्तान भी आतंकवादियों से परेशान है। पालतुं कुत्ते मालिक पर ही हमला करता है। वैसी ही दशा पाकिस्तान की है। लॉकडाउन का ऐलान किया है। इस्लामाबाद से सुरक्षा के लिए जवान भी भेजे गए थे। पाकिस्तान में जंगलराज है। पीओके की जनता के साथ फौज के जवान दुर्व्यवहार करते है। उनके आवागमन पर फौज की नजर रहती है। वे गुलाम जिंदगी जी रहे है। पीओके के लोगो ने कई बार पीओके को भारत मे शामिल करने के लिए गुहार लगा रहे है। देश की सबसे अच्छी और शक्तिशाली इकाई कानून व्यवस्था है। जिस देश की कानून व्यवस्था डगमगा जाती है। वहा जंगलराज कायम हो जाता है। उसके लिए कुशल प्रशासक की आवश्यकता होती है। पुलिस की अभूतपूर्व हड़ताल की वजह का कारण, पीओके की कानून व्यवस्था का लचर होना है। थाने में पुलिस ही उपस्थित नही रहती है तो उसका अंदाजा लगाया जा सकता है। गरीबी और फटेहाल जीवन यापन करने वाली आवाम अब आजादी की मांग को लेकर आंदोलन कर रही है। लॉक डाउन की कवायद शुरू हो गई है। जनता ने 11 सूत्रीय मांग को लेकर आंदोलन की इस मुहिम को आगे बढ़ाने के लिए मांग रखी है। पाकिस्तान हर हाल में पीओके को आजाद करना नहीं चाहता है। लेकिन भारत कहता है हम हर हाल में पीओके लेकर रहेंगे। पुलिस को वेतन और परिवार के लिए बेहतर सुविधा की मांग की है। टूटते मनोबल के दौरान सरकार को हौसला अफजाई करने की आवश्यकता है। पुलिस रात दिन काम पर रहती है। उनके परिवार के लिए कोई सुविधा या परिवार को पालने के लिए पैसे नही मिलते है। यह स्थिति पीओके की है, जहा शहबाज सरकार की प्रशंसा करते थकने नही है, वही पीओके के लिए सौतेला व्यवहार किया जाता है। पुलिस की मांग को सरकार नही मानती है, तब तक पीओके का पुलिस महकमा वापस लौटने के लिए राजी नही है।

# भारतीय विज्ञान में महिलाओं की अधूरी यात्रा

**भारतीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की मौजूदगी ने पिछले कुछ दशकों में नई ऊँचाइयाँ छुई हैं। अंतरिक्ष मिशनों से लेकर मिसाइल विकास तक उनकी भूमिका आज किसी से छिपी नहीं है। लेकिन यह यात्रा अभी भी अधूरी है क्योंकि तथाकथित लीकी पाइपलाइन यानी शिक्षा और कॅरियर के अलग-अलग चरणों पर महिलाओं का बाहर हो जाना, उन्हें नेतृत्व की सीट तक पहुँचने से रोकता है। यह समस्या केवल व्यक्तिगत आकांक्षाओं की नहीं, बल्कि राष्ट्रीय नवाचार और उत्कृष्टता की है। सवाल यही है कि भारत कब इस रिसाव को रोकेगा और कब महिलाएँ बराबरी से विज्ञान की बागडोर थामेंगी।**





**प्रियंका सौरभ**
लेखिका, स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में बीते कुछ दशकों में उल्लेखनीय प्रगति की है। अंतरिक्ष कार्यक्रम, जैव प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल अर्थव्यवस्था और नैनो प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में भारतीय वैज्ञानिकों की पहचान आज विश्व स्तर पर बनी है। इस यात्रा में महिलाओं की भागीदारी केवल औपचारिकता भर नहीं रही बल्कि ठोस और प्रभावी साबित हुई है। डॉ. टेसी थॉमस, जिन्हें मिसाइल महिला कहा जाता है, या चंद्रयान-3 मिशन की महिला वैज्ञानिकों कल्पना कलहस्ती और ऋतु करिधल का योगदान इसका जीवंत उदाहरण है। यह स्पष्ट करता है कि भारतीय महिला वैज्ञानिकों की भूमिका अब केवल प्रतीकात्मक नहीं रही, वे वास्तविक परिवर्तन की धुरी बन चुकी हैं। फिर भी तस्वीर का दूसरा पहलू चिंता पैदा करता है। भारत में विज्ञान और प्रौद्योगिकी की पढ़ाई करने वाली लड़कियों की संख्या बड़ी है, परंतु शोध और नेतृत्व के पदों तक पहुँचते पहुँचते यह संख्या लगातार घटती जाती है। इस प्रवृत्ति को ही लीकी पाइपलाइन कहा जाता है। ऑल इंडिया सर्वे ऑन हायर एजुकेशन की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि स्नातक स्तर पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी लगभग तैंतालीस प्रतिशत है। यह आँकड़ा किसी भी देश के लिए गौरवपूर्ण हो सकता है। लेकिन जब यही लड़कियाँ आगे शोध और अनुसंधान के मार्ग पर बढ़ती हैं तो मात्र चौदह प्रतिशत ही इस क्षेत्र में टिक पाती हैं। यही नहीं, उच्च शिक्षा संस्थानों में महिला संकाय की संख्या लगभग पंद्रह प्रतिशत तक सीमित है। देश के सबसे प्रतिष्ठित संस्थान जैसे आईआईटी, आईआईएससी या सीएसआईआर अब तक किसी महिला के नेतृत्व में नहीं रहे। वैज्ञानिक पुरस्कारों और मान्यताओं की दुनिया में भी असमानता साफ दिखती है। वर्ष 2023 तक दिए गए छह सौ से अधिक शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कारों में केवल सोलह ही महिला वैज्ञानिकों को सम्मानित किया गया। यह आँकड़े बताते हैं कि प्रारंभिक स्तर पर भले ही महिलाएँ विज्ञान और प्रौद्योगिकी में समान उत्साह के साथ प्रवेश करती हैं, लेकिन जैसे-जैसे ज़िम्मेदारियाँ और दबाव बढ़ते हैं, वैसे-वैसे उनकी संख्या कम होती जाती है। यही वह रिसाव है जो राष्ट्रीय उत्कृष्टता को कमजोर करता है। इस रिसाव की कई परतें हैं। मातृत्व और परिवार की ज़िम्मेदारियाँ महिलाओं के कॅरियर को सबसे अधिक प्रभावित करती हैं। लंबे कार्य घंटे, उच्च दबाव वाले प्रोजेक्ट और लचीले विकल्पों की कमी के कारण बहुत सी प्रतिभाशाली महिलाएँ बीच रास्ते से बाहर हो जाती हैं। संस्थागत ढाँचे में भी पुरुष वर्चस्व कायम है। विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में पदोन्नति और नेतृत्व पदों पर जाने का मार्ग महिलाओं के लिए कठिन है। अनौपचारिक नेटवर्क, सामाजिक पूर्वाग्रह और लैंगिक धारणाएँ इस कठिनाई को और गहरा करती हैं। वित्तपोषण और मान्यता का संकट भी कम नहीं है। शोध अनुदान में महिलाओं को कम प्राथमिकता दी जाती है। यह उनकी परियोजनाओं की दिशा और नवाचार की संभावनाओं को सीमित करता है। सामाजिक दृष्टिकोण भी विज्ञान को पुरुष प्रधान क्षेत्र मानता है, जिससे परिवार और समाज अक्सर लड़कियों को इस ओर बढ़ने से हतोत्साहित करते हैं। यदि कोई महिला कॅरियर ब्रेक ले भी ले तो पुनः-प्रवेश बेहद कठिन हो जाता है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की महिला वैज्ञानिक योजना अवश्य मौजूद है, परंतु उसकी पहुँच अभी बहुत सीमित है। यह समस्या केवल महिलाओं की व्यक्तिगत उपलब्धियों की बाधा नहीं है, बल्कि भारत के भविष्य से भी गहराई से जुड़ी है। जब भारत विकसित भारत के सपने को पूरा करने का संकल्प ले रहा है, तब वैज्ञानिक नवाचार और शोध में आधी आबादी की भागीदारी को नजरअंदाज करना आत्मघाती साबित हो सकता है। विश्व बैंक का अनुमान है कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से 2025 तक भारतीय अर्थव्यवस्था को सात सौ अरब डॉलर की अतिरिक्त वृद्धि मिल सकती है। यदि महिलाएँ बराबरी से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वच्छ ऊर्जा, जैव प्रौद्योगिकी और डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में योगदान करेंगी तो भारत की वैश्विक प्रतिस्पर्धा स्वतः बढ़ेगी। इसके साथ ही यह भारत की वैश्विक छवि का भी सवाल है। लैंगिक समानता की दिशा में ठोस कदम भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं और नेतृत्व की आकांक्षाओं के अनुरूप हैं। जलवायु परिवर्तन जैसे वैश्विक मुद्दों पर जब भारतीय महिला वैज्ञानिक अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बोलती हैं तो वह भारत की विश्वसनीयता का प्रतीक बन जाता है। इससे भी आगे, यह आने वाली पीढ़ियों की आकांक्षा का प्रश्न है। अगर आज हम विज्ञान में महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करते हैं, तो कल हमारी बेटियाँ आत्मविश्वास से भरी होंगी और विज्ञान को अपनी पसंद का क्षेत्र मानेंगी। सरकार ने कुछ सकारात्मक कदम उठाए हैं। विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग की किरण योजना, महिला वैज्ञानिक योजना, एसईआरबी पॉवर फेलोशिप जैसी पहलें युवा महिला शोधार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिए बनाई गई हैं। इसरो और डीआरडीओ ने लचीले कार्य समय, विस्तारित मातृत्व अवकाश और घर से काम करने जैसे विकल्प लागू किए हैं। कई संस्थानों में लैंगिक संवेदनशीलता समितियाँ भी गठित की गई हैं। लेकिन यह सब अभी भी अपर्याप्त है। आवश्यकता है कि इन योजनाओं की पहुँच को बढ़ाया जाए और उन्हें प्रभावी रूप से लागू किया जाए। आगे की राह यह है कि अनुसंधान संस्थानों और विश्वविद्यालयों में महिलाओं के लिए न्यूनतम प्रतिनिधित्व की सीमा तय की जाए। महिला नेतृत्व वाली परियोजनाओं के लिए विशेष वित्तपोषण सुनिश्चित हो। कॅरियर ब्रेक के बाद पुनः-प्रवेश को आसान बनाया जाए और अधिक संख्या में पुनः-प्रवेश फेलोशिप दी जाए। वरिष्ठ महिला वैज्ञानिकों और नई शोधार्थिनियों के बीच मार्गदर्शन का सेतु तैयार किया जाए।

# हरियाणा शिक्षक स्थानांतरण: नीति, प्रक्रिया और उलझन

**हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। प्रशासनिक देरी, अनावश्यक अनुमोदन, पक्षपात और तकनीकी बाधाओं के कारण शिक्षक असंतोष में हैं। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह स्पष्ट नियमावली और नीति लागू करे, समयबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करे, ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, और पक्षपात तथा व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। तभी शिक्षक अपने कार्य में संतुष्ट रह पाएँगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी।**





**डॉ. सत्यवान सौरभ**
लेखक

हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण और पदस्थापन की प्रक्रिया वर्षों से विवादों और असंतोष का कारण रही है। शिक्षक और कर्मचारी यह महसूस करते हैं कि नीतियाँ जितनी स्पष्ट घोषणाओं में दिखाई देती हैं, उतनी ही वास्तविकता में जटिल और उलझी हुई हैं। यह मामला केवल कर्मचारियों के हित का नहीं है, बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है। जब वित्त विभाग से किसी पद की स्वीकृति मिल जाती है, तब भी कई बार स्थानांतरण प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब हो जाता है। ऐसा बजट संबंधी बाधाओं, दस्तावेजी प्रक्रियाओं या प्रशासनिक स्तर पर बार-बार अनुमोदन की अनावश्यकता के कारण होता है। इस विलंब से केवल प्रक्रिया धीमी नहीं होती, बल्कि नीति के उचित और समय पर पालन में बाधा आती है। कर्मचारी महीनों तक अनिश्चितता में रहते हैं, जिससे उनका मनोबल गिरता है और शिक्षा प्रणाली की दक्षता प्रभावित होती है। दंपत्ति मामलों में, जहाँ शिक्षक अपने जीवनसाथी के साथ पदस्थापन चाहते हैं, पहले से लंबित मामलों के बावजूद पुनः जांच और अनुमोदन की प्रक्रिया शुरू कर दी जाती है। इससे कर्मचारी अनावश्यक असुविधा में पड़ते हैं और यह नीति की जटिलता को स्पष्ट करता है। इससे यह भी संकेत मिलता है कि प्रशासन कई बार प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचता है। स्थानांतरण रोकने वाले पक्षों की बात करें, तो इसमें कई स्तर शामिल हैं। लंबे समय से किसी स्थान पर तैनात कर्मचारी अपने स्थान से हटना नहीं चाहते। संघ और संगठन अपने सदस्यों के हित की रक्षा के लिए हस्तक्षेप करते हैं। इसके अलावा, प्रशासन भी अनुभवी कर्मचारियों को संवेदनशील पदों पर लंबे समय तक बनाए रखना पसंद करता है। इन सभी कारकों के कारण स्थानांतरण प्रक्रिया अक्सर संतुलित और निष्पक्ष नहीं होती। शिक्षा मंत्री ने प्रेस में कहा था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण लागू होंगे, लेकिन वास्तविकता में इसका कोई प्रभाव नजर नहीं आता। यह विरोधाभास कर्मचारियों में भ्रम और असंतोष पैदा करता है। घोषणाओं और वास्तविक कार्यान्वयन के बीच यह अंतर यह संदेश देता है कि केवल बयानों से नीति लागू नहीं होती। अन्य विभागों में ऑनलाइन स्थानांतरण प्रणाली सहज रूप से लागू हो रही है, जबकि शिक्षा विभाग में यह प्रक्रिया धीमी और जटिल बनी हुई है। इसका कारण केवल तकनीकी कठिनाई नहीं है। प्रशासनिक प्रतिरोध, पारंपरिक कार्य संस्कृति और स्थानीय अधिकारियों की प्राथमिकताएँ इसमें योगदान करती हैं। जब तक सभी पक्ष पारदर्शिता और समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित नहीं करेंगे, ऑनलाइन प्रणाली प्रभावी नहीं हो सकती। नई नियुक्तियों के समय पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने के बावजूद स्थानांतरण में देरी होती है। इससे प्रश्न उठता है कि क्या कर्मचारियों को जानबूझकर दूर भेजा जा रहा है या कुछ को सुविधा दी जा रही है। आने वाले वर्ष में जनगणना के कारण स्थानांतरण न होने की संभावना इस प्रश्न को और गंभीर बना देती है। प्रत्यायोजन की प्रथा भी समस्या बनी हुई है। इसके तहत अपने कर्मचारियों को विशेष पदों या स्थानों पर समायोजित किया जाता है। यह न केवल पारदर्शिता और निष्पक्षता पर प्रश्न उठाता है, बल्कि पक्षपात और प्रशासनिक भेदभाव को भी बढ़ावा देता है। यदि समय रहते इसे रोका और सुधारात्मक कदम उठाए जाएँ, तो शिक्षक और विभाग दोनों को लाभ होगा। इन सभी जटिलताओं के बावजूद शिक्षक समुदाय चाहता है कि नीति स्पष्ट, समयबद्ध और निष्पक्ष हो। केवल घोषणाओं और प्रेस विज्ञप्तियों से समाधान नहीं होगा। आवश्यकता है कि प्रशासन ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, पक्षपात और व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। शिक्षक और छात्र यह विश्वास रखें कि स्थानांतरण प्रक्रिया शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता और संतुलन बनाए रखने के लिए है, न कि किसी व्यक्तिगत लाभ के लिए। हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। प्रशासनिक देरी, अनावश्यक अनुमोदन, पक्षपात और तकनीकी बाधाओं के कारण शिक्षक असंतोष में हैं। इसके परिणामस्वरूप शिक्षा प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। सरकार को चाहिए कि वह स्पष्ट नियमावली और नीति लागू करे, समयबद्ध और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करे, ऑनलाइन प्रणाली को प्रभावी बनाए, और पक्षपात तथा व्यक्तिगत लाभ पर आधारित निर्णयों को रोके। तभी शिक्षक अपने कार्य में संतुष्ट रह पाएँगे और छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सकेगी। अन्यथा यह प्रक्रिया केवल विवाद, असंतोष और भ्रम का स्रोत बनी रहेगी। हरियाणा सरकार के सामने यह चुनौती है कि वह शिक्षक स्थानांतरण प्रक्रिया में स्थिरता, न्याय और पारदर्शिता सुनिश्चित करे। तभी शिक्षा प्रणाली का वास्तविक उद्देश्य झ गुणवत्ता, संतुलन और विद्यार्थियों के हित झ पूरा हो सकेगा। हरियाणा में शिक्षक स्थानांतरण नीति केवल जटिल और उलझी हुई नहीं है, बल्कि इसका कार्यान्वयन भी संतुलित और निष्पक्ष नहीं है। वित्त विभाग से अनुमोदन मिलने के बावजूद विलंब, दंपत्ति मामलों में पुनः प्रक्रिया, और प्रत्यायोजन के माध्यम से पक्षपात जैसी समस्याएँ लगातार बनी हुई हैं। शिक्षा मंत्री ने स्पष्ट किया था कि मध्य-अवधि स्थानांतरण का कोई प्रभाव नहीं होगा, लेकिन वास्तविकता में प्रशासन इसे अक्सर बहाना बनाने के तरीके के रूप में इस्तेमाल करता है। केवल पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष प्रक्रिया ही शिक्षक और छात्रों के हित में स्थिरता और गुणवत्ता सुनिश्चित कर सकती है।

# सियासत और आस्था

जितेन्द्र कुमार सिन्हा

भारत की राजनीति एक विचित्र रंगमंच है। यहाँ हर पाँच साल में एक नया नाटक मंचित होता है। पहले के दौर में चुनाव सिर्फ विचारधारा, संघर्ष और नेताओं के व्यक्तिगत त्याग की कहानियों पर आधारित होता था। मतदाता अपनी सारी व्यथा, शिकायतें और दुःख-दर्द को भुलाकर उस कला से रिझ जाते थे, जिसे कोई नेता मंच से प्रस्तुत करता था। लेकिन आज का परिदृश्य बिल्कुल अलग है। अब गाँव के खलिहान से लेकर शहर के किचन तक, सब जगह मोबाइल और सोशल मीडिया की रीलें छा चुकी हैं। नतीजा यह हुआ है कि जो कला कभी दिल जीत लेती थी, वह अब डिजिटल भीड़ में दब चुकी है। फिर भी सियासत अपनी पुरानी चालें छोड़ने को तैयार नहीं है। आस्था पर सियासत का अतिक्रमण कोई नया खेल नहीं है। देवी-देवताओं से लेकर धार्मिक त्योहारों तक को राजनीतिक मंच पर इस्तेमाल करने की परंपरा दशकों से चलती आई है। उसी कड़ी में हाल ही में प्रियंका गांधी का बिहार में तीज मनाना चर्चा का विषय बना। सवाल उठता है कि क्या यह आस्था का सम्मान था या चुनावी रणनीति का हिस्सा? भारत जैसे देश में आस्था की जड़ें बहुत गहरी हैं। यहाँ हर गली-मोहल्ले में मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारे और चर्च मिलेंगे। लोग अपनी रोजमर्रा की जिन्दगी को धार्मिक रीति-रिवाजों से जोड़कर जीते हैं। ऐसे में राजनीति ने हमेशा आस्था को अपने चुनावी हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है। आजादी के बाद से ही मंदिरों, मस्जिदों और धार्मिक आयोजनों का चुनावी मंचों पर इस्तेमाल होता रहा है। राम मंदिर आंदोलन से लेकर दुर्गा पूजा पंडालों में नेताओं की उपस्थिति, सब इस बात के गवाह हैं कि आस्था राजनीति का अहम आधार रही है। महिलाओं की आस्था और त्योहारों से जुड़ाव को राजनीति ने अक्सर भुनाया है। करवा चौथ, तीज, छठ जैसे पर्वों में महिलाओं की बड़ी भागीदारी रहती है। इन मौकों पर राजनीतिक चेहरे जनता के बीच आसानी से पहुँच बनाते हैं। प्रियंका गांधी का बिहार में तीज करना इसी परंपरा का हिस्सा है। पहले नेता मंच पर भाषण देकर या जनता से आमने-सामने मिलकर संवाद करते थे। लेकिन अब मोबाइल फोन ने पूरी राजनीति को बदल दिया है। आज चुनावी रैलियों से ज्यादा असरदार मानी जाती हैं सोशल मीडिया की रीलें। नेता मंच से बोलते हैं लेकिन जनता व्हाट्सएप और फेसबुक से अपना मूड बनाती है। इस डिजिटल लहर में आस्था और त्योहारों की तस्वीरें, वीडियो और लाइव इवेंट्स सबसे ज्यादा शेयर किए जाते हैं। हालांकि डिजिटल माध्यम ने राजनीति को आसान कर दिया है, लेकिन इसने वास्तविक जुड़ाव की कला को कमजोर कर दिया है। पहले नेता जनता के दुःख-दर्द सुनते थे, अब वे कैमरे के सामने तैयार स्क्रिप्ट बोलते हैं। यही वजह है कि मतदाता अक्सर भ्रमित रहते हैं कि आस्था और राजनीति के बीच वास्तविकता कहाँ है। बिहार धार्मिक और सांस्कृतिक त्योहारों का गढ़ है। यहाँ छठ, तीज और सावन का महीना महिलाओं और परिवारों के लिए विशेष महत्व रखता है। ऐसे में किसी बड़े राजनीतिक चेहरे का इन त्योहारों से जुड़ना जनता में भावनात्मक प्रभाव डालता है। प्रियंका गांधी ने बिहार में तीज मनाकर महिलाओं से भावनात्मक रिश्ता जोड़ने की कोशिश की। तीज को पति की लंबी उम्र और परिवार की सुख-समृद्धि से जोड़ा जाता है। महिलाओं का बड़ा वर्ग इससे भावनात्मक रूप से जुड़ा रहता है। प्रियंका का यह कदम चुनावी दृष्टि से एक संदेश था ह्लमैं आपकी परंपराओं और भावनाओं का सम्मान करती हूँ। लोगों को असली अचंभा तब होगा जब चुनाव 25 अक्टूबर के बाद घोषित हों। क्योंकि तीज और छठ जैसे पर्व बिहार की राजनीति में बड़ा असर डालता हैं। त्योहारों से पहले भावनात्मक माहौल बनाकर वोटरों पर असर डालना चुनावी रणनीति का अहम हिस्सा होता है। 2022 के पंजाब चुनाव को भला कौन भूल सकता है? उस चुनाव में बिहारी भैयों पर हुई टिप्पणियों ने गहरी चोट दी थी। मंच से नेताओं की ताली की गूंज पर बिहारी मजदूरों की आस्तीनें चढ़ाई जा रही थीं। यह दृश्य आज भी बहुतों के दिल को चुभता है। बिहारियों को अक्सर सस्ते मजदूर या पलायन करने वाले कहकर राजनीति ने छोटा दिखाने की कोशिश की है। पंजाब में जब यह सियासी हथकंडा चला, तब बिहार की जनता ने इसे गहरी चोट की तरह महसूस किया। यही कारण है कि बिहार के मतदाता अब हर चुनाव में नेताओं की नीयत और भाषा को तौलते हैं। भारत में महिला मतदाता निर्णायक भूमिका निभाती हैं। कई राज्यों में महिला वोट प्रतिशत पुरुषों से ज्यादा हो चुका है। ऐसे में त्योहार और आस्था के जरिये उनसे जुड़ना नेताओं की प्राथमिक रणनीति बन चुका है। महिलाओं का दिल कोमल माना जाता है। वे धार्मिक त्योहारों और पारिवारिक परंपराओं से गहराई से जुड़ी रहती हैं। इसीलिए सियासी दल अक्सर महिलाओं को आकर्षित करने के लिए आस्था से जुड़े कदम उठाते हैं। प्रियंका गांधी का तीज मनाना इसी दिशा का हिस्सा है। नेता जब आस्था से जुड़ते हैं तो सवाल यह उठता है कि उनका मकसद आस्था का सम्मान है या वोट की राजनीति।

## संक्षिप्त खबरें

### वाहन की टक्कर से सिपाही घायल

नोएडा। छिजारसी चौकी क्षेत्र में मेट्रो यार्ड के नीचे तेज रफ्तार वाहन के चालक ने ड्यूटी पर मौजूद सिपाही को टक्कर मार दी और भाग गया। हादसे में सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गया। उसका निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इस मामले में सिपाही के पिता ने सेक्टर-63 थाने में केस दर्ज कराया है। मुजफ्फरनगर निवासी रोशनपाल ने पुलिस को बताया कि उनका 40 वर्षीय बेटा विनोद कुमार यूपी पुलिस में सिपाही है। वर्तमान में उसकी तैनाती सेक्टर-63 थाने के छिजारसी चौकी में है। विनोद अपने साथी नदीम अब्बास के साथ मेट्रो यार्ड के नीचे शनि मंदिर के पास 25 सितंबर को सुबह करीब सवा तीन बजे गश्त कर रहा था। इसी दौरान पीछे से आए वाहन ने उसको टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सिपाही उछलकर बगल डिवाइडर से टकराया। इससे उसके सिर समेत शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आईं। हादसे के तुरंत बाद उपनिरीक्षक विक्रांत पवार और नदीम अब्बास ने विनोद को निजी अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद हादसे की जानकारी घायल के परिजनों और थाने में दी। हादसे के बाद फरार हुए चालक की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर दी गई है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से वाहन की पहचान कर ली गई है। सिपाही शादीशुदा है। उसके एक बच्चा भी है।

### पंचायत में फायरिंग के मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

दादरी। रामपुर फतेहपुर गांव में रविवार को भूखंड के विवाद में चल रही पंचायत में फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस घटना में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। रामपुर फतेहपुर गांव में तेजवीर फौजी और भरत सिंह के बीच भूखंड को लेकर विवाद चल रहा है। रविवार को गांव में दोनों पक्षों की पंचायत हुई। पंचायत में कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में गाली-गलौच और कई राउंड फायरिंग हुई। गोली लगने से दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई कर कुछ नामजद और अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। दादरी कोतवाली पुलिस ने इस घटना में शामिल एक आरोपी अंकित कसाना निवासी रामपुर फतेहपुर को गिरफ्तार किया। इससे पहले पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस का कहना है कि घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। सभी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### महामाया फ्लाईओवर पर मरम्मत कार्य से जाम लगा

नोएडा। महामाया फ्लाईओवर पर नोएडा से दिल्ली की ओर जाते समय लोगों को शुक्रवार दोपहर से लेकर शाम तक जाम में फंसना पड़ा। नोएडा प्राधिकरण की ओर से गार्डर रखने के काम की वजह से डेढ़ से दो किलोमीटर तक वाहनों की कतार लगी रही। महामाया फ्लाईओवर पर पुल को जोड़ने वाले स्थानों की मरम्मत का काम चल रहा है। दो महीने पहले पुल की सड़क की मरम्मत का काम नए सिरे से किया गया था। इसके बावजूद कुछ जगह गैप रह गया था। इन जगह अधिक गैप होने के कारण प्राधिकरण ने प्लेट लगा रखीं थीं, जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। अब इन गैप को ठीक किया जा रहा है। दो दिन की छुट्टी के बाद शुक्रवार को दफ्तर खुलने से सड़कों पर वाहनों का दबाव अधिक रहा। वाहनों के अधिक दबाव और मरम्मत कार्य की वजह से दोपहर में वाहनों को महामाया फ्लाईओवर पर जाम में फंसना पड़ा। मरम्मत का काम किए जाने के कारण वाहनों को निकलने के लिए कम जगह मिल पा रही थी, जिससे कालिंदी कुंज की ओर जाने वाले रास्ते पर महामाया फ्लाईओवर से पहले तक जाम लग गया। इस बारे में यातायात पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि नोएडा प्राधिकरण की ओर से गार्डर रखे जाने का काम किया जा रहा था। इस वजह से यातायात धीमी गति से चला।

### बिजली की लाइन ठीक कराने की मांग

गाजियाबाद। भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट शुक्रवार को विद्युत विभाग के मुख्य अभियंता से मिला। किसानों ने चोरी हुई बिजली की लाइन ठीक कराने की मांग की। किसान नेता मनोज नागर ने बताया कि डासना देहात के रघुनाथपुर विद्युत उपकेंद्र से गुर्जर गढ़ी गांव के किसानों के लिए जा रही बिजली लाइन 25 सितंबर को चोरी कर ली गई थी। लाइन चोरी होने से किसान परेशान हैं क्योंकि खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे। किसानों ने मुख्य अभियंता से 11 हजार की लाइन ठीक करने की मांग की। किसानों का कहना है कि धान और अन्य फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही। मुख्य अभियंता नरेश भारती ने किसानों को लाइन ठीक कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर प्रमोद त्यागी, धूम सिंह प्रधान जी सुरेंद्र नागर, धीरेंद्र, किशन वीरेंद्र, करण प्रताप और कौशल नागर आदि मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश के युवाओं के सपनों को पंख दे रहा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने की दिशा में लगातार आवश्यक कदम उठा रहे हैं। इसी के तहत सीएम योगी प्रदेश के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित कर रहे हैं। इन योजनाओं में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं की पहली पसंद बन गई है। इसका अंदाजा आप इसी से लगा सकते हैं कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के 6 माह में अब तक प्रदेश भर में ढाई लाख से अधिक आवेदन आ चुके हैं, जबकि योगी सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 1 लाख 50 हजार लोन वितरित करने का लक्ष्य रखा है। इन आंकड़ों से साफ है कि सीएम योगी की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को अपनी ओर आकर्षित कर रही है और वे इससे जुड़कर अपने सपनों को साकार कर रहे हैं। वहीं योजना का लाभ देने में पूरे उत्तर प्रदेश में जौनपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी है, जबकि दूसरे स्थान पर आजमगढ़ और तीसरे स्थान पर कौशांबी है। पूरे देश में उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ही है, जो प्रदेश के युवाओं को सिर्फ रोजगार उपलब्ध कराने पर जोर नहीं दे रही है, बल्कि उन्हें एक मजबूत उद्यमी बनने के लिए सक्षम बना रही है। इसी का असर है कि प्रदेश के युवा न केवल अपने व्यवसाय को बढ़ावा दे रहे हैं बल्कि समाज के लिए भी एक सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना प्रदेश के युवाओं को सशक्त बनाने और उन्हें उद्यमिता की दिशा में प्रेरित करने के लिए महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में लक्ष्य 1 लाख 50 हजार के सापेक्ष 6 माह मंफ पूरे प्रदेश से 2,55,174 युवा लोन के लिए आवेदन कर चुके हैं जबकि 2,08,097 आवेदनों को बैंक को फॉरवर्ड कर दिया गया है। इनमें से 64,673 आवेदनों को बैंक ने लोन देने की स्वीकृति दे दी है जबकि 63,009 युवाओं को स्वरोजगार के लिए लोन वितरित किया जा चुका है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना का लाभ देने में पूरे प्रदेश में जौनपुर जिले ने सबसे अधिक आवेदकों को लोन वितरित कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान चलाया जा रहा है। ऐसे में सीएम योगी की मंशा के अनुरुप जिले में विशेष अभियान चलाकर युवाओं को स्वरोजगार के लिए बैंकों से संपर्क कर लोन उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में जिले को अभियान के तहत 2,250 युवाओं को लोन उपलब्ध कराने का लक्ष्य दिया गया है। इसके सापेक्ष पिछले 6 माह में 5,999 आवेदन प्राप्त हुए, जिसके सापेक्ष 4,784 आवेदनों को बैंक को भेज दिया गया है। इनमें से 2,003 आवेदकों को लोन वितरित किया जा चुका है। जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि पूरे प्रदेश में पिछले 6 माह में जौनपुर ने सबसे अधिक युवाओं को लोन वितरित कर पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह आजमगढ़ ने पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। आजमगढ़ को वर्तमान वित्तीय वर्ष में 2,250 का लक्ष्य दिया गया, जिसके सापेक्ष 6 माह में 5,112 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से 4,285 आवेदनों को बैंक को भेजा गया, जिसमें से 1,859 को लोन वितरित किया जा चुका है। कौशांबी जिलाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चला कर मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान का लाभ दिया जा रहा है। ऐसे में अधिक से अधिक युवाओं को योजना का लाभ देने के लिए हर माह बैंकों के साथ बैठक की जा रही है ताकि योजना से संबंधित कोई समस्या आने पर उसे तत्काल दुरुस्त किया जा सके। यही वजह है कि पूरे प्रदेश में योजना का लाभ देने में कौशांबी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

# लखनऊ : कांग्रेस ने राहुल को राम के रूप में दशार्या, रावण रूपी 10 मुद्दों पर किया प्रहार

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कांग्रेस कार्यालय के बाहर एक अनोखा होर्डिंग लगाया गया है, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भगवान राम के रूप में नजर आ रहे हैं, जबकि रावण के रूप में महंगाई, जंगलराज, भ्रष्टाचार, ईडी और वोट चोर जैसे मुद्दों को दशार्या गया है। रावण रूपी इन मुद्दों पर राहुल गांधी तीर चलाते हुए दिखाई दे रहे हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगा यह होर्डिंग खुद को लखनऊवासी बताने वाले कांग्रेस के युवा नेता आर्यन मिश्रा ने लगाया है, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस होर्डिंग के माध्यम से केंद्रीय और राज्य सरकार पर वर्तमान समस्याओं को रावण के प्रतीक के रूप में चित्रित कर हमला बोला गया है, जबकि राहुल गांधी को बुराई पर विजय पाने वाले भगवान राम के रूप में पेश किया गया है। वहीं, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को लक्ष्मण की भूमिका में चित्रित किया गया है। इस होर्डिंग में रावण के 10 सिरों पर महंगाई, जंगलराज, भ्रष्टाचार, ईडी, वोट चोर, चुनाव आयोग (ईसी), सीबीआई, बेरोजगार, पेपरलीक और तानाशाही जैसे मुद्दे लिखे हुए हैं। कांग्रेस नेता आर्यन मिश्रा ने कहा, जो अन्याय के विरुद्ध लड़ता है, वह भगवान राम है। जो गरीब, शोषित और वंचित की बात करता है, वह भगवान राम है। जो बेसहारा को सहारा देता है, वह भगवान राम है। आज के युग में नफरती, अत्याचारी और दमनकारी सरकार के खिलाफ राहुल गांधी लड़ रहे हैं। भगवान राम ने हमेशा प्यार को बांटा है और अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उसी तरह राहुल गांधी भी पूरे देश में लड़ रहे हैं और उत्तर प्रदेश में अजय राय अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, देश में सबसे बड़ा मुद्दा वोट चोरी है और इसके खिलाफ बिहार से बिगुल बज चुका है। भ्रष्टाचार, महंगाई, शिक्षा, और स्वास्थ्य असल मुद्दे हैं, लेकिन देश की सरकार इन मुद्दों से ध्यान भटकाना चाहती है। जिस तरह से भगवान राम ने अत्याचार के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए रावण का वध किया, उसी तरह हमारे नेता राहुल गांधी और अजय राय भी अत्याचार के खिलाफ लड़ रहे हैं। ये होर्डिंग इसी बात का संकेत है कि हम किस तरह से लड़ाई लड़ रहे हैं।

# आगरा : मूर्ति विसर्जन के दौरान नदी में डूबे कई युवक, तीन शव बरामद, सीएम योगी ने जताया दुख

प्रात: किरण संवाददाता

आगरा/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के खेरागढ़ थाना क्षेत्र में स्थित डूंगरवाला के पास उटंगन नदी में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। कुसियापुर गांव के 13 युवक गहरे पानी में डूब गए, जिसमें से तीन के शव बरामद हो चुके हैं। इस घटना में एक युवक को बचाने के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया है, जबकि शेष नौ की तलाश में रेस्क्यू ऑपरेशन तेजी से जारी है। इस घटना से पूरे इलाके में सन्नाटा पसर गया है। हादसा दोपहर करीब एक बजे हुआ। कुसियापुर गांव के चामुंडा माता मंदिर से दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन करने के लिए 40-50 ग्रामीण मौजूद थे। इनमें महिलाएं, पुरुष और बच्चे सभी शामिल थे। वे सभी नदी किनारे पहुंचे। महिलाओं और बच्चों को किनारे रोककर युवक मूर्ति को नदी में विसर्जित करने उतरे। अचानक तेज बहाव के कारण पांच युवक गहरे पानी में डूबने लगे। उन्हें बचाने के प्रयास में आठ अन्य युवक भी नदी में कूद पड़े, लेकिन वे भी बह गए। इससे अफरा-तफरी मच गई। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर सीएम योगी आदित्यनाथ ऑफिस से किए गए पोस्ट के अनुसार, मुख्यमंत्री ने जनपद आगरा में एक दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं की शांति व घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना करते हुए शोकाकुल परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। दूसरी ओर सूचना मिलते ही एनडीआरएफ की टीम और जल पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। अब तक तीन लोगों के शव बरामद किए गए हैं। एक अन्य घायल युवक को गंभीर हालत में एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। शेष नौ युवकों की तलाश में गोताखोरों की टीमें रात-दिन लगी हुई हैं। स्थानीय एसडीएम के अनुसार, नदी में विसर्जन के लिए विशेष व्यवस्था की गई थी, लेकिन अचानक बढ़े जलस्तर ने हालात बिगाड़ दिए। दूसरी ओर, परिजनों ने नदी किनारे शवों की प्रतीक्षा में सड़क जाम कर दिया। हालांकि, पुलिस ने परिजनों को शांत कराया।

# भाई-बाप के रहते बहनों-बेटियों को प्रेम जाल में फंसाया जा रहा, लव जिहाद पर बोलीं साध्वी प्रज्ञा ठाकुर

प्रात: किरण संवाददाता



इटावा। पूर्व सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने दावा किया कि लव जिहाद के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधर्मी इतने निर्भीक हो गए हैं कि वे बहन-बेटियों को प्रेम के जाल में फंसाकर ले जा रहे हैं। साध्वी प्रज्ञा ठाकुर ने यूपी के इटावा में एक कार्यक्रम के दौरान कहा, हमारे यहां लव जिहाद चल रहा है और विधर्मियों की इतनी हिम्मत हो गई है कि भाई के रहते बहन को उठाकर ले जाते हैं, पिता के रहते बेटियों को उठाकर ले जाते हैं, और पति के रहते पत्नी को प्रेम जाल में फंसाकर ले जाते हैं। वे अपने झूठे नाम बताते हैं और मातृशक्ति का भाव बिगाड़कर उन्हें अपने यहां ले जाते हैं, जबकि हमारे यहां के पुरुष सोते रह जाते हैं, जो हमारे लिए शर्म की बात है। प्रज्ञा ठाकुर ने सनातन धर्म के अनुयायियों को सलाह देते हुए आगे कहा कि सनातन धर्म के अनुयायियों को अपने धर्म, समुदाय और महिलाओं की गरिमा तथा सुरक्षा के प्रति सजग और संगठित रहना चाहिए। यदि किसी भी तरह की अनैतिक या आपराधिक घटना सामने आती है, जिससे किसी सनातनी महिला का अपमान या उत्पीड़न होता है, तो हमें कानूनी, सामाजिक और आत्म-रक्षा के सभी प्रभावी साधनों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम जिस महान भूमि के वासी हैं, हमें उस भूमि की नैतिक और धार्मिक विरासत की रक्षा करनी चाहिए। अगर हम अपने पड़ोस, देश और धर्म की लाज नहीं बचा पाए, तो हमारा होना व्यर्थ है। प्रज्ञा ने चंबल क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा, पुरुषार्थी पुरुषार्थ करते हैं। मैं बताना चाहती हूं कि अंग्रेजों को पराजित करने का काम चंबल क्षेत्र के लोगों ने किया है। जब अंग्रेज चंबल के ग्रामीण क्षेत्रों में कर लेने के लिए आते थे, तो उस समय लोगों ने प्रताड़ना के बावजूद उन्हें कर नहीं दिया। चंबल का पानी ऐसा ही है। अगर कोई हमारी मयार्दा को आंच पहुंचाएगा और उसके बावजूद खून नहीं खोलेगा, तो पुरुषों को अपने बारे में सोचना होगा कि क्या वे वास्तव में मर गए हैं या फिर जिंदा हैं। उन्होंने आगे कहा, मैं कहूंगी कि मर-मरकर जीने के बजाय जीवन जीकर मरो। अगर आप ऐसा करते हैं तो पूरा देश साथ खड़ा होगा।

# बांदा में पटाखा विस्फोट से मासूम की मौत, भाई घायल

प्रात: किरण संवाददाता

बांदा, । उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में दशहरा पर्व की खुशियां एक परिवार के लिए मातम में बदल गईं। सड़क किनारे एक पटाखे के फटने से 6 वर्षीय मासूम की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तर प्रदेश के बांदा जिले में यह दिल दहला देने वाला हादसा उस समय हुआ, जब दोनों भाई देवी विसर्जन के बाद घर लौट रहे थे। घटना बांदा नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़ोखर खुर्द गांव की है। जानकारी के मुताबिक, 9 वर्षीय सूरज और उसका 6 वर्षीय छोटा भाई आकाश देवी विसर्जन के बाद सड़क किनारे पड़े पटाखों के साथ खेल रहे थे। खेल-खेल में आकाश ने एक पटाखा उठा लिया। अचानक पटाखे में जोरदार विस्फोट हुआ, जिससे आकाश का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस हादसे में सूरज को भी गंभीर चोटें आईं। हादसे के बाद गांव में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल दोनों बच्चों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने आकाश की गंभीर हालत को देखते हुए उसे कानपुर रेफर किया, लेकिन परिजन कानपुर ले जाने की व्यवस्था कर पाते, उससे पहले ही आकाश ने दम तोड़ दिया। वहीं, सूरज को मेडिकल कॉलेज में भर्ती कर इलाज शुरू किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आकाश के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सड़क पर पटाखे कहां से आए। इस घटना ने पूरे गांव को झकझोर कर रख दिया है और हर तरफ शोक की लहर छा गई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, और गांववासी इस दुखद घटना से स्तब्ध हैं।

# उत्तर प्रदेश: सीएम योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में सुनीं समस्याएं, अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश

प्रात: किरण संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम के तहत विभिन्न जनपदों से आए लोगों की समस्याएं सुनीं और उन्हें मदद का भरोसा दिया। इसकी जानकारी मुख्यमंत्री कार्यालय ने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी है। सीएमओ के सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर कहा गया, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का व्यक्तित्व जन सेवा की साधना का जीवंत स्वरूप है। त्याग, अनुशासन और राष्ट्र समर्पण उनकी कार्यशैली के आधार हैं, जिन्होंने प्रदेश को सुरक्षा, सुशासन और विकास के नए मानकों पर स्थापित किया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया है। जनता दर्शन कार्यक्रम एक सरकारी पहल है, जिसका उद्देश्य आम जनता की समस्याओं को सीधे सुनना और उनका त्वरित समाधान करना है। इस कार्यक्रम के तहत लोग अपनी शिकायतें, सुझाव या मांगें सीधे सरकारी अधिकारियों या जनप्रतिनिधियों के सामने रख सकते हैं। यह आमतौर पर जिला, तहसील या ग्राम स्तर पर आयोजित किया जाता है, जहां लोग बिना किसी बिचौलिए के अपनी बात रखते हैं। इसकी शुरूआत भारत के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग समय पर हुई। विशेष रूप से उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे राज्यों में यह लोकप्रिय है। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2017 में इसे व्यवस्थित रूप से लागू किया, ताकि प्रशासन और जनता के बीच दूरी कम हो। इसका विचार पारदर्शी और जवाबदेह शासन को बढ़ावा देने से प्रेरित है। जनता दर्शन का मुख्य मकसद जनता की समस्याओं जैसे जमीन विवाद, सरकारी योजनाओं में देरी या प्रशासनिक शिकायतों को सुनकर तुरंत कार्रवाई करना है। यह कार्यक्रम भ्रष्टाचार को कम करने, प्रशासनिक कार्यों में तेजी लाने और जनता का विश्वास जीतने में मदद करता है।

# उत्तर प्रदेश में धूमधाम से मनाया गया असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक दशहरा

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ, । असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक विजयादशमी पर्व गुरुवार को समूचे उत्तर प्रदेश में परंपरागत रावण दहन के कार्यक्रम के साथ संपन्न हो गया। इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश ने रामलीला और रावण दहन के कार्यक्रम में खलल डाला मगर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ पर्व में हिस्सा लिया। लखनऊ में ऐशबाग स्थित रामलीला मैदान पर रावण दहन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस मौके पर पूर्व महापौर व मौजूदा राज्यसभा सांसद डा दिनेश शर्मा मौजूद थे। भव्य रामलीला के बाद बेजोड़ आतिशबाजी ने दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी। कानपुर में रावण दहन का मुख्य कार्यक्रम परेड स्थित रामलीला मैदान पर हुआ जबकि शास्त्री नगर,लाजपत नगर,गुजैनी,लाल बंगला आदि अनेक स्थानों पर रावण के पुतले फूंके गये। बांदा में रावण दहन के साथ आज से पांच दिनों तक चलने वाला दशहरा पर्व शुरू हो गया। यहां आज से हर रोज पांच दिनो तक अलग अलग क्षेत्रों में रावण दहन का कार्यक्रम होगा। प्रयागराज में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी की बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण के पुतले में आग लगायी गयी। इस अवसर पर आतिशबाजों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने योग्य था।

# योगी ने आगरा हादसे का लिया संज्ञान

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में हुई दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि पर गहरा शोक प्रकट किया है। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। योगी ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए प्रभु श्री राम से दिवंगत आत्माओं को सद्गति एवं शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की है। उन्होने घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं, साथ ही उनके शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। गौरतलब है कि आगरा में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान बड़ा हादसा हो गया। खेरागढ़ क्षेत्र में उटंगन नदी में 14 लोगों के डूबने की सूचना है।

# सीएम योगी ने चॉकलेट देकर बच्चों पर लुटाया प्यार, बोले-खूब पढ़ना, खूब आगे बढ़ना

गोरखपुर। गोरखनाथ मंदिर परिसर में शुक्रवार सुबह भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बहुत से बच्चों से मुलाकात की। प्यार लुटाते हुए उनसे आत्मीय बातचीत कर चॉकलेट दिया। नाम और पढ़ाई के बारे में पूछा और खूब आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बाल प्रेम जगजाहिर है। प्रोटोकॉल परे कर बच्चों से मिलना, उनसे ठिठोली करना, उन्हें दुलारना, खूब पढ़ने का आशीर्वाद देना और चॉकलेट देना उनकी खासियत है। बच्चों के साथ उनकी ऐसी ही आत्मीयता का दृश्य शुक्रवार सुबह भी गोरखनाथ मंदिर में देखने को मिला। गुरुवार शाम विजयदशमी शोभायात्रा की अगुवाई करने के बाद रात्रि प्रवास के बाद शुक्रवार सुबह उनकी दिनचर्या परंपरागत रही। महायोगी गुरु गोरखनाथ का दर्शन पूजन करने के बाद उन्होंने अपने ब्रह्मलीन गुरुदेव महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर जाकर मत्था टेका और उनका आशीर्वाद लिया। हर बार की तरह वह मंदिर परिसर के भ्रमण पर निकले। इस दौरान उनकी नजर श्रद्धालुओं के साथ उनके बच्चों पर पड़ गई। मुख्यमंत्री ने बच्चों को अपने पास बुला लिया। एक-एक करके सबसे उनका नापूछा और, किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। कुछ बच्चों से हंसी-ठिठोली भी की। उन्होंने बच्चों से बेहद अपनेपन से बातचीत की। सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया कि खूब मन लगाकर पढ़िए और खूब आगे बढिए। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को चॉकलेट भी दिया। शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी ने करीब 200 लोगों से मुलाकात की। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके सबकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए संकल्पित है। इस दौरान उन्होंने अफसरों को हिदायत दी कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले, कमजोरों को उजाड़ने वाले किसी भी सूरत में बख्शे न जाएं। उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए।

# सीएम युवा कॉन्क्लेव ने लिखी नई इबारत, 12 हजार से अधिक बिजनेस इंक्वायरी और 9,200 पंजीकरण

प्रात: किरण संवाददाता

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी सीएम युवा मिशन के तहत आयोजित सीएम युवा कॉन्क्लेव उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) 2025 का सबसे बड़ा आकर्षण बनकर उभरा। पांच दिवसीय आयोजन ने न केवल युवाओं को नए-नए बिजनेस मॉडल्स से रूबरू कराया, बल्कि उद्यमशीलता और स्वरोजगार की दिशा में नए अवसर भी खोले।

इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान कुल 12,025 बिजनेस इंक्वायरी, 9,200 पंजीकरण, 377 बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) मीटिंग्स और 90 बिजनेस प्रजेंटेशंस दर्ज किए गए। उल्लेखनीय है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना सीएम युवा तेजी से युवाओं के बीच लोकप्रिय हो रही है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित इस कॉन्क्लेव और एक्सपो ने साबित कर दिया कि प्रदेश के युवा स्टार्टअप, उद्यमशीलता, स्वरोजगार और नवाचार की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। सरकार को उम्मीद है कि इस आयोजन के बाद बड़ी संख्या में युवा इस योजना का लाभ उठाने के लिए आवेदन करेंगे। सीएम युवा के नोडल और ज्वाइंट कमिश्नर इंडस्ट्रीज सर्वेश्वर शुक्ला ने बताया कि पांच दिन के कॉन्क्लेव में कई प्रसिद्ध फ्रेंचाइज ब्रांड्स, मशीनरी सप्लायर्स और बिजनेस-ऑन-व्हील्स वेंचर्स ने भाग लिया। इनमें डॉक्टर मोरिंगा, एमबीए मखानेवाला, हनीमैन, चीजी क्रेजी कैफे और ओसियन एंटरप्राइज जैसे ब्रांड्स ने अपनी सफलता की कहानियां साझा कीं। इन प्रस्तुतियों ने युवाओं को नवाचार और टिकाऊ बिजनेस मॉडल की दिशा में प्रेरित किया। सबसे अधिक व्यवसायिक पूछताछ प्राप्त करने वाले ब्रांड्स में ओसियन एंटरप्राइजेज (700+), यूपीसीएस स्टोर (650+), एमबीए मक्खनवाला (550+), प्रॉस्पर ग्रुप (500+), और आईक्यूटीएम (450+) शामिल रहे। सीएम युवा मिशन को यूपीआईटीएस 2025 की सफलता में उत्कृष्ट योगदान के लिए अवार्ड ऑफ ऑनर प्रदान किए गए। यह सम्मान केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री (औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन) नंद गोपाल नंदी, मंत्री (एमएसएमई, खादी, ग्रामोद्योग, रेशम एवं वस्त्र) राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव एमएसएमई एवं निर्यात प्रोत्साहन आलोक कुमार और मिशन डायरेक्टर-सीएम युवा के. विजयेन्द्र पांडियन की मौजूदगी में प्रदान किया। कॉन्क्लेव में मेरठ, सहारनपुर, आगरा और अलीगढ़ मंडलों से 3,700 से अधिक युवाओं की सक्रिय भागीदारी रही। बड़ी संख्या में छात्र और नवोद्यमी सीएम युवा पवेलियन में पहुंचे और विभिन्न बिजनेस मॉडल्स को समझने के साथ-साथ अपने सवालों के समाधान भी पाए।

# मुरादाबाद: अवैध हथियार फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

मुरादाबाद, । यूपी के मुरादाबाद के थाना पाकबड़ा पुलिस ने अवैध असलहा तस्करी पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ करते हुए मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। साथ ही, भारी मात्रा में बने और अधबने तमंचों के साथ हथियार बनाने का सामान भी बरामद किया गया है। थाना पाकबड़ा पुलिस और सीओ हाइवे टीम ने संयुक्त रूप से छापामारी कर इस फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। दरअसल, पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के एक खंडहरनुमा मकान में अवैध हथियार बनाने का काम चल रहा है। इस पर टीम ने दबिश दी और मौके से 8 बने हुए तमंचे, 9 अधबने तमंचे और हथियार बनाने का उपकरण बरामद किया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के नाम सरकार हुसैन और जेहरुल हैं। प्रारंभिक पूछताछ में दोनों आरोपियों ने यह स्वीकार किया कि वे पिछले 4-5 महीनों से इस धंधे में लिप्त थे और आसपास के जिलों में तमंचों की सप्लाई करते थे। पुलिस के अनुसार आरोपी 2 से 5 हजार रुपए में एक तमंचा बेचते थे। मुरादाबाद के एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि संयुक्त कार्रवाई में एक अवैध हथियार बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया गया है और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों की पहचान सरकार हुसैन और जेहरुल के रूप में हुई। एसपी सिटी ने आगे बताया कि मुखबिरों की सूचना पर यह कार्रवाई की गई। पुलिस ने 8 तैयार तमंचे, 9 अधबने तमंचे और हथियार बनाने के कई सामान बरामद किए। पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जिन्हें भी जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। आरोपियों ने बताया कि वे पिछले 4-5 महीनों से तमंचे बना रहे थे और इन्हें आसपास के जिलों में 2 हजार से 5 हजार रुपए तक में बेचते थे।

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण

पटना, शनिवार, 04 अक्टूबर, 2025




# एकीकृत बागवानी विकास मिशन की बैठक सम्पन्न

## मशरूम यूनिट, पॉलीहाउस व नर्सरी स्थापित होंगी : डीएम

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। कलक्ट्रेट स्थित गांधी सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यक्रमों के अनुमोदन एवं अनुश्रवण हेतु डीएमसी की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि अक्टूबर माह के अंतिम सप्ताह तक कृषक प्रशिक्षण एवं जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कर विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही जिले में मशरूम उत्पादन यूनिट की स्थापना, धनौरा विकासखंड में टमाटर व खीरा उत्पादन हेतु पॉलीहाउस और हसनपुर विकासखंड में नर्सरी की स्थापना शीघ्र करायी जाए। इसके लिए इच्छुक एफपीओ एवं स्वयं सहायता समूहों से प्रस्ताव तैयार कर निदेशालय उद्यान, लखनऊ से स्वीकृत कराए जाएं।डीएम ने लाभार्थियों के चयन में पूर्ण पारदर्शिता बरतने और प्रथम-आवक, प्रथम-पावक के आधार पर पात्रों को लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने योजनाओं की शत-प्रतिशत पूर्ति सुनिश्चित करने पर जोर दिया। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जनपद को प्राप्त आलू बीज का आवंटन जल्द कराया जाएगा तथा दीपावली पर्व के आसपास इसे शासन द्वारा निर्धारित दरों पर किसानों में वितरित किया जाएगा। इस दौरान कृषकों, एफपीओ और स्वयं सहायता समूहों को शाकभाजी फसलों का उत्पादन जैविक तकनीकी से करने के लिए प्रेरित किया गया। बैठक में जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, जिला उद्यान अधिकारी समेत संबंधित अधिकारी, कर्मचारी और कृषक मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत जीजीआईसी की बालिकाओं को सिखाई गई स्कूटी चलाना

## हल्दौर और किरतपुर ब्लॉक में जागरूकता कार्यक्रम, हेल्पलाइन नंबरों व योजनाओं की दी जानकारी

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर के निर्देश पर महिला कल्याण विभाग द्वारा मिशन शक्ति 5.0 (नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन) अभियान के अंतर्गत जिलेभर में विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। जीजीआईसी बिजनौर में हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन और वन स्टॉप सेंटर टीम ने छात्राओं को स्कूटी चलाना सिखाया, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली बालिकाओं में आत्मनिर्भरता और आत्मविश्वास की भावना विकसित हो सके। उद्देश्य यह था कि बालिकाएं यातायात हेतु पुरुषों पर निर्भर न रहें। इसके साथ ही पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय नवादा हल्दौर में जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं को बच्चों के अधिकारों, कानूनों और विभिन्न योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना और मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। अभियान के दौरान छात्राओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों से भी अवगत कराया गया– 1090 : वूमेन पावर लाइन 181 : महिला हेल्पलाइन 1098 : चाइल्ड हेल्पलाइन 1076 : मुख्यमंत्री हेल्पलाइन टीम ने बताया कि हिंसा से पीड़ित महिलाएं इन नंबरों पर शिकायत दर्ज कर अपनी सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती हैं। इसी क्रम में ब्लॉक किरतपुर में भी मिशन शक्ति अभियान के तहत कार्यक्रम संपन्न हुए। इसमें खंड विकास अधिकारी, एडीओ, आईएसबी और ब्लॉक मिशन प्रबंधक सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कार्यक्रमों में विद्यालय की सभी छात्राओं व महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

दादरी। जारचा कोतवाली क्षेत्र के रसूलपुर गांव में घर में घुसकर मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पांच नामजद और बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक रसूलपुर गांव के रहने वाले अनूप कुमार की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि बुधवार की रात उनके भाई के घर पर कुछ लोग बैठे थे। इसी बीच 20-25 आरोपी कई बाइक पर सवार होकर आए और घर में बैठे लोगों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने लाठी-डंडे से सभी को बुरी तरह पीटा। इनमें पांच लोगों को गंभीर चोटें आईं, जिनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने अनूप की शिकायत पर पांच नामजद और बीस अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### छात्रों को तकनीक सिखाने के लिए समझौता

ग्रेटर नोएडा। आईआईएमटी कॉलेज का बॉटलैब डायनामिक्स के साथ एमओयू हुआ। समझौते के दौरान कॉलेज समूह के एमडी डॉ. मयंक अग्रवाल और बॉटलैब डायनामिक्स के सीईओ तन्मय बंकर मौजूद रहे। मयंक अग्रवाल ने बताया कि यह साझेदारी छात्रों को नई तकनीकों से जोड़ने और उन्हें उद्योग की मांगों के अनुरूप तैयार करने में अहम भूमिका निभाएगी।

### स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए दौड़ आयोजित

ग्रेटर नोएडा। पैरामाउंट गोल्फ फॉरेस्ट सोसाइटी में नॉलेज पार्क स्थित जीएनआईओटी कॉलेज और ग्रेटर नोएडा वर्ल्ड स्कूल द्वारा 6वीं माइक्रो मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन की थीम स्वदेशी रही। इस दौड़ के जरिये स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए जागरूक किया। माइक्रो मैराथन का उद्घाटन अंतरराष्ट्रीय शूटिंग चैंपियन आरुषि गुप्ता ने किया।

### नाटक से स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता किया

ग्रेटर नोएडा,। शारदा विश्वविद्यालय में ओरल हेल्थ ड्राइव का आयोजन हुआ। बीडीएस तृतीय वर्ष के छात्रों ने मौखिक स्वास्थ्य जागरुकता पर केंद्रित एक नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। डीन डॉ हेमंत ने कहा कि हम जो कुछ खाते-पीते हैं वो मुंह से होता हुआ ही पेट में जाता है, ऐसे में अगर मुंह ही साफ नहीं रहेगा तो स्वास्थ्य संबंधी अलग-अलग तरह की दिक्कतें हो सकती है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में 11वीं का छात्र लापता

दादरी। सेक्टर म्यू-1 से 11वीं कक्षा का छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने छात्र को काफी तलाश किया, लेकिन उसकी कोई जानकारी नहीं मिली। परिजनों ने पुलिस से शिकायत की है। दादरी कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर म्यू-1 में मनोज विधूड़ी परिवार के साथ रहते हैं। मनोज ने पुलिस को बताया कि उनका 15 वर्षीय बेटा अनिकेत एक स्कूल में 11वीं कक्षा का छात्र है। अनिकेत 30 सितंबर को दोपहर में बिना बताए घर से कहीं चला गया। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। परिजनों ने पुलिस से छात्र को सकुशल बरामद करने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी का कहना है कि गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है।

# अखिल भारतीय किसान सभा ने मनाया राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्म दिवस



स्योहारा। अखिल भारतीय किसान सभा मण्डल स्योहारा शाखा के द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी का जन्म दिन उत्साहपूर्वक मनाया जाना। 2 अक्टूबर को अखिल भारतीय किसान सभा शाखा स्योहारा ने राष्ट्रपिता महात्या गाँधी जी की 156 वीं जयन्ती मीना मार्केट स्योहारा में बड़े ही उत्साह के साथ मनायी।इस अवसर पर अखिल भारतीय किसान सभा के मण्डत मन्त्री एडवोकेट चौ. इसरार अली ने कहा कि गांधी जी ने अहिंसा के रास्ते पर चल कर भारत को आजादी दिलायी। परन्तु यदि आज गांधी जी जीवित होते तो बहुत दुखी होते है क्योंकि आज कि सरकारे गरीबों, अल्पसंख्यको, दलितो और महिलाओं पर जुल्म ढाहा रही है। जो भी अपने हक की लड़ाई लड़ता है उसका दमन किया जाता है।अल्पसंख्यको को मारा-पीटा जा रहा है तथा जेलो में डाला जा रहा है लद्दाख में शान्ति पूर्वक धरने पर बैठे लोगो पर लाठीचाज की गई। नम वांगचुक को ठरअ के तहत गिरफ्तार किया गया है तथा उन्हे जेल में डाल दिया गया है। आज की पूंजीपति समर्थित सरकार ने भारत की मेहनतकश जनता के पास सिवाये खुदा-भगवान के कुछ भी नहीं छोड़ा है। हम सरकार से अपील करते है कि सभी बेगुनाह लोगो को रिहा किया जाये तथा गांधी जी के आदर्शों पर चलते हुए आपसी भाई-चारे को कायम रखा जाये।

# श्री वेंक्टेश्वरा में सड़क सुरक्षा में मेडिकल प्रोफेशनल्स की अहम भूमिका पर हुआ मंथन

प्रात : किरण संवाददाता



अमरोहा। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय एवं वेंक्टेश्वरा इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस के संयुक्त तत्वावधान में रोल ऑफ मेडिकल प्रोफेशनल्स इन रोड सेफ्टी अवेयरनेस इन इंडिया विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देश के विख्यात आर्थो एवं स्पाइन सर्जन, पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय (प्रेसीडेंट, एम्स गुवाहटी) रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि ह्लमेडिकल प्रोफेशनल्स की सक्रिय भागीदारी और सघन जागरूकता अभियान के जरिये प्रतिवर्ष डेढ़ लाख से अधिक मौतों को रोका जा सकता है। किसी भी सड़क दुर्घटना या ट्रॉमा केस में पहला एक घंटा (गोल्डन ऑवर) सबसे महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान प्राथमिक उपचार और शीघ्र एडवांस ट्रीटमेंट उपलब्ध कराना पीड़ित की जान बचाने में निर्णायक होता है। श्री वेंक्टेश्वरा समूह के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल सरकार की ही नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी है। वहीं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि यदि लोग छोटे-छोटे ट्रैफिक नियमों जैसे हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना, नशे में वाहन न चलाना, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन का उपयोग न करना आदि का पालन करें, तो अकेले भारत में ही हर वर्ष चार लाख से अधिक लोगों की जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी व डीन मेडिकल डॉ. संजीव एच. भट्ट ने मुख्य अतिथि पद्मश्री डॉ. बी.के.एस. संजय को पटका, पगड़ी और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। सेमिनार में डॉ. सुरेश मेहता, डॉ. सुप्रीति भटनागर, डॉ. बी.एस. त्यागी, डॉ. साची अहलावत, डॉ. दीपाली गुप्ता, डॉ. सचिन टूटू, डॉ. अल्ताफ, डॉ. रूचि मान, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. सोनिया रावत, मेरठ परिसर से डॉ. प्रताप सिंह, मीडिया प्रभारी विश्वास राणा सहित कई वरिष्ठ चिकित्सक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन एनाटॉमी की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सुप्रीति भटनागर ने किया।

# थाना देहात परिसर में एसपी ने किया निमार्णाधीन बैरिक का निरीक्षण



प्रात : किरण संवाददाता

अमरोहा। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने शनिवार को थाना देहात परिसर में निमार्णाधीन आवासीय बैरिक का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, सुरक्षा मानकों और समयबद्ध प्रगति का बारीकी से जायजा लिया। एसपी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पुराने बैरिक के पुनर्निर्माण में गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों का पूर्ण पालन किया जाए तथा कार्य स्थल पर नियमित निगरानी व निरीक्षण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि नए निर्मित बैरिक का उद्देश्य पुलिसकर्मियों को सुरक्षित व सुविधाजनक आवास उपलब्ध कराना है, जिससे वे बेहतर कार्य वातावरण में अपनी जिम्मेदारियां पूरी निष्ठा से निभा सकें। निरीक्षण के दौरान श्री आनंद ने सामग्री की उपलब्धता और निर्माण की मजबूती पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिसकर्मियों के लिए उत्तम कार्यस्थल उपलब्ध कराने हेतु ऐसे निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा और निगरानी भविष्य में भी जारी रहेगी। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नौगावां सादात, प्रतिसार निरीक्षक अमरोहा, प्रभारी निरीक्षक थाना अमरोहा देहात समेत अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रावण दहन के साथ हर्षोल्लास और धूमधाम से संपन्न हुआ दशहरे का पर्व, चाक-चौबंद रही पुलिस व्यवस्था

प्रात : किरण संवाददाता



स्योहारा। स्योहारा के रामलीला मैदान में विजयदशमी का पर्व इस वर्ष भी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित भव्य कार्यक्रम में कलाकारों ने राम-रावण युद्ध का मंचन कर बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया। रावण का पुतला दहन होते ही मैदान में मौजूद हजारों लोगों ने जय श्रीराम के नारों से गगन गुंजा दिया। मेले में नगर व क्षेत्रवासियों की भारी भीड़ उमड़ी। नगर पालिका परिषद, विभिन्न प्रेस क्लबों, सामाजिक संस्थाओं व संगठनों द्वारा आगंतुकों के लिए स्वागत एवं सुविधाओं के कैंप लगाए गए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी सतेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पूरे समय मुस्तैद रहे। पुलिस जेबकतरों व असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखे रही, जिससे कार्यक्रम सकुशल संपन्न हो सका। कार्यक्रम में दोनों राजपरिवारों के सदस्य विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी व चिकित्सक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, रामलीला कमेटी के संरक्षक कुँवर पृथ्वीराज सिंह व उनकी माता रानी कामिनी सिंह, सहसंरक्षक कुंवर रणंजय प्रताप सहित रियासत के कई सदस्य मौजूद रहे। साथ ही नगर व क्षेत्र के गणमान्य लोग, समाजसेवी, राजनैतिक दलों के नेता, व्यापारी व हजारों दर्शक कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रेस क्लब स्योहारा के संरक्षक डॉ. मनोज कुमार वर्मा, सहसंरक्षक धर्मेंद्र भुइयार, अध्यक्ष रियाज अहमद उर्फ. प्रिंस, महामंत्री चमन भारद्वाज समेत कई पदाधिकारियों ने भी आगंतुकों का स्वागत किया।विजयदशमी का पर्व बड़े ही उत्साह, उल्लास और शांति के वातावरण में सम्पन्न हुआ।

# घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने फांसी लगाकर दे दी जान

ढवारसी। थाना आदमपुर क्षेत्र के गांव सूबरा में घरेलू कलह के चलते पति-पत्नी ने फांसी पर लटक कर जान दे दी। मौका मुआयना के बाद पुलिस का अनुमान है कि पहले पत्नी ने फांसी लगाई। पत्नी के शव को फंदे से उतारकर चारपाई पर रखने के बाद पति भी उसी फंदे पर लटक गया। दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। सीओ मौके पर जांच-पड़ताल कर रहे हैं। साक्ष्य संकलन के लिए फोरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर बुलाई गई है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को गांव निवासी 35 वर्षीय विजय खड़गवंशी का 30 वषीर्या पत्नी भूरी देवी से विवाद हुआ था। 11 वर्षीय बेटा आदेश, 9 वर्षीय बेटी बबली व 7 वर्षीय बेटा देवेंद्र गुरुवार देर शाम खाना खाने के बाद छत पर सोने चले गए। पड़ोसियों का कहना है कि गुरुवार रात 11 बजे तक उन्होंने पति-पत्नी दोनों के बीच बातचीत सुनी। शुक्रवार सुबह तीनों बच्चे उतरकर नीचे आए तो माता का शव चारपाई पर जबकि, पिता का शव कमरे में फंदे पर लटका देखकर चीख निकल गई। पुलिस ने मामले की जांच-पड़ताल शुरू कर दी। थानाध्यक्ष ने बताया कि घरेलू क्लेश में पति-पत्नी द्वारा फांसी लगाकर जान देने की बात सामने आ रही है।

# हादसे में हाईस्कूल की छात्रा की मौत, पिता गंभीर

रहरा। अलीगढ़ मार्ग पर हादसे में हाईस्कूल की छात्रा की मौत हो गई जबकि, पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने छात्रा का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। जानकारी के मुताबिक रहरा थाना क्षेत्र के गांव खैलिया पट्टी निवासी ओमकार सिंह गुरुवार को अपनी 14 वषीर्या बेटी नीरू को दवा दिलाने संभल जनपद के गंवा गया था। देर शाम वह बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही देर शाम उनकी बाइक सिरसा के नजदीक पहुंची कि डीसीएम चालक ने टक्कर मार कर भाग निकला। पिता-पुत्री गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को स्थानीय सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां से नीरू को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। मेरठ के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान नीरू की मौत हो गई। ओमकार का उपचार निजी अस्पताल में चल रहा है। रहरा पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है। बताया जा रहा है कि नीरू क्षेत्र के गांव खुर्तिया के इंटर कॉलेज में हाई स्कूल की छात्रा थी। वह चार बहन-भाइयों में बड़ी थी। परिवार में कोहराम मचा हुआ है। थानाध्यक्ष अतवीर सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा। शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

# भाजपा नेता मौसम चौधरी ने किया अहिल्याबाई होल्कर भवन का शुभारंभ

## दशहरा मिलन समागम में उमड़ा जनसैलाब, पाल समाज ने दिया सहयोग का भरोसा

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। विजयदशमी के पावन अवसर पर श्री शिव मंदिर बाबा लंगोटिया महाराज ट्रस्ट की ओर से मंदिर परिसर में दशहरा मिलन समागम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी एवं हल्दौर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह ने मंदिर के मुख्य द्वार पर नारियल फोड़कर पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर भवन और दुकानों का शुभारंभ किया। मौसम चौधरी ने कहा कि पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने समाज को धर्मनिष्ठ, न्यायप्रिय और लोकहितकारी कार्यों की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और यह भाव प्रत्येक व्यक्ति के जीवन का मूल आधार होना चाहिए। उन्होंने ट्रस्ट द्वारा कराए गए निर्माण कार्यों की सराहना करते हुए मंदिर परिसर के अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराने का वचन दिया। उन्होंने पाल समाज को हर संभव आर्थिक सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। समागम में मौजूद सैकड़ों पाल समाज के लोगों ने एक स्वर में मौसम चौधरी को राजनीतिक सहयोग देने का वादा किया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख विजेंद्र सिंह ने कहा कि मौसम चौधरी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वे जो वादा करते हैं, उसे हर हाल में पूरा करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त खंड विकास अधिकारी शिव सिंह धनगर और संचालन ट्रस्ट अध्यक्ष रामगोपाल धनगर ने किया। समारोह में पूर्व प्रधान अशोक कुमार, पूर्व अध्यक्ष अजय पाल, भाजपा जिलामंत्री माया पाल, मंडल मंत्री दीपक पाल, समाजसेवी सीमांत चौधरी, युवराज पाल, महिपाल, जयवीर सिंह, एडवोकेट भुवनेश्वर, देवेंद्र पाल उर्फ चीनू, वरिष्ठ छायाकार कमल पाल सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# प्रताड़ना से अनुदेशिका की मौत बीएसए कार्यालय पर धरना

● तिरंगे केक विवाद, नमाज और घरेलू कार्यों को लेकर लगाए गंभीर आरोप

प्रात : किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर। नजीबाबाद के उच्च प्राथमिक विद्यालय में कार्यरत अनुदेशिका आरती की आत्महत्या ने पूरे जिले को हिला दिया है। आरोप है कि विद्यालय के मुख्य अध्यापक शहनाज जर्बी, उनके पति मोबिन हसन और उनकी साली शाहजहां परवीन ने लगातार मानसिक प्रताड़ना दी। आरती ने विरोध किया, शिकायतें भी दर्ज कराईं, पर कार्रवाई न होने के कारण उन्होंने अपनी जान दे दी। इसी मुद्दे पर शुक्रवार को परिषदीय अनुदेशक कल्याण एसोसिएशन (उत्तर प्रदेश) ने बीएसए कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को मांग पत्र सौंपा।

### प्रताड़ना के आरोप

में खंड शिक्षा अधिकारी को दिया गया पत्र दबा दिया गया। विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर साझा किया गया सुसाइड नोट भी अनसुना रहा। दो स्थायी अध्यापक होने के बावजूद आरती से सामाजिक व गणित पढ़वाया जाता रहा। 15 अगस्त को विद्यालय में तिरंगे का केक काटने का विरोध करने पर उन्हें निशाना बनाया गया। बच्चों को विद्यालय समय में शिक्षकों के घर ले जाकर सफाई कराई जाती थी। बच्चों से नमाज अदा करवाई जाती और बाहर भेजा जाता था।

### एसोसिएशन की चार प्रमुख मांगें

1 तीनों आरोपित शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाए। 2 पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। 3 विभागीय लापरवाही के दोषी अधिकारियों पर भी कार्रवाई हो। 4अनुदेशकों से अनुचित विषय पढ़वाने की प्रथा समाप्त की जाए। सवालों के घेरे में विभाग क्यों विभाग ने शिकायत और सुसाइड नोट पर ध्यान नहीं दिया? क्या अधिकारियों की लापरवाही इस मौत की जिम्मेदार है? क्या अब दोषियों पर कार्रवाई होगी या मामला फाइलों में ही दफ्न हो जाएगा? फैक्ट फाइल मृतकाः अनुदेशिका आरती (गृह विज्ञान) विद्यालयः उच्च प्राथमिक विद्यालय, नजीबाबाद आरोपितः मुख्य अध्यापक शहनाज जर्बी, सहायक अध्यापक मोबिन हसन, शाहजहां परवीन मुख्य विवादः तिरंगे का केक काटना बच्चों से घरेलू कार्य विद्यालय परिसर में नमाज अनुचित विषय पढ़वाना

### घटनाक्रम (Timelife)

आरती ने खंड शिक्षा अधिकारी को शिकायत पत्र दिया। अगस्त 2025ः विभागीय व्हाट्सएप ग्रुप पर सुसाइड नोट भेजा। 15 अगस्त 2025ः तिरंगे केक विवाद और वीडियो रिकॉर्डिंग। सितंबर 2025ः आरती ने प्रताड़ना से तंग आकर आत्महत्या की। अक्टूबर 2025ः अनुदेशकों ने बीएसए कार्यालय पर धरना व मांग पत्र सौंपा। इस संबंध में बीएसए सचिन कसाना कहा कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए, निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। इसमें जो भी दोषी होगा उसको बख्शीश नहीं की जाएगी। कठोरता सजा भी दिलाई जाएगी।

### टिप्पणी / विश्लेषण

आरती की मौत केवल एक व्यक्तिगत त्रासदी नहीं, बल्कि शिक्षा तंत्र की विफलता का प्रतीक है। जब एक शिक्षिका अपनी पीड़ा दर्ज कराती है, सुसाइड नोट तक लिख देती है और फिर भी विभाग मौन बना रहता है, तो यह व्यवस्था पर सीधा प्रश्नचिह्न है। विद्यालय बच्चों के भविष्य गढ़ने की जगह धर्म, राजनीति और गुटबाजी का अड्डा बन जाए तो यह समाज के लिए घातक है। अब देखना यह है कि विभाग इस पर कड़ी कार्रवाई करता है या फिर यह प्रकरण भी कागजों में दफन होकर रह जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### टीबी मरीजों को पोषण किट दी गई

फरीदाबाद। फरीदाबाद के ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज में क्षय रोग विभाग ने टीबी और एचआईवी पर जागरुकता शिविर लगाया। विधायक धनेश अदलखा ने सभी 250 टीबी मरीजों को गोद लेकर उन्हें पोषण किट दी। शिविर में स्वास्थ्य जांच और परामर्श भी हुआ। डीटीओ डॉ. हरजिंदर सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में थूक संग्रहण, एक्स-रे और एचआईवी परीक्षण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। कुल 19 निक्षय मित्रों ने पंजीकरण कराया और 24 रोगियों को गोद लिया। विधायक धनेश अदलखा ने कहा कि सामुदायिक सहयोग से ही टीबी उन्मूलन का लक्ष्य पूरा होगा। उन्होंने पोषण और देखभाल को उपचार का अहम हिस्सा बताया। सीएमओ डॉ. जयंत आहूजा और अन्य चिकित्सक भी मौजूद रहे। शिविर के समापन पर रोगियों को नियमित इलाज और सहयोग का आश्वासन दिया गया।

### रोजगार शिविर में पांच पूर्व कैदियों का पंजीकरण कराया

फरीदाबाद। फरीदाबाद जिला कारागार में मंडल रोजगार कार्यालय ने रोजगार सहायता शिविर लगाया। इस दौरान पूर्व कैदियों का पंजीकरण कराकर उन्हें व्यावसायिक मार्गदर्शन दिया गया। दो कैदियों को निजी कंपनियों ने शॉर्टलिस्ट भी किया। रोजगार शिविर में पांच पूर्व कैदियों का रोजगार पोर्टल पर पंजीकरण किया गया और उन्हें नई शुरूआत के लिए आवश्यक जानकारी दी गई। मंडल रोजगार अधिकारी योगेश कुमार ने कहा कि ऐसे प्रयास समाज में बदलाव लाने में मददगार साबित होंगे। शिविर के दौरान रोजगार कार्यालय की टीम ने कैदियों को नौकरी के अवसरों और कौशल विकास की दिशा में जानकारी दी। जेल अधीक्षक हरेंद्र मलिक ने प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि रोजगार से जुड़कर वे सम्मानजनक जीवन जी सकेंगे।

### रैली निकालकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया

फरीदाबाद। फरीदाबाद में श्रम विभाग ने सेवा पखवाड़े के तहत नशा और सामाजिक बुराइयों के खिलाफ जागरुकता रैली का आयोजन किया। यह रैली बीके चौक से शुरू होकर एनआईटी-3 तक निकाली गई। अधिकारियों ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संदेश दिया। श्रम विभाग की ओर से आयोजित इस रैली में उप श्रम आयुक्त भगत प्रताप सिंह ने कहा कि नशा व्यक्ति और समाज दोनों को कमजोर करता है, इसलिए इसे जड़ से खत्म करना जरूरी है। उन्होंने लोगों से इसमें सक्रिय सहयोग की अपील की। सहायक श्रम आयुक्त राजवीर सिंह समेत विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे। रैली में जन साहस फाउंडेशन के सदस्य भी शामिल हुए और लोगों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न मार्गों पर मौजूद लोगों को सामाजिक बुराइयों के प्रति जागरूक करने के लिए पंपलेट भी बांटे गए।

### पलवल में 10 हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

पलवल। पलवल एसटीएफ ने नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सबस्टेंस एक्ट (एनडीपीएस) के तहत दर्ज मामले में फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी नशा तस्कर को मध्य प्रदेश से शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया आरोपी कमल सिंह आगर मालवा जिले के मालनवासा गांव का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार, वर्ष 2023 में जींद के नरवाना थाना क्षेत्र में कमल सिंह के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। मामले में आरोपित के लगातार फरार रहने पर सितंबर में एसटीएफ के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। एसटीएफ टीम ने तकनीकी निगरानी और गहन जांच के आधार पर आरोपी का पता लगाया। साइबर तकनीक की मदद से उसके मध्य प्रदेश स्थित गृह जिले आगर मालवा का लोकेशन मिला। इसके बाद टीम ने दो अक्टूबर को दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया।

### सूरजकुंड दीवाली मेले की मुख्य चौपाल पर विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों से मचाई धूम

फरीदाबाद,। सूरजकुंड दीवाली मेले में दूसरे दिन शुक्रवार को मुख्य चौपाल पर स्कूलों के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियों से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों के सामूहिक नृत्य व गायन और एकल नृत्य ने मंच पर खूब रंग जमाया। दीवाली के उपलक्ष्य में आत्मनिर्भर भारत-स्वदेशी मेला की थीम के साथ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्ग दर्शन और पर्यटन मंत्री डा. अरविंद कुमार शर्मा के निर्देशन में 7 अक्टूबर तक द्वितीय सूरजकुंड दीवाली मेला का आयोजन किया जा रहा है।

# अपराध रोकने और सजा दिलाने में नाकाम BJP, NCRB की रिपोर्ट आने के बाद दीपेंद्र हुड्डा ने साधा नायब सरकार पर निशाना

प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली। (एनसीआरबी) द्वारा क्राइम इन इंडिया 2023 की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेसी नेता सरकार के विरुद्ध मुखर हो रहे हैं। रोहतक से सांसद तथा वरिष्ठ कांग्रेसी नेता दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा हरियाणा सरकार अपराध को रोकने से लेकर अपराधियों को सजा दिलाने में नाकाम रही है। पुलिस से लेकर अभियोजन तंत्र को अपने सिस्टम को सुधारने की जरूरत है। रिपोर्ट में 2023 में प्रदेश में कुल 2,24,216 एफआइआर दर्ज हुई। 3.03 करोड़ आबादी वाले हरियाणा में हर रोज तीन हत्या, पांच दुष्कर्म और 11 अपहरण के मामले दर्ज हुए। हरियाणा देश में सबसे अधिक अपराध दर वाले राज्यों में शामिल है। राज्य में महिलाओं के खिलाफ कुल 15,758 अपराध के मामले मामले दर्ज हुए। इनमें 1,772 दुष्कर्म, 131 सामूहिक दुष्कर्म तथा, 207 दहेज हत्या के मामले हैं, जबकि सजा दर सिर्फ 13.6 प्रतिशत रही जो शर्मनाक है। दुष्कर्म के मामलों में अपराध दर 12.4 है, जो राष्ट्रीय औसत 4.3 से अधिक है। इसी तरह अन्य मामलों को लेकर भी है। बता दें कि रिपोर्ट को लेकर हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर यह कह चुके हैं कि अब एफआइआर तुरंत दर्ज की जा रही है। कई मामले दर्ज तो होते पर बाद में पांच में केस झूठा पाया जाता है।

# फरीदाबाद : जीवंत लोक परंपराओं को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का काम कर रहे लोक कलाकार

प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद। हरियाणा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और जीवंत लोक परंपराओं को देश-दुनिया में पहचान दिलाने का श्रेय उन लोक कलाकारों को जाता है, जिन्होंने अपने समर्पण और प्रतिभा के बल पर हरियाणवी लोक कला को जन-जन तक पहुंचाया है। आज जब आधुनिकता की दौड़ में पारंपरिक कलाएं लुप्त होने की कगार पर हैं, ऐसे समय में ये कलाकार हरियाणा की आत्मा को जीवित रखने का कार्य कर रहे हैं। हरियाणवी की संस्कृति समृद्ध संस्कृति है, जिसका पूरे भारत देश के साथ-साथ विदेशों में भी डंका बजता है। ढोल-नगाड़ा, बीन, सांग, रागनी आदि हरियाणवी संस्कृति के विशेष अंग है। इस संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए आवश्यक है कि हरियाणा का युवा अपनी संस्कृति से भली-भांति परिचित हो। सूरजकुंड दीपावल मेला में जिला पलवल के गांव बंचारी से आई सुरेंद्र सिंह व नगाड़ा पार्टी, जिला सोनीपत के गांव वजीरपुर टिटाना गांव से आई जय सिंह नाथ की म्यूजिक सपेरा डांस पार्टी व जिला जींद से आई मास्टर चंद्रभान बीन पार्टी मेला घूमने आने वाले लोगों का मनोरंजन करने के साथ-साथ लोक कला व संस्कृति की जड़ों को मजबूत करने व जीवंत रखने का काम कर रही हैं। ढोल नगाड़ा बंचारी गांव की प्रसिद्ध विधा है जो देश-विदेश में प्रसिद्ध है। हरियाणा सरकार की ओर से युवाओं को हरियाणवी संस्कृति से परिचित करवाने के लिए सरकार की ओर से सराहनीय पहल की जा रही है।सांस्कृतिक कार्यक्रमों से युवा पीढ़ी में अपने देश व प्रदेश की लोक संस्कृति के प्रति जागृति आ रही है। इन आयोजनों से न केवल शहरों में रहने वाला युवा वर्ग हरियाणवी संस्कृति से परिचित होगा, बल्कि संस्कृति से जुडक राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंचों पर हरियाणवी संस्कृति को बढ़ावा देने में सहायक भी सिद्ध होगा। हरियाणवी कला संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के मार्गदर्शन में हरियाणा कला एवं संस्कृति विभाग कृतसंकल्प है,

## सूरजकुंड दीवाली मेला में उपलब्ध घर के तैयार मसाले, टेस्टी भी हेल्दी भी

फरीदाबाद,। सूरजकुंड दीवाली मेला आत्मनिर्भर भारत स्वदेशी मेला की थीम के साथ लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। इस मेले में रसोई में प्रयोग होने वाले विभिन्न तरह के चटपटे और स्वाद से भरपूर मसाले लेकर झज्जर के ग्राम संगठन की महिलाएं पहुंची हैं। एसडी शुद्ध मसाला के नाम से मेले में लगाए गए स्टॉल पर घर के बनाए बिना मिलावट के विभिन्न प्रकार के मसाले उपलब्ध हैं। ग्रामीण महिला ग्रह उद्योग एवं उजाला महिला ग्राम संगठन की संचालिका कमला ने बताया कि 2014 में 10 महिलाओं के साथ मिलकर स्वयं सहायता समूह बनाया था। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ग्रामीण महिला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए शुरू किए हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुडक एक लाख रुपए का लोन लेकर मसालों को तैयार करने का कार्य शुरू किया था। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा घर से तैयार किए जाने वाले विभिन्न तरह के मसाले लोगों को खूब पसंद आए। इसके बाद उन्होंने गांव के दो और समूह के साथ मिलकर तीन समूहों का ग्राम संगठन बना लिया। संगठन के द्वारा एसडी शुद्ध मसाला के नाम से व्यापार शुरू किया गया है। उनके द्वारा तैयार किए गर्म मसाला, हल्दी, कम तीखी और चटपटी मिर्च, सौंफ के पैकेट, सेंधा नमक समेत अन्य प्रकार के मसाले लोगों को बहुत पसंद आते हैं। ये सभी मसाले बिना मिलावट के पूरी तरह से शुद्ध होते हैं जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ पूरी तरह से स्वास्थ्यवर्धक भी होते हैं। वह सूरजकुंड में दूसरी बार आई है। उन्हें इतने बड़े स्तर पर मौका देने के लिए उनका संगठन मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद कुमार शर्मा का आभार व्यक्त करता हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि आगे भी उन्हें प्रदेशभर में होने वाले बड़े आयोजनों में अवसर दिया जाए। संचालिका कमला ने बताया कि उनके संगठन द्वारा तैयार किए बाजरे के लड्डू जहां स्वाद से भरपूर है। वहीं शुगर फ्री होने से शुगर के मरीजों के लिए स्वास्थ्य लाभकारी भी हैं। इन लड्डू की मार्केट में बहुत मांग भी रहती है। मेले में आने वाले पर्यटकों को भी ये बाजरे के लड्डू बहुत पसंद आएंगे।

# पलवल: सरकारी अस्पताल में कर्मचारी से मारपीट

प्रात: किरण संवाददाता



पलवल। जिले के होडल स्थित सरकारी अस्पताल में देर रात हंगामा हो गया। एमएलआर कटवाने आए लोगों ने ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी के साथ मारपीट कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी। इस मामले में पुलिस ने एक दंपति सहित 12 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार वार्ड सर्वेंट महेंद्र, जो होडल सरकारी अस्पताल में कार्यरत है। उन्होंने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह रात की ड्यूटी पर थे। रात करीब दस बजे बक्सुआ पट्टी होडल निवासी रोहित अपनी पत्नी गीता और कुछ सगे-संबंधियों के साथ अस्पताल पहुंचा। वह लोग एमएलआर कटवाने आए थे। उस समय आपातकालीन वार्ड में डॉ. पारस शर्मा ड्यूटी पर मौजूद थे। आपातकालीन वार्ड में भीड़ अधिक होने पर डॉक्टर ने महेंद्र को बुलाया। महेंद्र ने घायल के साथ आए अन्य लोगों से वार्ड से बाहर जाने को कहा। इस पर रोहित और उसके साथ आए लोग गाली-गलौच करने लगे। आरोप है कि बाद में वे महेंद्र को आपातकालीन वार्ड से बाहर मंदिर के पास ले गए और उसके साथ मारपीट की। उन्होंने धमकी दी कि यदि पुलिस में शिकायत की तो जान से मार देंगे। घटना के समय अस्पताल में मौजूद अन्य कर्मचारी देवेश, दीनदयाल, मोहर सिंह और हेमराज ने भी पूरे घटनाक्रम को देखा। मारपीट करने वालों में रोहित, उसकी पत्नी गीता और उनके साथ आए 1012 लोग शामिल थे। महेंद्र की शिकायत पर होडल थाना पुलिस ने रोहित, गीता और अन्य आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस प्रशासन ने शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के लिए किया पैदल गश्त, ड्रोन कैमरों से भी की निगरानी



प्रात: किरण संवाददाता, नादिर त्यागी

स्योहारा। जुमा के दिन नगर में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए स्योहारा पुलिस प्रशासन ने व्यापक पैदल गश्त किया। पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे और थाना प्रभारी निरीक्षक सतेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले इलाकों का गहन निरीक्षण किया। पुलिस ने पैदल मार्च निकालकर आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत किया और कानून-व्यवस्था बनाए रखने का संदेश दिया। इस दौरान अधिकारियों ने बाजारों और सार्वजनिक स्थलों पर तैनात पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों से संवाद स्थापित कर सहयोग की अपील भी की। पुलिस प्रशासन ने ड्रोन कैमरों की मदद से भी नगर के संवेदनशील इलाकों पर कड़ी निगरानी रखी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह या असामाजिक गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि नगर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए पुलिस हर समय सतर्क और मौजूद रहे।

# शटडाउन के बाद भी छोड़ी गई लाइन संविदा कर्मी लाइनमैन करंट से झुलसा

## परिजनों संग भाकियू कार्यकताओं ने बिजली घर का घेराव कर की कार्रवाई की मांग

प्रात: किरण अवनीश त्यागी



बिजनौर (बढ़ापुर)। जनपद के थाना बढ़ापुर क्षेत्र के तय्योपुर बिजली घर में शुक्रवार को लापरवाही का बड़ा मामला सामने आया। शटडाउन लेने के बाद पोल पर कार्य कर रहे एक संविदा कर्मी लाइनमैन को अचानक बिजली का करंट लग गया, जिससे वह बुरी तरह झुलस गया। पीड़ित लाइनमैन और उसके परिजनों ने गंभीर आरोप लगाया है कि शटडाउन देने के बाद भी बिजली घर से बिजली छोड़ दी गई, जिसके चलते यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए और गुस्से में बिजली घर का घेराव कर दिया। उन्होंने अधिकारियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग की। बताया गया कि हादसे के बाद घायल लाइनमैन को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्रामीणों और संगठन के कार्यकताओं का कहना है कि बिजली विभाग की लापरवाही आए दिन संविदा कर्मियों और उपभोक्ताओं की जान पर भारी पड़ रही है, लेकिन जिम्मेदार अफसर कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। घेराव की सूचना पर स्थानीय पुलिस और विभागीय अधिकारी मौके पर पहुंचे और आक्रोशित लोगों को समझाने का प्रयास किया।

## फरीदाबाद : चाकू मारकर की पनीर विक्रेता की हत्या

प्रात: किरण संवाददाता




फरीदाबाद। फरीदाबाद की बसेलवा कालोनी में गुरुवार देर रात पनीर विक्रेता की चाकू मारकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना को उस समय अंजाम दिया गया जब पनीर विक्रेता अपने नौकर के साथ दुकान को बंद करके अपने घर की तरफ जा रहा था। ओल्ड फरीदाबाद थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव मवाई का रहने वाले प्रवीण ने ओल्ड फरीदाबाद की बसेलवा कॉलोनी में दुकान खोली हुई है। जहां पर वह पनीर की थोक बिक्री करता था। पिछले लगभग 20 साल से वह यहां पर पनीर बेचने का काम करता था। मृतक के साथी बिट्टू ने बताया कि गुरुवार देर रात करीब 11 बजे प्रवीण अपने नौकर के साथ दुकान बंद करके घर वापस आ रहा था। इसी दौरान उसे जानकारी मिली की प्रवीण का रास्ते में किसी से झगड़ा हो रहा है। जब वह मौके पर पहुंचा तो एक व्यक्ति प्रवीण से लड़ रहा था। दोनों के बीच हाथापाई हो रही थी। इसी दौरान आरोपी ने प्रवीण को चाकू मार दिया। जिसके बाद दोबारा से प्रवीण पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक उसने हमला करने वाले आरोपी का हाथ पकड़ लिया था। पिटाई और चाकू लगने से प्रवीण बुरी तरह से घायल हो चुका था। इसी दौरान आरोपी मौके से फरार हो गया। बिट्टू के मुताबिक, वह गंभीर रूप से घायल प्रवीण को लेकर निजी अस्पताल की तरफ दौड़ पड़े, लेकिन रास्ते में ही प्रवीण ने दम तोड़ दिया। अस्पताल में पहुंचने पर डाक्टरों ने प्रवीण को मृत घोषित कर दिया। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सिविल अस्पताल में रखवा दिया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

## नौकरी का झांसा देकर ठगी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

प्रात: किरण संवाददाता

गुरुग्राम। व्हाट्सऐप ग्रुप से जोड़कर पार्ट टाइम नौकरी का ऑफर देकर ठगी करने वाले गिरोह के दो जालसाजों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक चार आरोपियों को गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस के अनुसार शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसे व्हाट्सऐप पर घर बैठे पार्ट टाइम नौकरी का लालच दिया गया। ऐप के माध्यम से टास्क पूरा करने और रुपये निवेश कर मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर धोखाधड़ी की गई। शिकायत मिलने पर थाना साइबर अपराध दक्षिण, गुरुग्राम में मामला दर्ज किया गया। सहायक पुलिस आयुक्त प्रियांशु दीवान के नेतृत्व में निरीक्षक नवीन कुमार की टीम ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गुरुवार जयपुर से काबू किया। आरोपियों की पहचान जयपुर निवासी 27 वर्षीय कृष्ण कुमार और 27 वर्षीय जगदेव कुमार के रूप में हुई। जांच में सामने आया कि ठगी के पैसे में से 50 हजार रुपये कृष्ण कुमार के खाते में ट्रांसफर हुए थे। उसने यह बैंक खाता आरोपी जगदेव को चार हजार रुपये में बेच दिया था, जबकि जगदेव ने वही खाता आगे किसी अन्य व्यक्ति को सात हजार रुपये में बेच दिया।

## नगर परिषद के दो जेई के तबादले से विकास कार्य अटके

प्रात: किरण संवाददाता

सोहना,। सोहना नगरपरिषद कार्यालय में तैनात दोनों कनिष्ठ अभियंताओं (जेई) का अचानक तबादला होने से शहर में चल रहे विकास कार्यों पर ब्रेक लग गया है। जेई के पद रिक्त होने के कारण करोड़ों रुपये की योजनाएं ठप हो गई हैं, जिससे विशेष रूप से दीपावली के त्योहार पर शहर को जगमग करने की तैयारियों पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। नगरपरिषद सोहना की कार्यकारी अधिकारी सुमन लता ने बताया कि दोनों जेई का तबादला होने से विकास कार्य प्रभावित होंगे और उन्हें फिर से पटरी पर लाना आसान नहीं होगा। अधिकारियों के तबादले से दीवाली पर नगरपरिषद कार्यालय सहित शहर के मुख्य चौक-चौराहों पर लगने वाली रंगीन और दुधिया लाइटें लगाने का कार्य, स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत वार्डों के अंदर चल रहे मरम्मत कार्य और नए पारित हुए विकास कार्य समेत शहर में बनने वाले स्वागत द्वार और स्मार्ट मार्ग बनाने की योजना आदि कार्य प्रभावित होंगे। कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि नए जेई को क्षेत्र का जायजा लेने और पूरे काम को समझने में समय लगेगा। अनुमान है कि इन विकास कार्यों को फिर से पटरी पर लौटने में कम से कम दो माह का समय लग सकता है।

# फरीदाबाद : यमुना नदी में बहे चाचा भतीजा, सुरक्षित बाहर निकले

प्रात: किरण संवाददाता



फरीदाबाद। यमुना नदी से लगते गांव इस्माइलपुर के इलाके में नदी में मां दुर्गा की मूर्ति को विसर्जित करते समय चार लोग पानी में बह गए। जिनमें से दो सुरक्षित बाहर निकल आए, लेकिन दो लोगों का अभी तक कोई सुराग नही लगा है। एसडीआरएफ की टीम दोनों की पानी में नाव से तलाश कर रही है। नवीन नगर चौकी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, दशहरे के अवसर पर गुरुवार की शाम काफी लोग यमुना नदी में मूर्ति को विसर्जित कर रहे थे। अजय नगर पार्ट 2 के रहने वाले शिवनारायण (45) और उसका भतीजा आकाश (27) अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर इस्माइलपुर इलाके यमुना नदी में मां दुर्गा की मूर्ति को विसर्जित करने के लिए पहुंचे थे। चाचा शिवनारायण, भतीजा आकाश, जीजा राजेंद्र व अन्य युवक मूर्ति को विसर्जित करने के लिए नदी के पानी में उतरे। पानी में उतरने के बाद वह नदी में वह काफी अंदर चले गए। आकाश के जीजा राजेंद्र ने बताया कि चारों मिलकर जब मूर्ति को विसर्जित कर रहे थे, तभी अचानक से पैरों के नीचे से रेत बहने के कारण वह पानी में डूबकर बह गए। जीजा राजेंद्र व अन्य युवक तो जैसे-तैसे करके कुछ दूर पानी से बाहर निकल आए, लेकिन शिवनारायण, आकाश दोनों का कहीं पता नहीं चला। जिसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस की टीम मौके पर पहुंची । एसडीआरएफ की टीम लगातार दोनों तो पानी मे तलाश कर रही है। लेकिन अभी तक भी दोनों का काई पता नहीं चला है। पुलिस प्रवक्ता यशपाल ने बताया कि टीम लगातार दोनों की तलाश कर रही है। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी।

## पलवल: पीडब्ल्यूडी कर्मी 11 अक्टूबर को मंत्री आवास पर करेंगे विरोध प्रदर्शन

पलवल,। हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की जिला कमेटी ने शुक्रवार को बैठक कर आगामी 11 अक्टूबर को होने वाले विरोध प्रदर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया। यूनियन ने घोषणा की है कि यह प्रदर्शन सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी के भिवानी स्थित आवास पर किया जाएगा। बैठक में राज्य, जिला और ब्रांच स्तर के पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान यूनियन नेताओं ने कहा कि कर्मचारियों की जायज मांगों को अनसुना कर सरकार कर्मचारी विरोधी नीतियां थोप रही है। इसी के विरोध में 11 अक्टूबर को राज्यस्तरीय प्रदर्शन किया जाएगा। राज्य उपप्रधान राकेश तंवर और राज्य मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा ने बैठक को संबोधित करते हुए सरकार की रेशनेलाइजेशन पॉलिसी की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि विभागों को छोटा करना, कर्मचारियों की छंटनी करना और कच्चे कर्मचारियों को पक्का न करना सरकार की गलत नीतियों का हिस्सा है। बैठक में राज्य मुख्य संगठन सचिव योगेश शर्मा, राज्य उपप्रधान राकेश तंवर, जिला उपप्रधान सुभाष राणा, जिला सचिव सतपाल करहाना, जिला कोषाध्यक्ष हंसराज, भूदेव शर्मा, मोहम्मद मजलिस, बलजीत तंवर, शिवराम कुंडू सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## फरीदाबाद में पल्ला पुल के पास मिला दस फुट लंबा अजगर



प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद,। फरीदाबाद में पल्ला थाना क्षेत्र में आगरा नहर पर बने नए पल्ला पुल के पास करीब १० फुट लंबा अजगर मिलने से अफरा-तफरी मच गई। अजगर वहां पर खड़ी एक पिकअप गाड़ी में घुस गया। इस दौरान अजगर ने गांव के अंदर घुसने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने डंडे की सहायता के घुसने नहीं दिया। जानकारी के अनुसार करीब १० फुट लंबा अजगर नहर के इलाके से निकलकर सडक पर आ गया। जिसके बाद वह रोड़ पर फुटपाथ पर खड़ी एक पिकअप गाड़ी के नीचे के हिस्से में घुस गया। अजगर को गाड़ी के नीचे घुसते हुए किसी ने देख लिया। जिसके बाद वहां पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। लोग ने जैसे- तैसे करके उसको गाड़ी के नीचे के बाहर निकाल दिया। गाड़ी से निकलने के बाद अजगर ने गांव के घरों में घुसने की कोशिश की, लेकिन लोगों ने लाठियों से उसको गांव की तरफ जाने से रोक दिया। करीब २ घंटे तक सडक पर अजगर को लोगों ने रोके रखा। जिसके बाद अजगर एक छोटे पेड़ पर चढ़ गया। इस दौरान लोग मोबाइल की टार्च से अजगर पर नजर रख रहे थे। जिसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पेड़ से अजगर को उतारकर उसको पकड़ लिया। टीम ने अजगर को आबादी के एरिया से दूर फिर से जंगल में सुरक्षित छोड़ दिया। पल्ला थाना इंचार्ज सत्य प्रकाश के मुताबिक वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर अजगर का रेस्क्यू कर लिया। जिसको उन्होंने दूर जंगल मं छोड़ दिया है। किसी भी प्रकार की कोई हानि नहीं हुई है।




## बढ़ती आय और कर सुधारों से भारत में निवेश के नए अवसर खुल रहे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** 15वें वित्त आयोग के अध्यक्ष एनके सिंह ने कहा है कि भारत का बड़ा और अब तक अप्रयुक्त घरेलू बाजार देश में निवेश के लिए अपार संभावनाएं प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि प्रति व्यक्ति आय में सालाना पांच से छह प्रतिशत की दर से हो रही वृद्धि से निजी निवेश, पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप, बाहरी निजी निवेश और आंतरिक संसाधन जुटाने के लिए अनुकूल अवसर बन रहे हैं। एनके सिंह ने कहा कि हम एक ऐसे निर्णायक मोड़ पर हैं, जहां कई सकारात्मक चक्र एक साथ काम कर रहे हैं, जो हमें आने वाली चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना करने में सक्षम बनाएंगे। जीएसटी सुधारों से लोगों को राहत मिली है उन्होंने आगे कहा कि जीएसटी दरों में कटौती से सरकार को राजकोषीय मोर्चे पर अधिक लचीलापन मिला है, आम लोगों की क्रय शक्ति बढ़ी है, कारोबार करने में आसानी में सुधार हुआ है और आम जनता को राहत मिली है। सिंह ने कहा कि यह भारत के आम नागरिक की जीत है, जहां वह अपेक्षाकृत कम कर दरों का भुगतान कर रहा है और निवेश व कारोबारी माहौल में व्यापक सुधार देखने को मिल रहा है।

## आईपीओ ओपन होने से पहले विवादों में आई वीवर्क कंपनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) मार्केट में वीवर्क की एंट्री होने वाली है। इससे पहले ही कंपनी विवादों में आ गई है।



एक निवेशक ने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में एक याचिका दायर की है, जिसमें कंपनी पर गलत काम करने और बाजार नियामक द्वारा उसकी शिकायतों पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया गया है। एक याचिकाकर्ता ने दावा किया कि ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) में कई महत्वपूर्ण जानकारियां और भ्रामक बातें शामिल हैं, जिनमें गंभीर आर्थिक अपराधों के लिए प्रमोटरों के खिलाफ दायर आरोपपत्र को छिपाना भी शामिल है। बंसल ने सेबी से अपील की है कि जब तक आरोपों की जांच पूरी नहीं हो जाती और कोई औपचारिक फैसला नहीं आ जाता, तब तक वीवर्क को आईपीओ लाने से रोका जाए। बॉम्बे हाईकोर्ट की याचिका में दावा किया गया है कि सेबी अधिनियम की धारा 11ए सेबी को निवेशकों की सुरक्षा और बाजार की अखंडता सुनिश्चित करने के लिए किसी भी इश्यू पर रोक लगाने का स्पष्ट अधिकार प्रदान करती है। याचिकाकर्ता ने यह भी दावा किया कि आईपीओ से प्राप्त राशि जारीकर्ता के लिए कोई ठोस संपत्ति या व्यावसायिक अवसर पैदा नहीं करेगी। इसके बजाय, यह मुख्य रूप से खुदरा निवेशकों की कीमत पर प्रमोटरों को बाहर निकलने का रास्ता प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो बदले में सेबी के सामान्य आदेश, 2012 में निर्धारित सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। याचिकाकर्ता ने सार्वजनिक होने की योजना बना रही कंपनी के खिलाफ दायर विस्तृत शिकायतों पर सेबी की निष्क्रियता को चुनौती दी है। याचिका में उल्लेख किया गया है कि सेबी के समक्ष शिकायत दर्ज करने के बावजूद, उसने न तो इस मुद्दे पर निर्णय लिया है और न ही कोई तर्कसंगत मैसेज पारित किया है।

### कम कर दरों से परिवारों की सामर्थ्य में सुधार होगा

# जीएसटी 2.0 से छोटे कारोबारियों को फायदा



**नई दिल्ली, एजेंसी।**

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार ने उत्तर प्रदेश की विविध अर्थव्यवस्था को राहत दी है। इसमें जीआई-पंजीकृत कालीन, पीतल के बर्तन, जरदोजी, जूते, चीनी मिट्टी के उत्पादन, खेल के सामान और सीमेंट शामिल हैं। कम कर दरों से परिवारों की सामर्थ्य में सुधार होगा। कारीगरों पर कार्यशील पूंजी का दबाव कम होगा। इससे घरेलू तथा वैश्विक दोनों बाजारों में छोटी एवं मझोली (एमएसएमई) कंपनियों की प्रतिस्पर्धात्मकता मजबूत होगी। जीएसटी में टैक्स की दरें कम होने से भदोही के कालीन, मुरादाबाद के पीतल के बर्तन और सहारनपुर के लकड़ी के सामान के 6-7 प्रतिशत सस्ते होने की उम्मीद है। इससे निर्यात और लाखों कारीगरों के रोजगार को बढ़ावा मिलेगा। भदोही, मिर्जापुर व जौनपुर क्षेत्र भारत के सबसे बड़े हाथ से बुने और कालीन क्लस्टर में से एक है। जीएसटी दर 12 से घटाकर 5 प्रतिशत करने के बाद ये कालीन सस्ते हो गए हैं। कानपुर-आगरा क्षेत्र में 15 लाख श्रमिकों को रोजगार देने वाले चमड़ा और फुटवियर क्लस्टरों को भी जीएसटी दर में कटौती से लाभ मिलेगा। इससे एमएसएमई की प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा और निर्यात में वृद्धि होगी। लकड़ी के खिलौने व शिल्प क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। जिनमें से कई अपने घरों से काम करते हैं। केवल वाराणसी व चित्रकूट के क्लस्टर लगभग 15,000-25,000 कारीगरों को रोजगार देते हैं। सहारनपुर में लकड़ी के काम और नक्काशी में लगे हजारों कारीगर रहते हैं। रामपुर भी इस पारंपरिक शिल्प नेटवर्क का हिस्सा है। ये क्लस्टर मेलों, धार्मिक खिलौनों और सजावट के माध्यम से मजबूत घरेलू मांग को पूरा करते हैं। इनसे यूरोप और खाड़ी देशों तक मामूली निर्यात भी होता है। इसी के तहत नेशनल कंज्यूमर हेल्पलाइन (एनसीएच) को अब तक जीएसटी से संबंधित 3,981 शिकायतें मिली हैं। इनमें 31 प्रतिशत सवाल और 69 प्रतिशत वास्तविक शिकायतें शामिल हैं। भारत सरकार का उपभोक्ता मामले का विभाग इन शिकायतों के जल्द समाधान और स्पष्टीकरण के लिए उन पर बारीकी से नजर रख रहा है।

### खिलौने और छोटे शिल्प होंगे सस्ते

जीएसटी घटाकर 5 प्रतिशत करने से खिलौने और छोटे शिल्प सस्ते होने की उम्मीद है। इससे स्थानीय बाजारों में उनकी सामर्थ्य बढ़ेगी और कारीगरों को मशीन-निर्मित प्लास्टिक उत्पादों से प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। मेरठ और मोदीनगर स्थित खेल सामग्री क्लस्टरों को भी लाभ होगा, जहां 30,000-35,000 श्रमिक छोटी इकाइयों, एमएसएमई और बड़े कारखानों में कार्यरत हैं। यह क्षेत्र घरेलू बाजार के लिए लगभग 250 करोड़ रुपये मूल्य के क्रिकेट और हॉकी उपकरण बनाता है। अफ्रीका और मध्य पूर्व को भी निर्यात करता है।

### ब्रांड मालिकों और ई-कॉमर्स कंपनियों को भेजी जा रही शिकायतें


उपभोक्ता मामलों के विभाग ने एनसीएच के मल्टी-चैनल शिकायत निवारण प्रणाली के जरिये उपभोक्ताओं को जीएसटी से संबंधित शिकायतों को सीधे दर्ज करने की सुविधा दी है। त्वरित कार्रवाई के लिए शिकायतों को संबंधित ब्रांड मालिकों और ई-कॉमर्स कंपनियों को भेजा गया है।

### दूध, पेट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सबसे ज्यादा भ्रांति

एनसीएच को मिली शिकायतों का एक बड़ा हिस्सा दूध की कीमत से संबंधित है। उपभोक्ताओं ने एनसीएच से शिकायत की कि जीएसटी सुधार के बाद भी दूध कंपनियां कम दर का लाभ नहीं दे रही हैं। जांच में केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने पाया कि ताजा दूध पहले से ही छूट प्राप्त था और यूएचटी दूध को हाल ही में छूट दी गई है। नए जीएसटी सुधारों के बाद 3981 शिकायतें दर्ज, दूध-पेट्रोल और इलेक्ट्रॉनिक सामान पर सबसे ज्यादा भ्रांति22 सितंबर 2025 से नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी सुधार 2025 लागू होने से भारत की कर प्रणाली में एक क्रांतिकारी बदलाव आया है। इसका उद्देश्य कर ढांचे को सरल बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि तर्कसंगत कर दरों का लाभ उपभोक्ताओं तक पहुंचे।

### ऑनलाइन मनी गेम पर नियम सख्त

## उल्लंघन पर गैर-जमानती अपराध बनेगा; कंपनी के सभी स्टाफ होंगे जिम्मेदार



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने ऑनलाइन मनी गेमिंग नियमों के उल्लंघन को गैर-जमानती अपराध बनाने और इसमें शामिल पूरी कंपनी के स्टाफ को जिम्मेदार ठहराने का प्रस्ताव रखा है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने इस संबंध में गुरुवार को मसौदा नियम जारी किए। इनके अनुसार, किसी भी अधिकृत अधिकारी को भौतिक या डिजिटल स्थान पर प्रवेश करने, तलाशी लेने और बिना वारंट के ऐसे व्यक्ति को गिरफ्तार करने का अधिकार होगा, जिस पर अपराध करने या गैरकानूनी गतिविधि में शामिल होने या प्रतिबंधित कृत्यों को अंजाम देने की आशंका हो। नियमों में यह भी प्रावधान है कि कानून के तहत तलाशी और जांच करने वाले अधिकृत अधिकारियों को किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से सुरक्षा मिलेगी। मंत्रालय ने मसौदा नियमों पर सुझाव और टिप्पणियां 31 अक्तूबर तक आमंत्रित की हैं। मसौदा नियमों में कहा गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 के प्रावधानों के बावजूद, धारा 5 और धारा 7 के तहत अपराध संज्ञेय और गैर-जमानती होंगे। धारा 5 में किसी भी इकाई को ऑनलाइन मनी गेम्स और संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने, प्रोत्साहित करने या उसमें भाग लेने से रोका गया है। धारा 7 के तहत बैंकों, वित्तीय संस्थानों या अन्य व्यक्तियों को ऐसे खेलों से जुड़े वित्तीय लेन-देन को सुविधाजनक बनाने पर प्रतिबंध लगाया गया है। अधिनियम, 2025 की धारा 19 के तहत तैयार किए गए हैं, जिसे संसद से मंजूरी मिलने के बाद 22 अगस्त को राष्ट्रपति की स्वीकृति भी मिल चुकी है।

## डीमर्जर के रिकॉर्ड डेट के ऐलान के बाद टाटा मोटर्स के शेयर चढ़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा मोटर्स के शेयरों में आज बढ़त दर्ज की गई है और यह 723.75 से 724.25 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। 1 अक्टूबर को शेयर का भाव 4.83 प्रतिशत उछलकर 713.05 तक पहुंच गया था, जिसका मुख्य कारण डीमर्जर की रिकॉर्ड तिथि की घोषणा थी। 2 अक्टूबर को बाजार छुट्टी के बाद, 3 अक्टूबर को शेयर ने फिर से लगभग 3 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की और 739.55 के स्तर को छुआ। इस उछाल के पीछे का प्रमुख कारण 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी हुआ डीमर्जर है। कंपनी ने आधिकारिक तौर पर 14 अक्टूबर 2025 को रिकॉर्ड डेट तय की है। इस तिथि तक टाटा मोटर्स के शेयर रखने वाले निवेशकों को हर एक शेयर के बदले नई कमर्शियल व्हीकल कंपनी का एक शेयर मिलेगा। नई कमर्शियल व्हीकल इकाई के नवंबर में अलग से लिस्ट होने की उम्मीद है। इस डीमर्जर का मतलब है कि रिकॉर्ड डेट तक शेयरधारक रहने वाले निवेशकों की होल्डिंग दो अलग-अलग कंपनियों में बंट जाएगी। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड में पैसेंजर व्हीकल, इलेक्ट्रिक व्हीकल और जगुआर लैंड रोवर बिजनेस शामिल होंगे।

# कस्टम डिपार्टमेंट में भ्रष्टाचार से तंग आया कार्गो फर्म विट्रैक इंक

### ,कहा अब भारत में धंधा ही नहीं करेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री की कुर्सी संभालने के कुछ दिनों के बाद ही कह दिया था- ना खाऊंगा ना खाने दूंगा। लेकिन सरकारी अधिकारी इस बात को अभी भी ठीक से नहीं समझ रहे हैं। अब सीमा शुल्क या कस्टम विभाग को ही देखिए। इसका चेन्नई ऑफिस इस समय सुर्खियों में है। सुर्खी की वजह तमिलनाडु की एक लॉजिस्टिक्स कंपनी विट्रैक इंक है। इसने ङ्ग पर एक बड़ी घोषणा की है। कंपनी ने बताया है कि वह 1 अक्टूबर से भारत में अपना आयात-निर्यात का काम बंद कर देगी। उन्होंने इस फैसले के पीछे चेन्नई कस्टम्स द्वारा पिछले 45 दिनों से किए जा रहे लगातार उत्पीड़न को वजह बताया है। कंपनी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर दावा किया है कि इस साल दो बार



रिश्वत मांगने की बात उजागर करने के बाद अधिकारियों ने उनसे बदला लिया। जिससे उनका कारोबार भारत में पंगु और बर्बाद हो गया है। कंपनी ने अपनी पोस्ट में साफ कहा, भारत में कारोबार करना आसान नहीं है, शासन के हर स्तर पर केवल भ्रष्टाचार है। विट्रैक इंक के फाउंडर प्रवीन गणेशन ने भी इस मामले में गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने स्पेशल इंटेलिजेंस एंड इन्वेस्टिगेशन ब्रांच के कुछ खास अधिकारियों का नाम लिया है। प्रवीन ने दावा किया कि उनकी पत्नी की कंपनी को 6,993 के एक शिपमेंट के लिए 2.1 लाख रुपये से ज़्यादा की रिश्वत देने पर मजबूर किया गया। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि अधिकारियों ने बातचीत के दौरान 10 प्रतिशत छूट की पेशकश भी की थी। इस पोस्ट पर लोगों की तरफ से कड़ी प्रतिक्रियाएं आई हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने इस स्थिति को वास्तव में निराशाजनक बताया। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार अभी भी बहुत फैला हुआ है और आगे जोड़ा, ज़्यादातर कंपनियां व्यापार करने की कीमत के तौर पर बस इसका पालन करती हैं। ऐसा होना ज़रूरी नहीं है। आरिन कैपिटल के चेयरमैन और इंफोसिस के पूर्व सीएफओ मोहनदास पई ने भी इस पोस्ट पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को टैग करते हुए लिखा, आप हमारे बंदरगाहों में व्यवस्थागत भ्रष्टाचार को खत्म करने में विफल रहे हैं।

# आरबीआई का सर्वे: महंगाई को लेकर लोगों की चिंता घटी

- आने वाले महीनों में आमजन के लिए जागी राहत की उम्मीद
- वर्तमान में महंगाई की धारणा में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर देखी गई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा सर्वे में देशवासियों को महंगाई और कीमतों में दबाव पहले के मुकाबले कम लग रहा है। सितंबर 2025 के इन्फ्लेशन सर्वे में लोगों ने खाद्य वस्तुओं से लेकर सेवाओं तक, लगभग सभी क्षेत्रों में कीमतों के दबाव में कमी बताई है। हालांकि वर्तमान में महंगाई की धारणा में थोड़ी बढ़ोतरी जरूर देखी गई है, लेकिन आने वाले महीनों में महंगाई की उम्मीदें भी घटी हैं, जिससे आमजन को राहत की उम्मीद जगी है।

**क्या कहते हैं आंकड़ें?:** बता दें कि सर्वे में बताया गया कि आने वाले तीन महीनों में 77.8 प्रतिशत लोगों ने कीमतें बढ़ने की बात कही, जबकि पिछली बार यह आंकड़ा 79.5 प्रतिशत था। एक साल के नजरिए से 86.8 प्रतिशत लोगों को कीमतें बढ़ने की आशंका है,




जो पहले 88.1 प्रतिशत थी। ऐसे में सिर्फ 7.0 प्रतिशत जो कि 25 साल से कम उम्र के लोगों ने सबसे कम महंगाई महसूस की। वहीं 60 साल से ऊपर के लोगों ने इसे 7.9 प्रतिशत बताया। इसके अलावा कोलकाता में सबसे ज्यादा महंगाई महसूस की गई, 10.5 प्रतिशत, इसके बाद मुंबई (8.5 प्रतिशत) और दिल्ली (8.0 प्रतिशत) रहे।

### मामले में आरबीआई का स्पष्टीकरण

गौरतलब है कि सर्वे को लेकर आरबीआई ने साफ किया कि यह सर्वे सिर्फ लोगों की राय दिखाता है। साथ ही यह केंद्रीय बैंक की खुद की महंगाई की धारणा नहीं है।

यह सर्वे सिर्फ इस दिशा में संकेत देता है कि आम जनता को महंगाई कैसे महसूस आरबीआई के ताजा सर्वे में सामने आया है कि देश के आम लोग अब खाद्य पदार्थ, गैर-खाद्य वस्तुएं, मकान और सेवाओं की लागत में पहले के मुकाबले महंगाई का असर कुछ कम महसूस कर रहे हैं। हालांकि वर्तमान महंगाई की धारणा थोड़ी बढ़ी है और यह 7.4 प्रतिशत हो गई है, जो पिछले सर्वे की तुलना में 0.2 प्रतिशत अधिक है। साथ ही सर्वे में ये भी बताया गया कि अगले तीन महीनों के लिए लोगों की महंगाई की उम्मीदें 8.3 प्रतिशत से घटकर 8.1 प्रतिशत पर आ गई हैं। वहीं, एक साल आगे की उम्मीदें भी घटकर 8.7 प्रतिशत रह गईं, जो पहले 9.0 प्रतिशत थीं।

# कचरे में खोज लिया खजाना... यह आइडिया कर गया काम

- अब 1 करोड़ का सालाना टर्नओवर
- समस्या देखकर आया आइडिया
- फसल अवशेष प्रबंधन की समस्याओं को समझा

**नई दिल्ली, एजेंसी।**

झारखंड के रांची में चिपरा गांव के सतीश महतो ने जबर्दस्त काम किया है। उन्होंने कचरे में खजाना खोज लिया है। वह कृषि-उद्यमी हैं। सतीश कभी साइकिल पर सब्जियां लादकर कोयल नदी के उथले पानी को पार कर मंडी तक पहुंचाते थे। चार पीढ़ियों से खेती पर निर्भर अपने परिवार के संघर्षों को करीब से देखकर उन्होंने किसानों की बाजार तक पहुंच और फसल अवशेष प्रबंधन की समस्याओं को समझा। इसी अनुभव ने उन्हें 2016 में फीडको एग्रोकार्ट की नींव रखने के लिए प्रेरित किया। यह एक प्लेटफॉर्म है जो न सिर्फ किसानों को बेहतर मूल्य दिलाता है। अलबत्ता, एग्री वेस्ट यानी कृषि कचरे को भी आय के स्रोत में बदलकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नया आयाम दे रहा है। आइए, यहां सतीश महतो की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। किशोर



अवस्था में अपने पिता के साथ 12 किलोमीटर दूर मंडी तक सब्जी पहुंचाने की चुनौतियों को देखने वाले सतीश महतो ने महसूस किया कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल पाता। सप्लाई चेन में बड़ी खामियां हैं। टूरिज्म मैनेजमेंट में स्नातक और आईआईटीटीएम भुवनेश्वर से लॉजिस्टिक्स में एमबीए की पढ़ाई के दौरान उन्हें इन समस्याओं का समाधान मिला। व्यावहारिक ज्ञान के लिए लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में कुछ कंपनियों में काम करने के बाद उन्होंने फीडको एग्रोकार्ट की स्थापना की। यह प्लेटफॉर्म सीमांत किसानों, बागवानी करने वालों और किसान उत्पादक संगठनों को खुदरा विक्रेताओं, सुपरमार्केट और बड़े संस्थागत खरीदारों (जैसे सेना और अस्पताल) से सीधे जोड़ता है। इससे उपज की क्वालिटी और ग्रेडिंग सुनिश्चित होती है। साथ ही किसानों को बेहतर और निरंतर दाम मिलते हैं।

### कचरे से कमाई का मॉडल

सतीश महतो की सबसे बड़ी खूबी उनका फसल अवशेष प्रबंधन पर फोकस करना है। उनका स्टार्टअप हर साल 1,500 टन कृषि कचरे (जैसे स्वीट कॉर्न, मटर, मूंगफली के पत्ते, भूसी) का प्रबंधन करता है। इस अवशेष को पशु आहार, पैकेजिंग सामग्री और यहां तक कि फार्मा उद्योग में भी इस्तेमाल किया जाता है। उदाहरण के लिए स्वीट कॉर्न के रेशे फार्मा उद्योग में और कॉर्न कॉब (डंठल) का इस्तेमाल पशु आहार और पैकेजिंग में होता है। सतीश महतो किसानों को इस कचरे के लिए भुगतान करते हैं। इससे किसानों के खेत जल्दी खाली हो जाते हैं। इस कारण वे साल में चार बार तक फसल उगा पाते हैं। इस मॉडल से अब तक लगभग 7,000 किसान लाभान्वित हुए हैं।

# राहुल, ध्रुव के बाद रवींद्र जडेजा ने भी जड़ा शतक

**जुरेल 125 रन बनाकर आउट, विंडीज की टीम पस्त**



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जा रहा है. आज (3 अक्टूबर) इस मुकाबले का दूसरा दिन है. भारतीय टीम की पहली पारी चल रही है. भारत का स्कोर 430 रन को पार कर चुका है और उसके 5 विकेट गिरे हैं. रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन सुंदर नाबाद बैटर हैं. जुरेल ने अपने करियर का पहला टेस्ट शतक लगाया. वहीं जडेजा भी शतक जड़ चुके हैं. भारत की लीड 260 रनों से ज्यादा की हो चुकी है. इस मुकाबले में वेस्टइंडीज की पहली पारी 162 रनों पर सिमट गई थी. भारत की पहली पारी में यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिए 68 रनों की साझेदारी की. यशस्वी 36 रन बनाकर आउट हो गए. वहीं तीसरे नंबर पर उतरे साई सुदर्शन केवल 7 रन बनाकर चलते बने.

## इससे पहल केएल राहुल ने लगाया 11वां टेस्ट शतक



**अहमदाबाद।** सलामी बल्लेबाज केएल राहुल टेस्ट करियर का 11वां शतक अपने नाम कर चुके हैं। केएल राहुल 197 गेंदों में 100 रन बनाकर आउट हुए। यह सलामी बल्लेबाज अब तक अपनी पारी में 12 चौके लगा चुका है। राहुल का घरेलू मैदान पर एकमात्र अन्य टेस्ट शतक दिसंबर 2016 में चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ आया था।

# 47 साल बाद दोहराया इतिहास

- **सुनील गावस्कर की ऐतिहासिक सूची में शामिल हुए शुभमन गिल**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टेस्ट क्रिकेट का एक नया अध्याय तब लिखा गया, जब शुभमन गिल ने अपने कप्तानी करियर की घरेलू शुरुआत अर्धशतक से की। यह उपलब्धि उन्हें सीधे महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर की ऐतिहासिक सूची में ले आई। गावस्कर ने 1978 में अपने पहले घरेलू टेस्ट में अर्धशतक जमाया था और अब गिल ने 47 साल बाद वही कमाल दोहराया है। हालांकि शतक से चूकने पर उनकी पारी थोड़ी अधूरी रह गई।

### गावस्कर से जुड़ी ऐतिहासिक कड़ी

1978 में सुनील गावस्कर ने वानखेड़े स्टेडियम में वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पहली बार कप्तान बनकर घरेलू टेस्ट में 205 रन बनाए थे। गिल ने जब अपना पचासा लगाया तो यह उपलब्धि सीधे गावस्कर की उस ऐतिहासिक पारी की याद दिला गई। क्रिकेट प्रेमियों ने इसे पीढ़ियों के बीच एक अनोखे पुल की तरह देखा।

### कप्तान के रूप में सुनहरी शुरुआत

भारतीय टीम की कमान संभालते हुए गिल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 91 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। खैरी पियरे की गेंद पर एक रन लेते ही स्टेडियम तालियों से गूंज उठा। यह उपलब्धि सिर्फ रन नहीं बल्कि कप्तान के रूप में आत्मविश्वास और नई जिम्मेदारी के साथ उनके करियर की मजबूत शुरुआत का प्रतीक है।

**वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप**

## मीराबाई चानू ने भारत को दिलाया सिल्वर

**फोर्ड (नॉर्वे)।** भारतीय महिला वेटलिफ्टर मीराबाई चानू ने वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप के 48 किलोग्राम वर्ग में देश को सिल्वर मेडल जिताया है। यह इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में मीराबाई चानू का तीसरा मेडल है। साल 2017 की वर्ल्ड चैंपियन ने दूसरी बार सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। उत्तर कोरिया की री सोंग-गम ने कुल 213 किलोग्राम (91 किलोग्राम + 122 किलोग्राम) भार उठाकर गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कुल भार के साथ-साथ क्लीन एंड जर्क में भी नया वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। थाईलैंड की थान्याथोन सुकचातरोएन के नाम ब्रॉन्ज मेडल रहा, जिन्होंने कुल 198 किलोग्राम (88 किलोग्राम स्नैच + 110 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। ओलंपिक पदक विजेता मीराबाई चानू ने पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद अगस्त में कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग



चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर वापसी की। उन्होंने कुल 199 किलोग्राम (84 किलोग्राम स्नैच + 115 किलोग्राम क्लीन एंड जर्क) भार उठाया। मीराबाई चानू के 87 किलोग्राम वर्ग में दो प्रयास असफल रहे। 84 किलोग्राम वर्ग में पहला प्रयास भी उनके लिए थोड़ा असहज लग रहा था, लेकिन उन्होंने क्लीन एंड जर्क में अपनी लय वापस हासिल की और तीनों प्रयासों में सफल रहीं। क्लीन एंड जर्क में मीराबाई चानू ने 109 किलोग्राम भार उठाने के बाद 112 किलोग्राम और फिर 115 किलोग्राम भार उठाया। 31 वर्षीय मीराबाई चानू ने अनाहेम में 2017 वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था। उन्होंने बोगोटा में साल 2022 में 49 किलोग्राम वर्ग में सिल्वर अपने नाम किया। 11 अक्टूबर तक चलने वाली वर्ल्ड वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 अगले साल होने वाले कॉमनवेल्थ गेम्स के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धाओं में से एक है।

**यूरोप लीग**

## रोमा ने तीन बार पेनल्टी गंवाई, भुगतना पड़ा अंजाम, लिली ने 1-0 से हराया



**रोम, एजेंसी।** रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रोमा ने मैच के आखिर मिनटों में पेनल्टी स्पॉट से लगातार तीन प्रयास गंवा दिए जिससे लिली ने यूरोपा लीग फुटबॉल में इटली की इस क्लब को 1-0 से हरा दिया। रोमा को मुकाबले में बराबरी करने के लिए स्पॉट से तीन मौके दिये गये लेकिन आर्टेम डोवबिक के शुरुआती दो प्रयास पर गोलकीपर बर्क ओजर ने शानदार बचाव किया। रेफरी ने गोल पोस्ट के पास अधिक खिलाड़ियों की मौजूदगी के कारण फिर से पेनल्टी का आदेश दिया। रोमा ने इस बार पेनल्टी लेने के लिए माटियास सोले को चुना लेकिन ओजर ने उनके प्रयास को भी विफल कर दिया।

इससे पहले मैच के छठे मिनट में हाकोन अर्नार हेराल्डसन ने गोल कर फ्रांस की इस टीम का खाता खोला। लिली की यह दो मैचों में लगातार दूसरी जीत है। अन्य मैचों में ब्रागा ने सेल्टिक और रीयाल बेटिस ने लुडोगोरेट्स को एक समान 2-0 से हराया। केरेम अकतुर्कोग्लू के दो गोल की मदद से फेनरबाचे ने नीस पर 2-1 से जीत दर्ज की। गो अहेड ईगल्स ने इसी अंतर से पैनाथिनाइकोस को हराया। टीम के लिए दोनों गोल मिलान स्मिट ने किये। चेक रिपब्लिक क्लब विक्टोरिया प्लजेन ने स्वीडिश क्लब माल्मो पर 3-0 से अपनी पहली जीत दर्ज की।

# जडेजा ने धोनी को पीछे छोड़ा

**टेस्ट में चौथे सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बने**



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने टेस्ट क्रिकेट में एक नई उपलब्धि दर्ज की है। उन्होंने अहमदाबाद में वेस्टइंडीज के खिलाफ मैच के दौरान चार छक्के जड़कर पूर्व कप्तान एमएस धोनी के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। अब जडेजा टेस्ट में भारत के लिए चौथे सबसे ज़्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस प्रदर्शन ने उन्हें भारतीय क्रिकेट के ताबड़तोड़ आक्रामक बल्लेबाजों की सूची में ऊंचा स्थान दिलाया।

### जडेजा का रिकॉर्ड

36 वर्षीय जडेजा ने इस मैच में चार छक्के लगाए और अपने टेस्ट करियर में कुल 79 छक्कों तक पहुंच गए। यह संख्या एमएस धोनी के 78 छक्कों को पार कर गई। जडेजा ने अपनी आक्रामक पारी और निरंतर छक्कों की क्षमता से टीम के लिए दबाव बनाने का काम किया। **भारत में सबसे ज़्यादा छक्के** – भारतीय टेस्ट क्रिकेट में जडेजा से अधिक छक्के केवल तीन बल्लेबाजों ने लगाए हैं- वीरेंद्र सहवाग (91), ऋषभ पंत (90) और रोहित शर्मा (88)। जडेजा ने यह मुकाम अपने आक्रामक बल्लेबाज़ी अंदाज़ और बड़े शॉट खेलने की कुशल तकनीक से हासिल किया।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तुलना

विश्व टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज़्यादा छक्के इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के नाम हैं, जिन्होंने 179 पारियों में 136 छक्के जड़े। इसके बाद ब्रेंडन मैकुलम (107 छक्के) और एडम गिलक्रिस्ट (100 छक्के) का स्थान है। जडेजा का प्रदर्शन उन्हें विश्व स्तर पर भी उल्लेखनीय बनाता है। टेस्ट में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय खिलाड़ी

# भारत 'ए महिला हॉकी टीम पांच मैचों के लिए चीन का दौरा करेगी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत 'ए महिला हॉकी टीम चीन के दौरे पर 13 से 21 अक्टूबर तक लियाओनिंग टीम के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला खेलेगी। ये सभी मुकाबले दालियान के लियाओनिंग स्पोर्ट्स सेंटर में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा भारतीय महिला हॉकी के भविष्य के लिए एक अहम कदम माना जा रहा है, जिसमें उभरती हुई खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय अनुभव और मैच अभ्यास हासिल कर सकेंगी। आठ दिन के इस दौरे पर टीम 13, 15, 17, 19 और 21 अक्टूबर को लियाओनिंग टीम को चुनौती देगी। इस दौरे का लक्ष्य युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों में खुद को परखने और नयी चुनौतियों के लिए तैयार करने का मौका देना है।

अनुभवी डिफेंडर मनीषा चौहान टीम की कमान संभालेंगी जबकि भारतीय महिला हॉकी टीम के विश्लेषणात्मक कोच डेव स्मोलेनार्स इस दौरे के लिए मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। स्मोलेनार्स ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'हमने एक मजबूत और युवा टीम तैयार की है जिसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं।

चीन में होने वाली यह श्रृंखला खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने नए माहौल में सीखने और अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्राप्त करने का शानदार मौका देगी।

### भारत 'ए टीमः

गोलकीपर : बंसारी सोलंकी, माधुरी किंडो

डिफेंडर : मनीषा चौहान, अक्षता अबासो ढेकाले, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी, अंजना डुंगडुंग

मिडफील्डर : सुजाता कुजूर, दीपिका सोरेंग, अजमीना कुजूर, पूजा यादव, बलजीत कौर, दीपी मोनिका टोप्पो

फॉरवर्ड : अलबेला रानी टोप्पो, रितिका सिंह, अन्नू, चंदना जगदीशा, काजल सदाशिव अटपडकर, सेलेस्टिना होरो।



# नो हैंडशेक पार्ट 4...

- **सूर्या की तरह वर्ल्ड कप में पाकिस्तान को आईना दिखाएंगी भारत की बेटियां!**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच महिला वर्ल्ड कप में 5 अक्टूबर को भिडंत होनी है. लेकिन इस मुकाबले में दोनों ही टीमों के बीच मैदान पर माहौल कैसा रहेगा, क्या जो भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने एशिया कप के दौरान ऐसा किया? वही काम हरमनप्रीत कौर एंड कंपनी करती दिखेगी. इस पर कई सवाल हैं. पुरुष टीम ने 3 बार एशिया कप के दौरान हैंडशेक नहीं किया, ऐसे में सवाल है? क्या महिला क्रिकेट टीम नो हैंडशेक पार्ट 4 को वर्ल्ड कप के दौरान कंटीन्यू करेगी. इस बार का एशिया कप 2025 का ऐसे समय में हुआ, जब भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक और कूटनीतिक रिश्ते बेहद तनावपूर्ण हैं. पहलगाम आतंकी हमला और ऑपरेशन 'सिंदूर' के बाद दोनों टीमें पहली बार क्रिकेट के मैदान में आमने-सामने उतरी थीं.

**Football World Cup:**

# 2026 विश्व कप का आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा लॉन्च, तीन देशों की एकता और जुनून का प्रतीक



**ज्यूरिख (स्विट्जरलैंड), एजेंसी।** फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है।

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए आधिकारिक मैच बॉल ट्रियोन्डा का अनावरण कर दिया गया है। यह टूर्नामेंट कनाडा, मैक्सिको और संयुक्त राज्य अमेरिका की मेजबानी में आयोजित होगा और किक-ऑफ में अब केवल नौ महीने का समय बाकी है। फीफा और एडिडास ने मिलकर इस ऐतिहासिक बॉल को तैयार किया है, जो पहली बार तीन देशों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित हो रहे विश्व कप की एकता और जुनून को दर्शाती है। ट्रियोन्डा नाम का अर्थ स्पेनिश भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब है तीन लहरें। यह नाम उन तीन मेजबान देशों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका को मिलाकर इस वर्ल्ड कप की मेजबानी के जश्न को दर्शाता है। फीफा ने कहा कि यह बॉल सिर्फ एक खेल उपकरण नहीं, बल्कि तीनों राष्ट्रों की साझी ताकत और फुटबॉल प्रेम का प्रतीक है।

फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फैन्टिनो ने लॉन्च के दौरान कहा, फीफा वर्ल्ड कप 2026 का आधिकारिक मैच बॉल आ चुका है और यह वाकई शानदार है। एडिडास ने एक और आइकॉनिक बॉल बनाई है, जिसका डिजाइन अगले साल की मेजबान टीमों- कनाडा, मैक्सिको और अमेरिका की एकता और जुनून को प्रतिबिंबित करता है।

# गॉफ का शानदार प्रदर्शन जारी, लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं; लिस को हराया



**बीजिंग, एजेंसी।** गत चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गत चैंपियन कोको गॉफ ने शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए गुरुवार को ईवा लिस को 6-3, 6-4 से हराकर लगातार तीसरे साल चीन ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को बीजिंग में अपनी सर्विस पर परेशानी हुई और उन्होंने ब्रेक-पॉइंट के सात मौके गंवाए। लेकिन अपने करियर का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने की कोशिश कर रही जर्मनी की खिलाड़ी लिस उनमें से केवल तीन को ही भुना पाईं। लिस को फ्रेंच ओपन चैंपियन के खिलाफ पांच बार अपनी सर्विस गंवाना भारी पड़ा। गाफ के सामने सेमीफाइनल में अमांडा अनिसिमोवा या विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज जैसमिन पाओलिनी की चुनौती होगी।

## संक्षिप्त समाचार

### फरीदाबाद में बाकी रह गए लोगों को सितंबर का राशन मिलेगा



**फरीदाबाद, एजेंसी।** फरीदाबाद जिले में सितंबर का राशन लेने से वंचित रह गए लोगों के लिए राहत की खबर है। वे अब आठ अक्तूबर तक अपने डिपो से राशन ले सकेंगे। इसे लेकर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आदेश जारी किए गए हैं। जिले में करीब साढे तीन लाख राशन कार्ड धारक हैं, जिन्हें हर महीने सरकारी डिपो के माध्यम से राशन वितरणकिया जाता है। सितंबर माह में राशन वितरण के दौरान अनेक कार्ड धारक राशन लेने से रह गए।इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों की बढ़ती समस्या को देखते हुए विभाग ने सितंबर के आवंटित गेहूं, चीनी और फोर्टिफाईड सरसों तेल के वितरण की अंतिम तिथि बढ़ाकर आठ अक्तूबर कर दी है। जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक अदित्या कौशिक ने कहा कि राशन वितरण की अवधि बढ़ाने का उद्देश्य जरूरतमंद परिवार सरकारी योजना के तहत मिलने वाले खाद्यान्न से वंचित न रह जाए।

### मराठा आरक्षण पर अपनी ही सरकार के विरोध में पंकजा मुंजे

**बीड़ , एजेंसी।** महाराष्ट्र सरकार में मंत्री पंकजा मुंडे मराठा आरक्षण को लेकर अपनी ही सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करवाती नजर आ रही हैं। गुरुवार को उन्होंने मराठों को सरकारी नौकरियों और एडमिशन के समय दिए जाने वाले आरक्षण का समर्थन किया। हालांकि उन्होंने कहा कि मराठों को यह आरक्षण ओबीसी जाति से छीनकर नहीं दिया जाना चाहिए, क्योंकि इस समुदाय के लोग पहले से ही भूख से जूझ रहे हैं। बीड़ जिले के सावरगांव घाट में दशहरा के अवसर पर आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए पंकजा ने कहा कि लोगों को जातिवाद के राक्षस को नष्ट करने की जरूरत है। उन्होंने कहा, ÷गोपीनाथ मुंडे ने मराठा आरक्षण का समर्थन किया था और हम भी इसके पक्ष में हैं लेकिन इसे हमारी थाली से मत छीनिए। मेरा समुदाय आज भी भूख से जूझ रहा है। लोगों का संघर्ष देखने के बाद मेरी नींद उड़ गई है।÷ उन्होंने कहा, ÷मैंने कभी भी उन लोगों की जाति पर ध्यान नहीं दिया, जिनके लिए मैंने चुनाव प्रचार किया। मैंने इसे नजर अंदाज किया और हमेशा मानवता को महत्व दिया।जरांगे के मुंबई में 29 अगस्त से पांच दिन तक अनशन करने के बाद महाराष्ट्र सरकार ने दो सितंबर को एक सरकारी आदेश जारी किया गया था। इसके तहत मराठा समुदाय के पात्र सदस्य कुनबी जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन कर सकेंगे। इससे प्रमाण पत्र जारी होने के बाद उक्त सदस्य ओबीसी श्रेणी के तहत आरक्षण का दावा कर पाएंगे। हालांकि, इसे लेकर ओबीसी समुदाय के सदस्यों में नाराजगी फैल गई है, जो मराठों को ओबीसी श्रेणी में शामिल किए जाने का विरोध कर रहे हैं।

# सीएम स्टालिन के आवास से लेकर भाजपा कार्यालय तक

## बम से उड़ाने की धमकी; जांच में जुटी पुलिस

**चेन्नई , एजेंसी।**
तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में गुरुवार को एक के बाद एक बम धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर ला दिया। राज्य के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के अलवरपेट स्थित निजी आवास को निशाना बनाते हुए एक अज्ञात ईमेल से बम विस्फोट की धमकी भेजी गई, जिसके बाद पुलिस और बम-निरोधक दस्ते ने पूरे इलाके की तलाशी ली। इसी तरह, राज्य बीजेपी मुख्यालय (टी नगर) और दक्षिण भारतीय अभिनेत्री तृशा के तेयनम्पेट स्थित घर को भी धमकी मिली। धमकी में चेन्नई राज भवन को भी निशाना बनाया गया। पुलिस ने सभी स्थलों पर तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।


यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब बीते एक महीने में मुख्यमंत्री स्टालिन को लगातार कई बार धमकी मिल चुकी है। 15 अगस्त को ध्वजारोहण समारोह से पहले भी उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी गई थी। उस मामले में एक व्यक्ति गणेश को गिरफ्तार किया गया था। जुलाई में भी चेन्नई पुलिस नियंत्रण कक्ष को एक कॉल मिली थी, जिसमें फोन करने वाले विनोथकुमार ने दावा किया था कि सीएम आवास पर बम लगाया गया है। हालांकि, वह धमकी भी झूठी निकली। 2024 में भी स्टालिन को लेकर



बड़ा हड़कंप मचा था, जब उनके अमेरिका जाने वाले विमान पर बम की ईमेल धमकी आई थी। चेन्नई एयरपोर्ट पर कड़ी जांच के बाद उस मामले को भी फर्जी घोषित किया गया। अगस्त 2023 में एक युवक को सीएम आवास पर बम लगाने की झूठी धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

# ग्रेटर नोएडा और फरीदाबाद को जोड़ने के लिए बनेगा पुल

- 4 लेन सड़क भी बनेगी
- कंपनी को चयनित करने की प्रक्रिया जारी है



**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा को फरीदाबाद से जोड़ने के लिए अगले महीने काम शुरू हो जाएगा। गौतमुद्ध नगर की सीमा में मंझावली पुल तक 1.7 किलोमीटर की नई सड़क बनेगी। साथ ही, शहर के अंदर करीब पांच किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण कर चार लेन का बनाया जाएगा। इसके लिए कंपनी को चयनित करने की प्रक्रिया जारी है। अधिकारी ने बताया कि हरियाणा की सीमा में मंझावली गांव के सामने यमुना पर ग्रेटर नोएडा जाने के लिए पुल तैयार है, लेकिन ग्रेटर नोएडा के अट्टा गुजरान गांव से सड़क का निर्माण कार्य पूरा न होने के चलते यातायात नहीं हो पा रहा है। मंझावली पुल को ग्रेटर नोएडा से जोड़ने के लिए कुल 4.99 किलोमीटर की सड़क बननी है। इसमें करीब 1.7 किलोमीटर नई सड़क बनेगी, जो मंझावली पुल से सीधी जुड़ेगी। शेष 3.29 किलोमीटर की सड़क पहले से ही बनी हुई है। पूरी सड़क को चार लेन बनाने के लिए चौड़ीकरण किया जाना है। पीडब्ल्यूडी को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। उत्तर प्रदेश शासन की ओर से सड़क निर्माण और चौड़ीकरण के लिए अगस्त में 65.50 करोड़ के बजट पास किया जा चुका है। वहीं, सड़क के लिए चार गांवों की कुल 6.888 हेक्टेयर जमीन ली गई है। पीडब्ल्यूडी की अधिशासी अधिकारी कंचन का कहना है कि सड़क निर्माण का काम अगले महीने तक शुरू हो जाएगा, इसके लिए बजट और जमीन मिल चुकी है। अब कंपनी के चयन की प्रक्रिया जारी है। सड़क बनने से लोगों की राह आसान होगी। ग्रेटर नोएडा-नोएडा से फरीदाबाद को जोड़ने के लिए यमुना पर मंझावली में पुल के साथ सड़क बनाने का कार्य पूरा कर लिया गया। अब केवल उद्घाटन का इंतजार है। ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सड़क बनने के बाद पुल को लोगों की आवाजाही के लिए पूरी तरह खोल दिया जाएगा।

### हरियाणा में बच्चों को फंदे से लटका बाप ने की खुदकुशी

**बल्लभगढ़, , एजेंसी।** बल्लभगढ़ के गांव नेकपुर में गुरुवार देर रात एक पिता ने अपने तीन बच्चों संग फंदा लगा लिया। पिता और 12 साल की बेटी की मौत हो गई, जबकि बेटा और दूसरी बेटी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हैं। कारण घरेलू कलह बताया जा रहा है। पत्नी से अनबन और पुलिस की कार्रवाई को लेकर पिता ने यह कदम उठाया। पुलिस के मुताबिक गांव नेकपुर के 30 वर्षीय कर्मवीर ने देर रात तीनों बच्चों संग आत्महत्या का प्रयास किया। इसमें पिता और 12 साल की बेटी की मौत हो गई। दो बच्चे गंभीर हालत में सर्वोदय अस्पताल में इलाजरत हैं। बताया जा रहा है कि कर्मवीर और उसकी पत्नी में लंबे समय से झगड़ा चल रहा था। पत्नी मायके चली गई थी और छह दिन पहले ही लौटी थी। इसी दौरान मारपीट की घटना हुई और पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी। शिकायत के बाद पुलिस घर पहुंची थी। पुलिस की कार्रवाई और धमकी से कर्मवीर डर गया।

# असम पुलिस ने गायक और एक म्यूजिशियन को किया गिरफ्तार

**गुवाहाटी , एजेंसी।**
असम पुलिस ने गुरुवार को मशहूर गायक जुबिन गर्ग की मौत मामले में संगीतकार शक्हरज्योति गोस्वामी और गायिका अमृतप्रभा महांता को गिरफ्तार किया। दोनों सिंगापुर में उस यॉट पार्टी में मौजूद थे जहां 19 सितंबर को गर्ग की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के दौरान कुछ सबूत हाथ लगे, जिसके बाद दोनों को हिरासत में लिया गया। घटना के वीडियो फुटेज में गोस्वामी जुबिन के बेहद पास तैरते दिखाई दिए, जबकि अमृतप्रभा ने पूरी घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया था। इससे पहले जुबिन गर्ग के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और नॉर्थईस्ट



इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकानु महांता को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने अब उन पर हत्या (धारा 103, भारतीय दंड संहिता) का आरोप भी जोड़ दिया है। दोनों को गुवाहाटी लाकर कोर्ट ने 14 दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। सीआईडी के स्पेशल डीजीपी मुन्ना प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जांच जारी है और हत्या की धारा जोड़ने का निर्णय सबूतों के आधार पर लिया गया।

### दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट का इंतजार

जुबिन गर्ग का पहला पोस्टमॉर्टम सिंगापुर में हुआ था। वहां की रिपोर्ट जल्द ही परिवार को सौंपी जाएगी। विसरा रिपोर्ट दिल्ली की सेंट्रल फॉरेंसिक लैब से आने के बाद ही सार्वजनिक होगी। सीआईडी की नौ सदस्यीय विशेष जांच टीम इस मामले की पड़ताल कर रही है। गुप्ता ने बताया कि टीम जल्द ही सिंगापुर जाएगी और इसके लिए भारत सरकार ने एमएलएटी के तहत औपचारिक अनुरोध भेजा है।

# कौन हैं आईपीएस योगेश गुप्ता, जिनके केस में केरल सरकार को लगा झटका

- 4 साल में 8 बार हो चुका है ट्रांसफर
- नेताओं की भी खोल दी थी फाइल

**तिरुअनंतपुरम , एजेंसी।**
केरल कैडर के 1993 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी योगेश गुप्ता का तबादला अक्सर सुर्खियों में रहता है। हाल ही में केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (सीएटी) की कोच्चि पीठ ने केरल सरकार को बड़ा झटका देते हुए राज्य के मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि वे आईपीएस अधिकारी योगेश गुप्ता की विजिलेंस रिपोर्ट पांच दिनों के भीतर केंद्र सरकार को भेजें। 1993 बैच के केरल कैडर के अधिकारी गुप्ता पिछले कुछ वर्षों से राज्य सरकार के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं ताकि उनका नाम केंद्रीय प्रतिनियुक्ति रिज़र्व (सीडीआर) पदों के लिए विचाराधीन हो सके। सीएटी ने कहा कि गृह मंत्रालय के बार-बार लिखे गए पत्रों का राज्य सरकार द्वारा जवाब न देना किसी भी तरह से न्यायसंगत नहीं है। योगेश गुप्ता को पिछले चार सालों में आठ बार ट्रांसफर किया गया है। हाल ही में उन्हें फायर एंड रेस्क्यू सर्विस से हटाकर रोड सेफ्टी कमिश्नर बना दिया गया। वे पूर्व में सतर्कता और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (वीएसीबी) के निदेशक रहे, जहां उनकी कई कार्रवाइयां सरकार को असुविधाजनक लगीं।

**केंद्र ने मांगी थी रिपोर्ट, राज्य ने रोका:** अप्रैल 2024 में केंद्र सरकार ने योगेश गुप्ता को सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसे शीर्ष पदों पर विचार करने के लिए उनका प्रोफाइल और विजिलेंस रिपोर्ट मांगी थी। राज्य पुलिस प्रमुख ने मई में रिपोर्ट मुख्य सचिव को सौंप दी थी, लेकिन इसे गृह मंत्रालय को नहीं



भेजा गया। इसके बावजूद, राज्य सरकार ने हाल ही में पुलिस प्रमुख के पद के लिए यूपीएससी को योगेश गुप्ता का विजिलेंस क्लियरेंस भेजा था। योगेश गुप्ता पर आरोप है कि वीएसीबी प्रमुख रहते हुए उन्होंने कुछ शिकायतों पर जांच शुरू की और कुछ मामलों में सरकार से मंजूरी लिए बिना अफसरों पर कार्रवाई का आदेश दिया। योगेश गुप्ता ने सीएटी को बताया कि ये सभी जांचें अदालतों के आदेश पर शुरू की गई थीं। हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव डॉ. के एम अब्राहम के खिलाफ सीबीआई जांच का आदेश दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने रोक दिया। उस दौरान वीएसीबी ने केस से जुड़े फाइलें साझा की थीं। इसके अलावा, योगेश गुप्ता ने नेता पी. पी. दिव्या के खिलाफ भी जांच शुरू करवाई थी, जिन्हें पिछले साल एक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट की आत्महत्या मामले में घेरा गया था।

### केरल सरकार पर सवाल

राज्य सरकार ने सीएटी से कहा कि योगेश गुप्ता पर एक विजिलेंस जांच लंबित है। लेकिन न्यायाधिकरण ने कहा कि जांच लंबित होना रिपोर्ट न भेजने का कारण नहीं हो सकता है। आदेश में कहा गया, 卐रिकॉर्ड में ऐसा कोई तथ्य या वैध आधार नहीं है जिससे रिपोर्ट न भेजने को सही ठहराया जा सके।

### अमेरिका में तेजी बढ़ रहा कोरोना का नया एक्सएफजी वैरिएंट

**वाशिंगटन एजेंसी।** कोविड-19 महामारी ने हाल के वर्षों में वैश्विक स्तर पर व्यापक तबाही मचाई थी। समय के साथ टीकाकरण और उपचार ने स्थिति में कुछ राहत प्रदान की, लेकिन वायरस का बदलता स्वरूप अभी भी चिंता का विषय बना हुआ है। अब कोरोना का नया एक्सएफजी वैरिएंट सामने आया है, जिसे स्ट्रेटस भी कहा जा रहा है। इससे लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में कोरोना के नए वैरिएंट के कई मामले सामने आए हैं। अमेरिका में यह ऐसे समय में आया है जब सर्दी जुकाम के मामले सबसे अधिक सामने आते हैं। अमेरिकी रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने 20 सितंबर 2025 तक कोविड गतिविधि को मध्यम स्तर का मूल्यांकन किया था, लेकिन नेवाडा, यूटा, कनेक्टिकट और डेलावेयर सहित 19 राज्यों में वायरस के उच्च या बहुत उच्च स्तर की रिपोर्टें आ रही हैं। स्ट्रेटस, जनवरी 2025 में दक्षिण-पूर्व एशिया में पहली बार देखा गया था और अब अमेरिका तक फैल चुका है।

# हमलों से डरा कनाडा का थिएटर, 'कांतारा' सहित कई भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग रद्द

**ओंटारियो, एजेंसी।**
कनाडा के ओंटारियो प्रांत के ओकविल शहर में स्थित फिल्म.सीए सिनेमाज ने हाल ही में अपने परिसर में हुई दो हिंसक घटनाओं के बाद भारतीय फिल्मों की स्क्रीनिंग अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दी है। सिनेमा मैनेजमेंट का कहना है कि यह निर्णय दर्शकों और कर्मचारियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लिया गया है।

सिनेमा हॉल के सीईओ जेफ नॉल ने एक बयान जारी कर कहा, ÷हम समझते हैं कि हमारे कई मेहमान इन फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। हमें इस असुविधा और निराशा के लिए खेद है, लेकिन स्टाफ और दर्शकों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता




है।÷ नॉल ने यह भी कहा कि चूंकि घटनाएं देर रात के समय हुई हैं, इसलिए ऐसा प्रतीत होता है कि हमलावरों का उद्देश्य संपत्ति को नुकसान पहुंचाकर थिएटर को बंद करने के लिए मजबूर करना है। पहली घटना 25 सितंबर की सुबह हुई, जब दो नकाबपोश हमलावर गैस कैन लेकर सिनेमा के मुख्य द्वार पर पहुंचे और आग लगा दी। यह घटना तड़के लगभग 5ः20 बजे की है। पुलिस के मुताबिक आग को समय रहते बुझा लिया गया, जिससे नुकसान सीमित रहा। सीसीटीवी फुटेज में हमलावर एक सफेद एसयूवी में आते दिखाई दिए, जबकि उसी रात एक ग्रे रंग की एसयूवी को पार्किंग क्षेत्र के आसपास कई बार घूमते देखा गया।

दूसरी घटना 2 अक्टूबर को रात करीब 1:50 बजे हुई, जब एक अज्ञात हमलावर ने सिनेमा के दरवाजों पर कई गोलियां चलाई और मौके से फरार हो गया। सौभाग्य से, दोनों घटनाओं के समय सिनेमा हॉल के अंदर कोई मौजूद नहीं था और किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

### खतरे में है शांति की नींव, मानवाधिकार तार-तार; यूएन चीफ ने महात्मा गांधी को किया याद

**संयुक्त राष्ट्र एजेंसी।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने वैश्विक समुदाय से आपसी मतभेदों को दूर करने और कूटनीति को आगे बढ़ाने के लिए महात्मा गांधी के दिखाए मार्ग का अनुसरण करने का आह्वान करते हुए कहा कि दुनिया में इस समय बढ़ते तनाव के बीच गांधी का शांति का संदेश नए सिरे से प्रासंगिक हो गया है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख का संदेश गुरुवार को यहां संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन द्वारा आयोजित एक विशेष स्मृति कार्यक्रम के दौरान दिया गया। यह कार्यक्रम दो अक्टूबर को महात्मा गांधी की जयंती पर आयोजित किया गया था। गांधी जयंती को अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस के रूप में मनाया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने अपने विशेष संदेश में कहा कि आज दुनिया 'हमारी साझा मानवता के चिंताजनक' क्षरण का गवाह बन रही है। गुतारेस ने कहा, 'इस अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर हम महात्मा गांधी के जीवन एवं उनकी विरासत और सभी के लिए शांति, सत्य एवं सम्मान के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता का सम्मान करते हैं। गांधीजी ने न केवल इन आदर्शों की बात की बल्कि उन्हें जिया भी। बढ़ते तनाव और गहराते विभाजन के इस दौर में उनका संदेश नए सिरे से प्रासंगिक है।' आम नागरिक संघर्ष का खामियाजा भुगत रहे हैं, अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन हो रहा है, मानवाधिकारों का हनन हो रहा है और शांति की नींव खतरे में है।' गुतारेस ने कहा कि गांधी जी का मानना था कि अहिंसा कमजोरों का हथियार नहीं, बल्कि साहसी लोगों की ताकत है।

### इस्लामाबाद प्रेस क्लब में घुसी पुलिस, कैमरे तोड़े और पत्रकारों को पीटा


**इस्लामाबाद एजेंसी।** पाकिस्तान पत्रकार संघ की ओर से आज ब्लैक डे मनाया जा रहा है। गुरुवार को इस्लामाबाद नेशनल प्रेस क्लब में पत्रकारों पर हमले के बाद यह कदम उठाया गया। पाकिस्तान फेडरल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के अध्यक्ष अफजल बट ने कहा, पत्रकार इस समय बेहद गुस्से में हैं। देश भर के सभी प्रेस क्लब इस कृत्य की निंदा में काले झंडे फहराएंगे। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान अधिकृत जम्मू और कश्मीर के प्रेस क्लब में भी प्रदर्शन हो रहा है। पीओजेके में विरोध प्रदर्शन यह लगातार छठा दिन है। पत्रकार यूनियनों ने शुक्रवार को ब्लैक डे घोषित किया, जिसमें कहा गया कि यह मीडिया स्वतंत्रता पर सीधा हमला था। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में लाठी लिए पुलिसकर्मियों को पत्रकारों को घसीटते, कैमरे तोड़ते और एनपीसी कैफेटेरिया में कर्मचारियों पर हमला करते दिखाया गया। वीडियो में दिख रहा है कि एक फोटो पत्रकार की शर्ट फटी हुई है और उसका कैमरा तोड़ दिया गया है।

# हॉस्पिटल नहीं और वर्ल्ड कप पर 10 अरब डॉलर फूंक रहे, 3 की मौत

### अब मोरक्को में जेन जी का गुस्सा भड़का

**रबात, एजेंसी।**
उत्तरी अफ्रीकी देश मोरक्को में स्वास्थ्य और शिक्षा सुधारों की मांग को लेकर भड़का जेन जी आंदोलन हिंसक हो गया। राजधानी रबात में प्रदर्शनकारियों ने बैंक फूंक दी। कई दुकानों-गाड़ियों में तोड़फोड़ की। आगादिर शहर में पुलिस की गोली से 3 युवाओं की मौत हो गई। वहीं एक हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए। 354 लोग घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर सुरक्षाकर्मी हैं। मंत्रालय के मुताबिक, लगभग 70 प्रदर्शनकारी नाबालिग थे।

मोरक्को की सरकार 2030 फीफा वर्ल्ड कप और अफ्रीका कप ऑफ नेशंस के लिए 10 अरब डॉलर (करीब 8.8

लाख करोड़ रुपए) खर्च कर रही है। जबकि देश में सरकारी अस्पतालों में सुविधाओं की भारी कमी है।

सीएनएन के मुताबिक युवाओं के नेतृत्व वाले इस विरोध आंदोलन को जेन जी 212 कहा जा रहा है। 212 मोरक्को के इंटरनेशनल टेलीफोन डायलिंग कोड है। विदेश से मोरक्को में किसी को कॉल करने पर नंबर के पहले +212 लगाते हैं। नेपाल की तरह भी मोरक्को में भी विरोध प्रदर्शन करने वाले युवाओं का कोई लीडर नहीं है। लोग सोशल मीडिया के जरिए से रैली कर रहे हैं। मोरक्को में बेरोजगारी दर 12.8 है, जिसमें युवा बेरोज़गारी 35.8 और स्नातकों में 19 तक पहुंच गई है। मोरक्को में 1430 लोगों पर एक डॉक्टर है, जो दुनिया के औसत (590) से ढाई गुना कम है। आगादिर के हसन-2 हॉस्पिटल में 8 महिलाओं मौत हो गई। इसे 'डेथ हॉस्पिटल' कहा जा रहा है। यह आंदोलन सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे टिकटॉक और डिस्कॉर्ड पर शुरू हुआ था। पिछले रविवार को प्रदर्शनकारियों की गिरफ्तारी के बाद इसे और समर्थन मिलने लगा। गिरफ्तार हुए लोगों में मोरक्को के स्टार गोलकीपर यासीन बौनू और प्रसिद्ध रैपर एल ग्रांडे टोटो भी शामिल हैं। इसके बाद बुधवार को हिंसक प्रदर्शन तेज हो गए। वाणिज्यिक शहर कैसाब्लांका और बंदरगाह शहर टैंजियर में भी विरोध प्रदर्शन हुए। स्थानीय मीडिया ने बताया कि पर्यटन केंद्र माराकेश में भी हिंसा हुई और प्रदर्शनकारियों ने एक पुलिस स्टेशन को आग लगा दी। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता रशीद अल खल्फी ने बताया कि अशांति के बाद पूरे मोरक्को में 409 लोगों को हिरासत में लिया गया। 260 से ज़्यादा पुलिस अधिकारी और 20 प्रदर्शनकारी घायल हुए, और 40 पुलिस वाहनों और 20 निजी कारों को आग लगा दी गई। यह विद्रोह नेपाल, इंडोनेशिया, फिलीपींस और मेडागास्कर में पिछले महीने युवाओं के नेतृत्व में हुए बड़े प्रदर्शनों के बाद हुआ है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129